26 जुलाई, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 276

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


जेपीएससी
रिजल्ट-संघर्ष और
उम्मीद की जीत




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम रिजल्ट जारी

# झारखंड को मिले 342 अफसर, आशीष अक्षत टॉपर

## इंटरव्यू के लिए बुलाये गये थे 864 अभ्यर्थी, टॉप 10 में आठ पुरुष अभ्यर्थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में कुल 342 उम्मीदवार विभिन्न प्रशासनिक पदों पर चयनित किये गये हैं। आशीष अक्षत ने टॉप कर पहला स्थान हासिल किया है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

**आवेदन फरवरी 2024 में लिया गया था:** सिविल सेवा परीक्षा 2023 की प्रक्रिया काफी लंबी रही। 27 जनवरी 2024 को विज्ञापन निकला, 17 मार्च 2024 को प्रारंभिक परीक्षा, फिर मेंस की परीक्षा हुई। इसके बाद इंटरव्यू हुआ। जेपीएससी ने कुल 342 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये थे। इनमें डिप्टी कलेक्टर के 207 पद और डीएसपी के 35 पद शामिल थे। प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के बाद सफल हुए 864 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। इसके बाद मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर 342 चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी की गयी है। अब इन सफल उम्मीदवारों को प्रशिक्षण और सेवा में योगदान के लिए बुलाया जायेगा। ये युवा अधिकारी आने वाले समय में झारखंड के प्रशासनिक तंत्र को नयी दिशा देंगे।

**भर्ती प्रक्रिया में दी गयी थी सात साल की छूट:** सिविल सेवा परीक्षा 2023 की भर्ती प्रक्रिया में उम्मीदवारों को आयु सीमा में सात साल की छूट भी दी गयी थी। इनमें अनारक्षित 155 पद, अनुसूचित जनजाति के लिए 88 पद, अनुसूचित जाति के लिए 31, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 15, पिछड़ा वर्ग के लिए 24 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 29 पद थे।




### राज्य प्रशासनिक और पुलिस सेवा में होगी नियुक्ति

इस बार टॉप करने वाले आशीष अक्षत पहले स्थान पर, अभय कुमार दूसरे और रवि रंजन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। इस परीक्षा के जरिये राज्य प्रशासनिक के अलावा पुलिस, वित्त, श्रम, उत्पाद, योजना और सामाजिक सुरक्षा विभागों में कुल 342 पदों पर नियुक्ति की जायेगी। आयोग ने बताया कि चयन पूरी तरह से योग्यता और आरक्षण नियमों के अनुसार किया गया है।

### टॉप 10 सफल उम्मीदवार

- आशीष अक्षत
- अभय कुमार
- रवि रंजन कुमार
- गौतम गौरव
- श्वेता
- राहुल कुमार विश्वकर्मा
- रोबिन कुमार
- संदीप प्रकाश
- स्वाति केशरी
- राजीव रंजन

### धनबाद के रहनेवाले हैं टॉपर आशीष अक्षत



धनबाद (आजाद सिपाही)। जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में आशीष अक्षत ने टॉप किया है। उनका चयन डीएसपी पद के लिए हुआ है। आशीष अक्षत मूल रूप से धनबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने डीनोबिली स्कूल धनबाद से अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद उन्होंने एनआइटी जमशेदपुर से पढ़ाई की। इसके बाद वे दिल्ली चले गये। वहीं सिविल सेवा की तैयारी कर रहे थे। वर्तमान में भी वे दिल्ली में हैं। रिज्लट की जानकारी मिलने के बाद उनके साथ-साथ उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है।


SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN





Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815


## भारत-मालदीव संबंधों पर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# 'हमारे लिए हमेशा दोस्ती पहले आती है'


**मालदीव को 4,850 करोड़ रुपये कर्ज देगा भारत**

एजेंसी

**माले।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय के दौरे पर मालदीव पहुंचे। मोदी का माले के वेलाना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शानदार स्वागत किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। भारत ने प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा के दौरान नये समझौता ज्ञापन के तहत मालदीव को 4,850 करोड़ की लोन सहायता प्रदान की है।

संयुक्त प्रेस वार्त को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सबसे पहले मैं भारत की जनता की ओर से मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रपति और वहां की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं। इस वर्ष भारत और मालदीव अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं, लेकिन हमारे संबंधों की जड़ें समुद्र जितनी गहरी हैं। आज जारी किये गये स्मारक डाक टिकटों में दोनों देशों की पारंपरिक नौकाओं को प्रदर्शित किया गया है। हमारे लिए हमेशा दोस्ती पहले आती है।

**ऋण का उपयोग प्रमुख क्षेत्रों में किया जायेगा: मुइज्जू :** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा दो महत्वपूर्ण अवसरों के साथ हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी और मुझे कई प्रमुख क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों और तीन समझौतों पर हस्ताक्षर होते देखने का सम्मान प्राप्त हुआ।



### हर संकट में भारत ने मालदीव का साथ दिया

मोदी ने कहा कि भारत की पड़ोसी पहले नीति और महासागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। भारत को मालदीव का सबसे भरोसेमंद दोस्त होने पर गर्व है। चाहे संकट हो या महामारी, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता हो या कोविड के बाद अर्थव्यवस्था को संभालना हो, भारत ने हमेशा साथ मिलकर काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान हमने व्यापक आर्थिक और समुद्री साझेदारी पर एक दृष्टिकोण साझा किया था। अब यह एक वास्तविकता बन रहा है।

### दोनों देशों के बीच हुए समझौते

- 4,850 करोड़ रुपये की ऋण रेखा (लाइन ऑफ क्रेडिट) का विस्तार।
- भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित ऋणों की वार्षिक पुर्नभुगतान बाध्यता में छूट।
- भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (आइएमएफटीए) पर वार्ता की शुरुआत।
- भारत-मालदीव राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ पर संयुक्त डाक टिकट जारी की।
- हुलहुमाले में 3300 सामाजिक आवास इकाइयों का हस्तांतरण ।
- अड्डू शहर में सड़क और जल निकासी प्रणाली परियोजना का उद्घाटन।
- मालदीव में 6 हाई-इम्पैक्ट सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन।
- भारत ने मालदीव को 72 वाहनों और अन्य उपकरणों का सौंपा।
- कोप-33 की मेजबानी के लिए मालदीव ने भारत का किया समर्थन।

# हजारीबागः स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा खंडित, लोगों में आक्रोश

**सिदो-कान्हू और केबी सहाय की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त**

**नाराज लोगों ने सड़क पर उतर किया विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर में स्थापित तीन महापुरुषों की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किये जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना शुक्रवार देर रात की बतायी जा रही है। पहली घटना शहर के सिदो-कान्हू चौक की है, जहां स्वतंत्रता सेनानी सिदो और कान्हू की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं, दूसरी घटना संत कोलंबस कॉलेज के समीप केबी सहाय पार्क की है, जहां संयुक्त बिहार-झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ सहाय की प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**स्थानीय लोगों ने सड़क जाम की:** कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, कांग्रेस प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, संजय तिवारी, जदयू नेता राकेश ठाकुर, चंद्रमोहन पटेल, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकरण पांडे, समाजसेवी भैया अभिमन्यु प्रसाद, सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, दिनेश सिंह राठौर समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह हमारी विरासत और सम्मान पर हमला है। वहीं पीडब्ल्यूडी चौक पर सिदो-कान्हू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने पर आदिवासी समाज ने तीर-धनुष के साथ जम कर विरोध किया। वे नारेबाजी करते हुए सड़क पर बैठ गये। आदिवासी समाज के नेता रमेश हेंब्रम, महेंद्र बेक, झामुमो केंद्रीय नेता सुनील शर्मा ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करना कुत्सित मानसिकता को दिखलाता है। प्रशासन जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करे और शहर में लगे सभी महापुरुषों की प्रतिमा को सुरक्षा दे।






### प्रशासन ने दिया आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन

मामले की जानकारी पाकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कामति, सीओ मयंक भूषण, सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह पहुंचे। सदर एसडीओ बैजनाथ कामती ने कहा कि यह गंभीर मामला है, जिला प्रशासन जांच कर रहा है और जल्द ही दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि खंडित प्रतिमाओं को पुनः स्थापित किया जायेगा और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ायी जायेगी।


Euro Kids
Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत





ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348


## न्यूज रील्स

### राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरी सात बच्चों की मौत

अकलेरा (झालावाड़)। राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गयी है, वहीं 28 घायलों में से 9 की हालत गंभीर हैं। मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, तभी कमरे की छत ढह गयी और 35 बच्चे दब गये थे। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार पांच बच्चों की मौत मौके पर ही हो गयी थी, वहीं दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है। हादसे के बाद से ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि लगातार बारिश से बिल्डिंग जर्जर हो गयी थी, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया।

# उल्लू-ऑल्ट समेत 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन

## अश्लील कंटेंट दिखाने को लेकर हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अश्लील कंटेंट प्रसारित करने वाले 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। सरकार का कहना है कि ये एप्स एंटरटेनमेंट के नाम पर अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो पेश कर रहे थे। सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (आइएसपी) को इन ओटीटी एप्स-वेबसाइट्स को ब्लॉक करने को कहा है। बैन एप्स में ऑल्ट, उल्लू, देसी फ्लिक्स जैसे फेमस प्लेटफॉर्म भी हैं। अल्ट एप को अप्रैल 2017 में फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लांच किया था। वहीं उल्लू एप को आइआइटीकानपुर से ग्रेजुएट विभु अग्रवाल ने 2018 में बनाया था। इससे पहले मार्च 2024 में सरकार ने अश्लील कंटेंट को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया था। साथ ही 19 वेबसाइट्स, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स भी ब्लॉक कर दिये थे। चार कानूनों के तहत ओटीटी एप्स पर बैन किये गये हैं। 2020 के लॉकडाउन में जब ओटीटी प्लेटफॉम को बढ़ावा दिया गया, उसी दौरान ये एप आये थे और अश्लील कंटेंट ज्यादा प्रसारित होने लगा।

### भारत ने ड्रोन से किया मिसाइल टेस्ट



कुरनूल। भारत अपनी रक्षा के मामले में लगातार आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ड्रोन से दागी जाने वाली एक मिसाइल का सफल परीक्षण पूरा कर लिया है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ की ओर से किये गये इस सफल परीक्षण के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने अपने अकाउंट पर ट्वीट कर के बताया कि भारत की रक्षा क्षमताओं को एक बड़ी मजबूती, डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में स्थित नेशनल ओपन एरिया रेंज में ड्रोन से दागे जाने वाली सटीक मारक क्षमता वाली (प्रिसिजन गाइडेड) मिसाइल यूएलपीजीएम-वी3 का सफल परीक्षण किया।

# मोदी की सिर्फ शो-बाजी, उनमें दम नहीं: राहुल

**दिल्ली में कांग्रेस ओबीसी सेल ने 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' का किया आयोजन**

**राहुल, खड़गे समेत कई वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को कांग्रेस के ओबीसी सेल ने 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' का आयोजन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर आलोचना की। राहुल ने भाषण के दौरान पार्टी के सदस्यों से पूछा कि आपको पता है, राजनीति में सबसे बड़ी प्रॉब्लम क्या है। कार्यकर्ताओं ने जवाब दिया, 'पीएम मोदी।' इस पर राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी कोई बड़ी प्रॉब्लम नहीं हैं। मैं उनसे दो-तीन बार मिल चुका हूं। उनकी सिर्फ शो-बाजी हैं। उनमें दम नहीं है। उन्हें लोगों ने सिर पर चढ़ा रखा है। भागीदारी न्याय सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस नेता सचिन पायलट सहित अलग-अलग राज्यों से पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

**कांग्रेस शासित राज्यों में जाति जनगणना की घोषणा:** राहुल ने कांग्रेस शासित राज्यों में जाति जनगणना कराने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेरे काम में एक कमी रह गयी। मुझे ओबीसी वर्ग की जिस तरह से रक्षा करनी थी, मैंने नहीं की। 10-15 साल पहले मुझे ओबीसी के मुद्दे गहराई से नहीं समझ आये थे। अगर मुझे पता होता तो मैं उसी वक्त जातिगत जनगणना करवा देता। उन्होंने कहा कि हम पहले जाति जनगणना नहीं करा सके। यह कांग्रेस की नहीं, मेरी गलती थी। मैं अब इसे सुधार रहा हूं। आप मेरी बहन प्रियंका से पूछियेगा कि अगर राहुल ने किसी काम के लिए मन बना लिया, तो उस बात को वो छोड़ेगा या नहीं? मैं नहीं छोड़ने वाला।



### जमीन छीनकर अडाणी को दे रहे

राहुल ने कहा कि मोदी कहते हैं हिंदू इंडिया, जबकि 50 फीसदी हिंदू तो ओबीसी हैं। अगर हिंदू इंडिया है तो मीडिया और कॉरपोरेट कंपनी में ओबीसी क्यों नहीं हैं? बड़े-बड़े एंकरों की लिस्ट में ओबीसी वर्ग के लोग क्यों नहीं हैं? ये लोग एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की जमीनें छीनकर अडाणी को दे रहे हैं, इनके सिस्टम में कोई ओबीसी नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि हम हिंदुस्तान से अंग्रेजी को मिटा देंगे। आप उनसे पूछिए कि आपके बच्चे कहां पढ़ते हैं? आपके बच्चे विदेश में पढ़ते हैं, क्या वे वहां हिंदी मीडियम में पढ़ते हैं? हिंदी, तमिल, बंगाली, कन्नड़, सभी रीजनल भाषाएं जरूरी हैं, लेकिन इनके साथ में अंग्रेजी भी जरूरी है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठों के सरदार: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठों के सरदार हैं। झूठ बोलना उनका काम है। वे संसद में भी झूठ बोलते हैं। वे सिर्फ तकरीर (भाषण) करते रहते हैं। खुद कहते हैं कि मैं नॉन-बायोलॉजिकल हूं, मुझे भगवान ने भेजा है। पीएम मोदी ने देश से झूठ बोला कि वे हर साल युवाओं को दो करोड़ नौकरी देंगे। विदेश से कालाधन लायेंगे। सबको 15-15 लाख देंगे। उन्होंने किसानों को एमएसपी देने और पिछड़े समुदायों की आमदनी बढ़ाने का झूठ बोला। मोदी खुद को ओबीसी बोलते हैं, जबकि वो पहले अपर कास्ट में थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपनी कम्युनिटी को ओबीसी लिस्ट में डाल दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# तेजस्वी की चुनाव बहिष्कार की धमकी बेमतलब

## ■ भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव बहिष्कार का कोई नैतिक आधार नहीं
## ■ चुनाव है सभी अपना-अपना दाव-पेंच चलते रहते हैं
## ■ चुनाव आयोग तो अब सबसे पहला निशाना होता है

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण, यानी एसआइआर के खिलाफ विपक्षी महागठबंधन के विरोध के बीच अब आसन्न चुनाव के बहिष्कार की बात भी उठायी गयी है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह शिगूफा छोड़ा है। उन्होंने कहा है कि वह विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने के बारे में विपक्ष की दूसरी पार्टियों से बातचीत करेंगे और जनता की राय भी लेंगे। तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमला करते हुए यह भी कहा कि जब बेइमानी से सब कुछ तय कर रखा है कि किसको कितनी सीटें देनी हैं, तो देखा जायेगा कि क्या किया जा सकता है। उनके कहने का आशय यह था कि अगर विपक्षी पार्टियों में सहमति बनती है और जनता का रुख सकारात्मक दिखता है, तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार कर सकता है। तेजस्वी की बात का मतलब है कि 'न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी।' इससे जाहिर होता है कि बिहार में विपक्ष को चुनाव का बहिष्कार नहीं करना है, बल्कि चुनाव के बहिष्कार की बात करके पूरी चुनाव प्रक्रिया और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगाना है। तेजस्वी के बयान के बाद अब बिहार में इस पर चर्चा भी होने लगी है और जाहिर है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े अनुष्ठान में इस तरह का व्यवधान न केवल अनुचित, बल्कि बेवजह भी है। महागठबंधन के नेताओं ने जिस तरह चुनाव आयोग को निशाने पर ले रखा है, उससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर होती है और संविधान की सर्वोच्चता की अवधारणा को ठेस पहुंचती है। क्या है चुनाव बहिष्कार के इस शिगूफे की पूरी पृष्ठभूमि और क्या हैं इसके विभिन्न पहलू, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह


बिहार में वोटर लिस्ट सुधारने के लिए हो रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) से बवाल खड़ा हो गया है। टेंशन इसलिए भी ज्यादा क्योंकि चुनाव आयोग ने बता दिया है कि 56 लाख वोटर मिल ही नहीं रहे, यानी इनका नाम कटना तय है। चुनाव आयोग द्वारा जारी अभियान का महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव और राहुल गांधी विरोध कर रहे हैं। वे आरोप लगा रहे हैं कि वोटों की चोरी की जा रही है। तेजस्वी ने तो एक कदम आगे बढ़ते हुए यहां तक कह दिया कि अगर ऐसी ही स्थिति रही, तो चुनाव में हिस्सा लेने का क्या फायदा। उन्होंने चुनाव का बहिष्कार करने तक की बात कह दी। स्वाभाविक तौर पर तेजस्वी के बयान से सियासी सनसनी फैली है और ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि अगर महागठबंधन में शामिल सभी दल चुनाव का बहिष्कार कर दें, तो क्या चुनाव नहीं होगा। इस पर कानून क्या कहता है और क्या पहले भारत के किसी राज्य में ऐसा हुआ है।

### विपक्षी नेताओं के स्टैंड क्या हैं

सबसे पहले बात विपक्षी नेताओं के स्टैंड की। वास्तविकता यह है कि विपक्ष ने चुनाव आयोग पर जिस तरह के आरोप लगाये हैं, उसके बाद कोई कारण नहीं दिखता है कि विपक्ष चुनाव का बहिष्कार न करे। दिल्ली में राहुल गांधी से लेकर पटना में तेजस्वी यादव और मुंबई में उद्धव ठाकरे से लेकर लखनऊ में अखिलेश यादव तक कोई भी विपक्षी नेता नहीं बचा है, जिसने चुनाव आयोग पर सरकार के साथ मिल कर काम करने और विपक्ष को चुनाव हराने के बंदोबस्त करने के आरोप नहीं लगाये हैं। राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में जनादेश चुरा लेने का आरोप लगाया है।

### भारत में चुनाव बहिष्कार की अवधारणा नहीं

भारत में कभी भी विपक्षी पार्टियों ने चुनाव के बहिष्कार के बारे में नहीं सोचा है। वे हर चुनाव से पहले चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हैं, इवीएम सेट होने की बात करते हैं, मैच फिक्सिंग का दावा करते हैं और फिर चुनाव में शामिल होते हैं। अगर जीत गये, तो कभी भी प्रक्रिया पर सवाल नहीं उठाते हैं और हार गये, तो आरोपों को दोहराने लगते हैं। इससे चुनाव आयोग की साख जितनी खराब हुई है उतनी ही विपक्ष की साख भी खराब हुई है। अब विपक्ष के आरोपों पर लोग यकीन नहीं करते हैं। इसलिए भारत में विपक्षी पार्टियां चुनाव का बहिष्कार नहीं करती हैं, क्योंकि उनको अपने आरोपों पर खुद ही भरोसा नहीं है। विपक्षी पार्टियों के बीच इतने बड़े मसले पर सहमति भी नहीं है। वैसे भी भारत के संविधान में चुनाव बहिष्कार की अवधारणा मौजूद ही नहीं है।



### क्या होगा अगर विपक्ष चुनाव लड़ने से इनकार कर दे

चुनाव आयोग का काम समय पर चुनाव कराना है। भले ही उसमें कोई दल हिस्सा ले या नहीं। अगर केवल सत्तारूढ़ दल चुनाव में अपने प्रत्याशी खड़े करता है या कोई निर्दलीय प्रत्याशी भी होता है, तो भी चुनाव कराना आयोग की जिम्मेदारी है।

संविधान के तहत चुनाव रद्द करने का कोई प्रावधान नहीं है, जब तक कि कोई असाधारण परिस्थिति, जैसे हिंसा या प्राकृतिक आपदा न हो। मतलब साफ है कि अगर पूरा महागठबंधन भी चुनावों का बहिष्कार कर दे, तो भी चुनाव होगा। इस पर कहीं कोई रोक नहीं लगायी जा सकती। अगर केवल सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी ही होते हैं और कोई दूसरा प्रत्याशी नहीं होगा, तो वे सभी निर्विरोध जीत जायेंगे।

### क्या सुप्रीम कोर्ट ऐसे चुनाव रोक सकता है

विपक्ष यह कहते हुए सुप्रीम कोर्ट जा सकता है कि बिना मतदान के चुनाव कराना असंवैधानकि है। बता दें कि जया बच्चन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पारदर्शिता बनाना और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना जरूरी है। लेकिन यहां भी चुनाव पर रोक वाली कोई बात नहीं हो सकती। 1989 के मिजोरम विधानसभा चुनाव में ऐसी ही स्थिति आयी थी और सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया कि इसकी वजह से चुनाव पर रोक नहीं लगायी जा सकती।

### क्या पहले ऐसा हुआ है

भारत में ऐसी स्थिति का सीधा उदाहरण नहीं मिलता, जहां सभी मुख्य विपक्षी पार्टियों ने एक साथ चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया हो। लेकिन कुछ मामले ऐसे हैं, जिनसे इसके बारे में सीधा समझ आ जाता है। 1989 के मिजोरम विधानसभा चुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध में चुनाव का बहिष्कार किया था। नतीजा कांग्रेस ने सभी 40 सीटों पर जीत हासिल की, लेकिन विपक्षी दलों ने बाद में इसे अदालत में चुनौती दी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया, जहां कोर्ट ने कहा कि बहिष्कार से चुनाव रद्द नहीं होता, बशर्ते प्रक्रिया वैध हो। बिहार पर यह बिल्कुल फिट बैठता है। इसी तरह 1999 के जम्मू-कश्मीर चुनाव का कुछ विपक्षी दलों खासकर अलगाववादी समूहों ने चुनाव का बहिष्कार किया। इसके बावजूद चुनाव हुए और नेशनल कांफ्रेंस ने सरकार बनायी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में नहीं गया, लेकिन यह दिखाता है कि बहिष्कार से चुनाव रद्द नहीं होता, क्योंकि सरकार कायम रही। फिर 2014 के हरियाणा पंचायत चुनाव के दौरान कुछ क्षेत्रों में विपक्षी दलों ने शिक्षा और आय मानदंडों के विरोध में चुनाव का बहिष्कार किया। इसके बावजूद चुनाव आयोग ने चुनाव करवाये और इसे वैध माना गया। हालांकि विरोध की वजह से वोटिंग प्रतिशत में भारी गिरावट दर्ज की गयी थी, क्योंकि विपक्षी दलों को वोट करने वाले वोटर बाहर नहीं निकले।

### सुप्रीम कोर्ट का रुख

सुप्रीम कोर्ट ने पीपुल यूनयिन फॉर सिविल लिबर्टी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के मामले की 2013 में सुनवाई के दौरान कहा था कि चुनाव में भागीदारी और प्रतिस्पर्द्धा लोकतंत्र का आधार है। हालांकि कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग को यह तय करने का अधिकार है कि चुनाव कैसे आयोजित हों। किसी के बहिष्कार करने से चुनाव की प्रक्रिया रद्द नहीं होती, जब तक कि यह संवैधानिक मानकों का उल्लंघन न हुआ हो। ऐसे में यह साफ है कि बिहार में चुनाव बहिष्कार की बात करना केवल राजनीतिक बयानबाजी का ही हिस्सा है, क्योंकि इसका न तो कोई नैतिक आधार है और न ही संवैधानिक। इसके अलावा तेजस्वी का यह बयान यह भी दिखाता है कि महागठबंधन के नेता चुनाव आयोग के कामकाज में अनावश्यक दखलंदाजी कर उस पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

---

# सब पूरा 'घाय-खाय' है: नीतीश कुमार

## विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष पर जमकर उखड़े सीएम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानमंडल में मॉनसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को विपक्ष ने वोटर लिस्ट रिवीजन के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। इससे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिफर गये। उन्होंने विधानसभा और विधान परिषद, दोनों सदनों में हंगामा कर रहे राजद-कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों को जमकर सुनाया। विधान परिषद में 'हाय-हाय' के नारे लगा रहे सदस्यों को सीएम ने कहा, सब पूरा घाय-खाय (शातिर) है। उनके काले कपड़े पहन कर सदन में आने पर सीएम ने आपत्ति जतायी। साथ ही विपक्ष की नेता राबड़ी देवी को भी उन्होंने निशाने पर लिया। सीएम ने विधान परिषद में कहा कि सभी विपक्षी दलों के सदस्यों ने काले कपड़े पहने हैं। पहले ये कभी नहीं पहनते थे। सीएम ने राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनके कहने पर ही सभी ने एक जैसे कपड़े पहने हैं। इस पर राबड़ी ने कहा कि बिहार की जनता को जवाब दीजिये। इसके बाद सीएम ने कहा कि जब सुनना चाहिए, तब सुनते नहीं हैं। एक-एक बात सुनें और अपनी बात रखें। फिर भी शोर-शराबा खत्म नहीं हुआ, तो सभापति ने विधान परिषद की कार्यवाही भोजनावकाश तक स्थगित कर दी।



### विधानसभा में भी बिफरे नीतीश

इससे पहले विधानसभा में भी वेल में आकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों को मुख्यमंत्री ने जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि हमने बहुत काम किया है और इसका कितना फायदा हो रहा है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि विपक्ष कभी काले कपड़े पहन कर एक साथ नहीं आता था। सीएम ने कहा, ये लोग लगातार इस सत्र में काला कपड़ा पहन कर आये हैं। पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। पहले एक या दो दिन ही हंगामा होता था। हमने कितना काम किया है। लोगों को लाभ हो रहा है। विपक्षी विधायकों के हंगामे के बीच विधानसभा की कार्यवाही महज पांच मिनट ही चल पायी और स्पीकर नंद किशोर यादव ने सदन को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

---

# लालू-राबड़ी-तेजस्वी को छोड़ सभी बहनों और राजद को अनफॉलो कर दिया तेज प्रताप ने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** पार्टी और परिवार से निकाले गये राजद सुप्रीमो के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अब खुद भी दल और अपनों से दूरी बनाने लगे हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी गाड़ी से पार्टी का झंडा हटाया था। अब तेज प्रताप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राजद का आधिकारिक हैंडल समेत परिवार के कई लोगों को अनफॉलो कर दिया है। इसमें बड़ी बहन और राज्यसभा सांसद मीसा भारती, बहन राजलक्ष्मी यादव, हेमा यादव और परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हैं। तेज प्रताप के एक्स पर अब फॉलोइंग लिस्ट में अब सिर्फ पिता लालू प्रसाद, मां राबड़ी देवी, भाई तेजस्वी यादव, यूपी के पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, एक्टर रितेश देशमुख और टीम तेज प्रताप यादव शामिल हैं। इसके अलावा कई लोगों को उन्होने अनफॉलो कर दिया है। पहले वह 19 लोगों को फॉलो करते थे, जो अब घटकर छह रह गये हैं। सोशल मीडिया एक्स पर तेज प्रताप के 1.7 मिलियन फॉलोअर हैं। बता दें कि अनुष्का यादव के साथ फोटो और पोस्ट को लेकर हुए विवाद के बाद पार्टी




और परिवार से राजद सुप्रीमो ने तेज प्रताप को बाहर कर दिया था। इसके बाद पारिवारिक विवाद अब सामने आने लगा है। तब उन्होंने यह कदम उठाया है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर तेज प्रताप के मन में क्या चल रहा है। इन सबके बीच तेज प्रताप के नयी पार्टी बनाने की चर्चा भी जोरों पर है। हालांकि खुद उन्होंने इसका आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। इससे पहले बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र में तेज प्रताप का अलग अंदाज दिखा था। जब एसआइआर के विरोध में विपक्षी विधायक काले कपड़ों में सदन पहुंचे थे, तो तेज प्रताप सफेद कुर्ता-पजामा में आये थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि वह सिर्फ शनिवार को काले कपड़े पहनते हैं। वैसे उनका ध्येय सादा जीवन, उच्च विचार है।

---

# चिराग को झटका, प्रदेश महासचिव समेत पार्टी के 38 नेताओं का इस्तीफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खगड़िया।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को उनके घर खगड़िया में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 38 नेताओं ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है, जिनमें प्रदेश महासचिव रतन पासवान भी शामिल हैं। खगड़िया सांसद राजेश वर्मा की कार्यशैली नाराजगी की वजह बतायी जा रही है। चिराग के पिता रामविलास पासवान ने यहीं पार्टी की नींव डाली थी। जिलाध्यक्ष का मनोनयन मामले की ताजा वजह बताया जा रहा है। दरअसल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने मनीष कुमार उर्फ नाटा सिंह को 23 जुलाई को पार्टी का जिलाध्यक्ष बना दिया। आरोप है कि खगड़िया सांसद राजेश वर्मा के इशारे पर यह काम किया गया। इससे नाराज पार्टी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। एक खुला पत्र जारी भी किया गया है, जिसमें कार्यकर्ताओं और वरीय नेताओं से मार्मिक अपील की गयी है। नये जिलाध्यक्ष के विरोध में खगड़िया के बलुआही में एक बैठक आयोजित की गयी। इसके बाद लोजपा के 38 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवराज यादव, प्रदेश महासचिव रतन पासवान, युवा जिलाध्यक्ष सुजीत पासवान सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। शिवराज यादव ने बताया कि सभी सात प्रखंड अध्यक्षों ने भी इस्तीफा दिया है और इस संबंध में एक खुला पत्र भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि खगड़िया सांसद राजेश वर्मा के



व्यवहार से पार्टी के सभी सदस्य नाराज हैं। सांसद की अमर्यादित भाषा के कारण सामूहिक इस्तीफे का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सांसद कार्यकर्ताओं का अपमान करते हैं। प्रदेश महासचिव रतन पासवान ने कहा कि सामूहिक इस्तीफे का मुख्य कारण खगड़िया सांसद और उनके प्रतिनिधि द्वारा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ किया गया अभद्र व्यवहार है।

बताते चलें कि खगड़िया लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान की धरती है। यहीं उन्होंने अपनी पार्टी की नींव रखी थी। बाद में इसे विस्तारित किया गया। खगड़िया में ही पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है। इस बीच खगड़िया सांसद के मुख्य प्रतिनिधि डॉ पवन जायसवाल ने कहा कि मनीष कुमार को जिलाध्यक्ष बनाने का निर्णय पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का है और कुछ लोग स्वार्थ की राजनीति कर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व को मामले की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.16 बजे |



# जेपीएससी रिजल्ट-संघर्ष और उम्मीद की जीत

## धनबाद के हैं टॉपर आशीष और सेकंड टॉपर अभय कुजूर खूंटी के

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/खूंटी।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने बहुप्रतीक्षित सिविल सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। कुल 342 अभ्यर्थियों को झारखंड प्रशासनिक सेवाओं में नियुक्ति के लिए चयनित किया गया है। इस बार के परिणाम कई मायनों में ऐतिहासिक है न सिर्फ इसलिए कि पूरी प्रक्रिया एक वर्ष के भीतर पूरी हुई। बल्कि इसलिए भी कि इसने संघर्ष और समर्पण की उन कहानियों को जन्म दिया जिन्हें हर युवा जानना चाहेगा। इस परीक्षा में धनबाद के आशीष अक्षत ने पूरे राज्य में टॉप किया, जबकि खूंटी के अभय कुजूर ने दूसरा स्थान हासिल कर राज्यभर में अपनी अलग पहचान बनायी। दोनों युवाओं ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए मेहनत, अनुशासन और परिवार के सहयोग को मुख्य कारक बताया। इस परीक्षा में कुल पद की संख्या 342 है। जिसमें प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी की संख्या 7011 रही। जिसमें इंटरव्यू के लिए चयनित हुए लोगों में 864 शामिल हुए। इसके साथ ही अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की संख्या 342 का नतीजे घोषित कर दिये गये। इस चयन प्रक्रिया का समय लगभग 1 वर्ष रखा गया। इस दौरान ये तमाम प्रक्रियाएं पूरी हुईं। अब अंतिम चरण में प्रशिक्षण की प्रक्रियाएं शुरू की जायेंगी।

### आशीष अक्षत : सीमित संसाधनों से सुनहरे मुकाम तक



आशीष अक्षत ने कहा कि मैं धनबाद का रहने वाला हूं, मेरी पढ़ाई डिनोवली स्कूल से शुरू हुई। मेरे पिता झारखंड पुलिस में कार्यरत हैं। मैंने एनआइटी जमशेदपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और सिविल सेवा में आने का सपना देखा। यह मेरी दूसरी कोशिश थी और मैंने टॉप कर लिया। बीच में असफलताएं आईं लेकिन मैंने हार नहीं मानी सफलता का श्रेय मैं माता-पिता, बड़े भाई और पत्नी को देता हूं, जिन्होंने हर वक्त मुझे सहारा दिया। आशीष ने कहा कि जेपीएससी एक परिभाषित सिलेबस वाली परीक्षा है और अगर कोई लगातार मेहनत करे, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने ये भी सराहा कि जेपीएससी 11वीं से लेकर 13वीं तक की परीक्षा प्रक्रिया के इतिहास में पहली बार एक साल के अंदर सभी चरण पूरे हुए और यह समयबद्ध प्रक्रिया अभ्यर्थियों के लिए एक सकारात्मक संकेत हैं।

### अभय कुजूर : गांव की मिट्टी से दूसरे स्थान तक का सफर



पूरे झारखंड में दूसरी रैंक हासिल करने वाले अभय कुजूर ने भी अपनी सफलता की कहानी साझा की। वे खूंटी जिली के रहने वाले हैं और आदिवासी समुदाय से आते हैं। जिले के कर्रा प्रखंड के अत्यंत पिछड़े गांव इट्ठे के रहने वाले नक्सली हमले में बलिदानी सेवानिवृत्त सैनिक अविनाश कुजूर के परिवार में 25 जुलाई शुक्रवार का दिन हमेशा के लिए यादगार बन गया। स्व अविनाश कुजूर के बेटे अभय कुजूर ने न सिर्फ झारखंड प्रशासनिक सेवा में सफलता हासिल की है, बल्कि 13वीं जेपीएससी की परीक्षा में उन्होंने दूसरा स्थान हासिल कर अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। अभय कुजूर अपने माता-पिता की तीन संतानों में सबसे छोटा हैं। उनसे दो बड़ी बहनें हैं। अभय कुजूर ने दूसरे प्रयास में ही यह सफलता हासिल कर ली। उनके पिता सेना से सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन 28 जुलाई 2009 को नक्सलियों ने उनकी हत्या कर दी थी।

## जेपीएससी परीक्षा में बड़कागांव प्रखंड से 7 अभ्यर्थी हुए सफल

- चार डीएसपी और तीन बीडीओ के पद पर नवाजे गये
- रॉबिन कुमार को सातवीं रैंक, लोगों ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड जेपीएससी 2023 की परीक्षा में बड़कागांव प्रखंड से सात अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। जिसमें चार डीएसपी और तीन बीडीओ पद पर कब्जा जमाया। यह दिन बड़कागांव प्रखंड के लिए गौरव का दिन है। उच्च शिक्षा के लिए झारखंड का पहला प्रखंड बड़कागांव है। जो एक साथ आधा दर्जन भर अभ्यर्थी सफल हुए हैं। ग्राम गंगादोहर निवासी संतोष महतो के पुत्र रोबिन कुमार ने पूरे झारखंड में 10 टॉप में 7वां रैंक लाकर डीएसपी बने और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

झारखंड जेपीएससी परीक्षा 2023 के घोषित रिजल्ट में 342 अभ्यर्थी सफल हुए हैं जिसमें बड़कागांव प्रखंड में सात अभ्यर्थी सफल हुए हैं। कांडतरी गांव निवासी चक्रधर महतो के पुत्र विपिन कुमार भास्कर उर्फ गौतम कुमार को डीएसपी, बड़कागांव अंबेडकर मोहल्ला निवासी स्वर्गीय चंद्रदेव राम के पुत्र मनीष कुमार डीएसपी, अंबाजीत निवासी तपेश्वर सिंह के पुत्र नीतीश कुमार डीएसपी, ग्राम सांढ छपेरवा निवासी परमेश्वर महतो की पुत्री सावित्री कुमारी उर्फ गुड़िया बीडीओ, ग्राम बादम निवासी कन्हैया महतो की सुपुत्री प्रियंका



कुमारी बीडीओ एवं ग्राम उरुब निवासी प्रमोद सिंह का पुत्र अनिमेष कुमार बीडीओ के पद पर चयनित हुए हैं। वहीं बड़कागांव के पूर्व प्रमुख सह शिक्षाविद स्व. गुरुदयाल महतो की नतनी ठाकुर गांव निवासी आस्था रानी बीडीओ पद के लिए चयनित हुए हैं। इन सभी के सफलता पर विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता डांगी समाज के जिला अध्यक्ष मुकुट धारी महतो, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश कुमार दांगी, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, कृष्णा राम, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, बड़कागांव पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी, मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, मुखिया सुलेखा कुमारी, मुखिया पूजा कुमारी, लीलावती कुमारी, इतवारीया देवी, गीता देवी, गणेश साव, राजदेव महतो, कविता देवी, वासुदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, भीखन महतो, मुरलीधर दांगी, कार्तिक महतो, दीपक दास सहित क्षेत्र के शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों ने बधाइयां दीं।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परन्तु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे। |
| वृष | बौद्धिक विकास होगा,रचनात्मक प्रयास सफल होंगे,व्यर्थ की चिन्ताओं में ध्यान बढ़ेगा। |
| मिथुन | परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा। |
| कर्क | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी दूर होगी, सेहत में सुधार होगा। |
| सिंह | संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, आर्थिक समस्याओं का सहजता से समाधान होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

## हेमंत सरकार जनहित में कर रही ऐतिहासिक कार्य : कैलाश यादव





**रांची (आजाद सिपाही)।** राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रहे महागठबंधन की सरकार सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जब से महागठबंधन की सरकार चल रही है तब से आज तक जनहित में अनेकों लाभार्थी फैसला लिया गया है जिससे सीधा लाभ आम जनता को मिलना है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की बड़ी उपलब्धि हेमंत के नेतृत्व में गठबंधन व सरकार का समन्वय सुचारू रूप से सामान्य है।

## पिता चलाते हैं दुकान, बेटा को 22वीं रैंक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर के सामने छोटी-सी किताबों की दुकान चलाने वाले अनिल प्रसाद के बेटे अमन कुमार ने झारखंड सिविल सेवा (जेपीएससी) परीक्षा 2023 में 22वीं रैंक हासिल कर यह साबित कर दिया कि जज्बा हो तो सीमित साधन भी बड़ी उड़ान दे सकते हैं। अमन की इस सफलता से उनके घर में उत्सव जैसा माहौल है। साधारण परिवार में जन्मे इस होनहार युवक ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्य को कभी आंखों से ओझल नहीं होने दिया। अमन के



पिता अनिल प्रसाद जो वर्षों से पुरानी किताबों की दुकान चलाकर घर का खर्च चलाते रहे, आज बेटे की उपलब्धि पर भावुक हैं। उनकी आंखें छलक उठीं जब उन्होंने कहा, मैंने बस किताबें बेचीं, पर किस्मत ने मेरे ही घर में एक अफसर पैदा कर दिया। ये मेरी सबसे बड़ी दौलत है। अमन खुद कहते हैं कि इस राह में कई बार कठिनाइयां आईं, लेकिन वह कभी डगमगाए नहीं।

## पिता दर्जी और मां सहिया दीदी, बेटा बना अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** गुदड़ी के लाल ने कर दिया कमाल। यह शब्द हजारीबाग में से चरितार्थ हुआ है जब बेटा अपने पिता का अस्पताल में सेवा कर रहा था और उस वक्त उसे जानकारी मिली कि जेपीएससी क्वालीफाई कर गया है। चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के कसारी गांव के रहने वाले मोहम्मद खुर्शीद अंसारी ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (जेपीएससी) परीक्षा में 78वां रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। यह सफलता सिर्फ एक परीक्षा की नहीं, बल्कि संघर्ष, लगन और



विश्वास की जीत है उसके पिता मोहम्मद हनीफ पेशे से दर्जी (टेलर) हैं, लेकिन बीते तीन वर्षों से अस्वस्थ होने के कारण घर पर ही रह रहे हैं। मां हामिदा खातून गांव में सहिया दीदी के रूप में स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी रही हैं।

पिता का इलाज हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है, जहां मोहम्मद खुर्शीद अटेंडेंट के तौर पर उनके साथ थे। 3 साल से हो घर पर ही है ऐसे में घर की आर्थिक स्थिति में बहुत ही देयनीय हो गयी थी। मां की भी बेहद कम आमदनी है। किसी तरह घर का दाना-पानी चल रहा था। आठ भाई-बहनों में सबसे छोटे मोहम्मद खुर्शीद ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के स्कूल से पूरी की। हजारीबाग के सेंट कोलंबस कॉलेज से 12वीं और स्नातक की पढ़ाई की। हजारीबाग में एक छोटे से किराये के लॉज में रहकर उन्होंने कड़ी मेहनत की और अपनी मंजिल पा ली।

## राज्यपाल की भूमिका को कमजोर करने का प्रयास, लोकतंत्र पर कुठाराघात: प्रतुल शाहदेव

**बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पंजाब की तर्ज पर चल रही है झारखंड सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों से राज्यपाल के कुलपति, प्रति कुलपति एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति करने के निर्णय को समाप्त करने का जो निर्णय लिया गया है, वह पूरी तरह असंवैधानिक, दुर्भावनापूर्ण और लोकतंत्र के मूलभूत ढांचे पर सीधा प्रहार है। यह स्पष्ट रूप से शिक्षा



व्यवस्था का राजनीतिककरण करने और उच्च शिक्षण संस्थानों को अपनी कठपुतली बनाने का षड्यंत्र है। प्रतुल ने कहा कि हाल के वर्षों में विपक्ष शासित प्रदेशों में यह परिपाटी चल पड़ी है कि राज्यपाल को उच्च शिक्षा और विश्विद्यालय के क्षेत्र में दिये गये अधिकारों में कटौती की जाये। इसकी शुरूआत पश्चिम बंगाल में हुई। फिर केरल, तमिलनाडु और पंजाब में भी इसका अनुसरण किया गया। अब झारखंड भी इसी मॉडल पर चल रहा है। प्रतुल शाहदेव ने इस निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि राज्यपाल किसी भी राज्य में संविधान के संरक्षक होते हैं और विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति के रूप में उनकी भूमिका संस्थानों की निष्पक्षता, गरिमा और स्वायत्तता सुनिश्चित करती है। संविधान निर्माता ने भी विश्वविद्यालय प्रशासन में राज्यपाल की भूमिका तय की है जिसे अब हेमंत सरकार हटना चाह रही है।

प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को कुचलना चाहती है। यह निर्णय न केवल संविधान की मूल भावना के खिलाफ है, बल्कि इससे झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को बड़ी क्षति पहुंचेगी।

प्रतुल शाहदेव ने चेतावनी दी कि इस निर्णय का राज्य की उच्च शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने राज्यपाल से भी आग्रह किया कि वे इस मुद्दे पर संज्ञान लें और इसकी समीक्षा करवाएं।

## राज्यपाल की आड़ में ओछी राजनीति कर रही भाजपा : विनोद कुमार पांडेय

**झारखंड में शिक्षा सुधार को बदनाम कर रही भाजपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के आरोपों को नकारते हुए तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का आरोप न केवल भ्रामक है, बल्कि राज्य के युवाओं की आकांक्षाओं का अपमान भी है। श्री पांडेय ने साफ कहा कि हेमंत सरकार द्वारा लाया गया नया विधेयक पूरी तरह संवैधानिक है और इसका उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था



को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाना है। राज्यपाल की भूमिका पर भाजपा की टिप्पणी को पाखंड बताते हुए पांडेय ने कहा, जब केंद्र सरकार विश्वविद्यालयों में कुलपति और अन्य पदों पर एकतरफा नियुक्तियां करती है, तब भाजपा को लोकतंत्र और संविधान की याद क्यों नहीं आती? भाजपा का विरोध सिर्फ इसलिए है क्योंकि वह सत्ता से बाहर है और उसका एजेंडा विश्वविद्यालयों को भी अपनी राजनीतिक प्रयोगशाला बनाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में उच्च शिक्षा का जो संकट आज है, वह भाजपा की वर्षों की लापरवाह सरकारों की देन है। यह पूर्ववर्ती भाजपा सरकारों की विरासत है कि झारखंड के नौजवानों को मेडिकल, तकनीकी, प्रबंधन और व्यावसायिक शिक्षा के लिए हजारों किलोमीटर दूर दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। आज भी राज्य सरकार द्वारा दी जा रही छात्रवृत्ति का 80-85% हिस्सा दूसरे राज्यों में चला जाता है। यह हमारी बौद्धिक पूंजी का बहिर्गमन है, जिसे रोकना अब आवश्यक हो गया है। श्री पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार का यह विधेयक झारखंड को उच्च शिक्षा का एक सशक्त केंद्र बनायेगा और युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनायेगा। उन्होंने झामुमो की ओर से विधेयक का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार को बधाई दी भाजपा को चाहिए कि वह राजनीति छोड़कर राज्यहित में सकारात्मक भूमिका निभाये।

## अटल जी ने दी झारखंड को पहचान, उनका अपमान कर रही है सरकार: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक किये जाने के राज्य सरकार के फैसले पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान के प्रति कृतघ्नता और राजनीतिक नैतिकता का पतन बताया है।

मरांडी ने कहा कि झारखंड और इसकी आदिवासी अस्मिता को सबसे पहले अगर किसी ने राष्ट्रीय पहचान दी, तो वह अटल बिहारी वाजपेयी थे। 1999 में उन्होंने झारखंड की धरती से वादा किया था कि केंद्र में



सरकार बनने पर राज्य को अलग पहचान देंगे और उन्होंने अपने वचन को निभाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार राजनीति के निम्न स्तर पर उतर आयी है और अटल जी जैसे व्यक्तित्व को भी राजनीतिक लाभ के लिए भुला रही है। मरांडी ने सवाल उठाया कि क्या नाम बदलने से झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था सुधर जायेगी? क्या अब एंबुलेंस समय पर पहुंचने लगेगी? क्या मोहल्ला क्लिनिक में बेहतर इलाज मिलने लगेगा?

उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में मदर टेरेसा के सेवा-भावना का सम्मान करना चाहती थी, तो उनके नाम पर कोई नयी योजना शुरू करती एक ऐसी योजना, जो जरूरतमंदों को राहत और मानव सेवा के मूल्यों से जोड़े। राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता जताते हुए मरांडी ने कहा कि गर्भवती महिलाएं सड़क किनारे प्रसव करने को मजबूर हैं, बुजुर्गों को खाट पर अस्पताल लाया जा रहा है, शवों को ले जाने के लिए तक एंबुलेंस नहीं है और सरकार जनता की इन तकलीफों की बजाय नाम बदलने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि यह फैसला न केवल अटल जी के योगदान का अपमान है, बल्कि राज्य के जनादेश के साथ भी विश्वासघात है।

## विश्वविद्यालयों में केवल झारखंडवासी शिक्षाविदों को ही कुलपति नियुक्त किया जाये : बंधु तिर्की

**झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने गठबंधन की राज्य सरकार द्वारा गुरुवार को कैबिनेट में लिये गये फैसलों का स्वागत किया है। बंधु तिर्की शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन और उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सराहनीय है और इससे राज्य के विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा कि



वर्तमान में विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में असिस्टेंट प्रोफेसर और अन्य कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। आयोग के गठन से इन रिक्तियों को भरने में पारदर्शिता आयेगी और राज्य के नेट और पीएचडी धारकों, विशेषकर आदिवासी और मूलवासी युवाओं को नौकरी का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि 11 दिसंबर 2024 को उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन की मांग की थी। इस पत्र में उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के नवीनतम निर्णय का हवाला देते हुए यह सुझाव दिया था कि झारखंड विश्वविद्यालय सेवा नियमावली में संशोधन कर राज्य सरकार को किसी भी विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त करने का अधिकार दिया जाये। बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में केवल झारखंडवासी शिक्षाविदों को ही कुलपति नियुक्त किया जाये, चाहे वे देश के किसी भी विश्वविद्यालय में कार्यरत हों। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड की उच्च शिक्षा को स्थानीय नेतृत्व और दिशा मिलेगी। इस संदर्भ में उन्होंने 9 जून 2025 को राज्यपाल को भी पत्र के माध्यम से सुझाव भेजा था। राज्यपाल के अधिकारों में कटौती के सवाल पर बंधु तिर्की ने कहा कि यह जरुरी था, आरएसएस के लोग लगभग सभी विवि में कब्जा किये हुए हैं। इस मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ और वरिष्ठ कांग्रेस नेता निरंजन पासवान भी मौजूद थे।

# जेपीएससी परिणाम में हजारीबाग के अभ्यर्थियों का दबदबा

## जेपीएससी परीक्षा में झारखंड में रोबिन ने बढ़ाया बड़कागांव का मान



रोबिन कुमार का फाइल फोटो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** जेपीएससी परीक्षा 2023 का परीक्षा फल जारी हुआ जिसमें पूरे झारखंड में 7वां स्थान लाकर बड़कागांव प्रखंड के चोपदार बलिया पंचायत के गंगादोहर निवासी किसान संतोष कुमार एवं सुनीता देवी के पुत्र रोबिन कुमार ने सफलता हासिल किया। और बड़कागांव सहित पूरे हजारीबाग जिला का मान सम्मान बढ़ाया। रोबिन की पढ़ाई अपने पैतृक गांव मध्य विद्यालय गोसाई बलिया से शुरू किया एवं मैट्रिक गरी हाई स्कूल बड़कागांव से 2014 में 80.8% अंक प्राप्त कर पास किया । 2016 में इंटर मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स हजारीबाग आईसी में 62. 6% अंक लाकर उत्तीर्ण होने के बाद 2019 में बीएससी केमिस्ट्री ऑनर्स से मर्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स 70.25 % अंक लाया।

जेपीएससी फॉर्म 2023 में अप्लाई किया और सफलता 2025 में मिला। इनके सफलता से पूरा बड़कागांव के जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

### इचाक प्रखंड के तीन अभ्यर्थियों ने जेपीएससी में पायी सफलता



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के परासी गांव निवासी गौतम नारायण सिंह की बेटी श्रेया कुमारी जेपीएससी में सफलता पायी है। वहीं कुटुमसुकरी बाबू टोला के चौधरी कुटीर निवासी अरुण कुमार सिन्हा के पुत्र निशांत कुमार सिन्हा उर्फ पीयूष का चयन पुलिस सेवा पद के लिए हुआ है, जबकि भूसवा गांव निवासी देवेंद्र यादव की पुत्री दीपिका कुमारी का चयन लेबर सुपरीटेंडेंट के पद पर हुआ है। तीनों की सफलता पर पूरे इचाक में खुशी का माहौल है। तीनों सफल अभ्यर्थियों ने बताया कि अपने माता-पिता और गुरुजनों के सफल मार्गदर्शन में यह सफलता हासिल हुई है। श्रेया पहले से रामगढ़ में टैक्स डिपार्टमेंट में कार्यरत है। वह शुरू से ही मेघावी छात्रा रही है। मैट्रिक और इंटर में भी टॉपर लिस्ट में रही श्रेया इस कामयाबी के लिए अपने माता पिता, गुरुजन और परिवार को श्रेय दी है।

### बरकट्ठा के राजेश रजक ने जेपीएससी में 271 रैंक हासिल कर बने जेल अधिकारी



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम केंदुआ थी लालोडीह निवासी राजेश रजक ने जेपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल किया है। राजेश रजक ने जेपीएससी में 271 रैंक हासिल कर झारखंड जेल सेवा के लिए चयनित हुए हैं। उनके इस सफलता से बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन हुआ है। राजेश रजक ने बताया कि उसकी बारहवीं की पढ़ाई करने के दौरान ही उसके पिता राजु रजक की मृत्यु हो गयी थी, जिसके बाद उसकी मां जानकी देवी मध्य विद्यालय तुर्कबाद में रसोईया की काम कर घर चलाने लगी। घर की माली स्थिति खराब होने पर राजेश को पढ़ाई छोड़ने की नौबत आ गयी, जिसके पश्चात राजेश रजक ने रांची जाकर डीलीवरी बॉय की नौकरी करने लगा। दिन में नौकरी करता और रात में पढ़ाई कर जेपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल किया।

### केदारूत के शुभम वित्त विभाग में हुए चयनित



बरही (आजाद सिपाही)। बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत के शुभम यादव ने जेपीएससी परीक्षा में 215 वां रैंक हासिल कर पंचायत समेत पूरे बरही का मान बढ़ाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम के पिता शंकर प्रसाद यादव झारखंड पुलिस में कार्यरत है, जबकि माता कविता देवी गृहणी है। शुभम का प्रारंभिक शिक्षा पहली कक्षा से सातवां तक डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, कक्षा आठवां से इंटर तक की पढ़ाई डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग एवं ग्रेजुएशन संत जेवियर रांची से की है और स्नातकोर भूगोल की पढ़ाई इग्नू से की है। शुभम ने नेट की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली है।

# हजारीबाग में महापुरुषों की प्रतिमाओं का विखंडन एक घृणित और शर्मनाक कृत्य: मनीष जायसवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में जिस तरह से महापुरुषों की प्रतिमाओं को निशाना बनाया जा रहा है, वह बेहद निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने कहा पहले पूर्व मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी के.बी. सहाय की प्रतिमा को विखंडित करने की खबर आई और फिर वीर सिद्धू-कान्हू चौक पर स्थापित संथाल विद्रोह के महानायक वीर सिद्धू-कान्हू मुर्मू की प्रतिमा को भी खंडित कर दिया गया है।

इस पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह कृत्य हजारीबाग के गौरव और शांति को भंग करने का एक ओछा प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पत्थर की प्रतिमाओं को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उन महान विभूतियों के प्रति अनादर है जिन्होंने हमारे समाज और देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सांसद मनीष जायसवाल ने प्रशासन से पुरजोर मांग करते हैं कि इस कायराना हरकत के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें तत्काल चिन्हित किया जाए और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाये। इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौड़ सहित आदिवासी समाज के साथ कई समाजसेवी मौजूद रहें।

### महापुरुषों की प्रतिमाओं का अपमान दुर्भाग्यपूर्ण, यह कृत्य सामाजिक सद्भाव को चोट पहुंचाने वाला : प्रदीप



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को हमारे राष्ट्रनायकों की प्रतिमाओं के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ है, वह अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक है। पूर्व मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता सेनानी और जननेता स्व. केबी सहाय तथा जनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक वीर सिद्धू-कान्हू की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किया जाना केवल मूर्तियों को खंडित करने की घटना नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव और सामाजिक सद्भाव पर सीधा प्रहार है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस घटना पर गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य हजारीबाग की परंपरागत शांति और भाईचारे को बिगाड़ने की साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। विधायक ने जिला प्रशासन से अपील की है कि इस मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए दोषियों की अविलंब पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये।

### आदमकद प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किये जाने की कांग्रेसियों ने की कड़े शब्दों मे निंदा

जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में असमाजिक तत्वों द्वारा संत कोलम्बस कालेज स्थित संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय तथा पीडब्लूडी चौक स्थित स्वातंत्रता सेनानी शहीद सिद्धू-कान्हू के आदम कद प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने पर कांग्रेसियों द्वारा धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव नें स्वतंत्रता सेनानियों के आदम कद प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने का कड़ी शब्दों में निंदा की है। कार्यक्रम के पश्चात जिला उपायुक्त को अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन सौप कर आदम कद प्रतिमा नए शिरे से स्थापित करने, प्रतिमा के आस-पास सीसी टीवी कैमरा तथा आदम कद प्रतिमा का सुरक्षा करने की मांग की गयी।

### महापुरुषों की प्रतिमा तोड़ने वालों की जल्द हो गिरफ्तारी : राकेश

संत कोलंबा कॉलेज स्थित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ सहाय एवं पीडब्ल्यूडी चौक स्थित शहीद सिद्धू कान्हू की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस तरह के कार्य घृणित अपराध की श्रेणी में आता है। इस तरह के अपराध से शहीदों एवं महापुरुषों का अपमान होता है। जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता सह झारखंड आंदोलनकारी चंद्र मोहन पटेल एवं जदयू के जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग इस घटना की तीव्र निंदा करती है साथ ही प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वालों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करती है।

### प्रतिमा तोड़ने वाले को जिला प्रशासन जल्द से जल्द चिन्हित कर सजा दे : भैया अभिमन्यु प्रसाद



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बिहार के चौथे मुख्यमंत्री रहे स्व. कृष्ण बलम सहाय की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने की घटना ने जनमानस को आहत किया है। यह प्रतिमा वर्षों पूर्व हजारीबाग के प्रतिष्ठित सेंट कोलंबस कॉलेज परिसर स्थित पार्क में स्थापित की गई थी। समाजसेवी सह भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने इस घटना पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह न केवल एक वरिष्ठ नेता का अपमान है, बल्कि झारखंड-बिहार के साझा इतिहास और विरासत पर भी चोट है।

### महापुरुषों की मूर्तियों के साथ नहीं, हजारीबाग के सम्मान के साथ खिलवाड़ हुआ है : हर्ष अजमेरा



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में शुक्रवार को हुई घटनाओं ने हर संवेदनशील मन को झकझोर कर रख दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय के.बी. सहाय और जनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक वीर सिद्धू-कान्हू जी की प्रतिमाओं को खंडित किया जाना न केवल हमारे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों का अपमान है, बल्कि यह शहर की शांति, सौहार्द और सामाजिक एकता को खंडित करने का एक सुनियोजित प्रयास प्रतीत होता है।

### खेत में ट्रैक्टर के पलटने से युवक की मौत



फाइल फोटो।

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के गैड़ा गांव में शुक्रवार को ट्रैक्टर के पलटने से युवक की मौत हो गयी ।खेत में जोताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से 19 वर्षीय दिगंबर यादव की मौत हो गयी। वहीं इस हादसे में उसके साथ मौजूद हरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार खेत में प्रवेश करते समय पगडंडी पर चढ़ते वक्त ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान दिगंबर की मौत हो गई। हरेंद्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची के रिम्स रेफर किया गया है। दिगंबर तीन भाइयों में सबसे छोटा था और स्नातक की पढ़ाई कर रहा था।

### सिरसिरवा जंगल मे अवैध उत्खनन के खिलाफ चलाया गया छापामारी अभियान

# तीन पोकलेन जब्त, 6 हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** वन्य प्राणी प्रक्षेत्र अंतगर्त सिरसिरवा जंगल मे शुक्रवार को अवैध उत्खनन के खिलाफ वन विभाग की टीम और कोडरमा पुलिस ने संयुक्त रूप से सघन छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध उत्खनन को लेकर जंगल मे खड़े 3 पोकलेन को जप्त किया गया। साथ ही 6 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मिली सूचना पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने रेंजर रामबाबू कुमार को निर्देश दिया जिसके बाद वन विभाग की टीम और कोडरमा पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाया। हालांकि अभियान की भनक लगते ही अवैध उत्खनन में लिप्त लोग फरार होने में सफल रहे। छापामारी टीम ने इस दौरान 3 पोकलेन को जप्त किया और 6 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। छापामारी अभियान में कोडरमा थाना प्रभारी विकास कु पासवान, वन रक्षी छत्रपति शिवाजी, कुंदन यादव, दुर्गा महतो, सिकन्दर यादव, उस्मान अंसारी, गोपाल यादव और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। टीम के अधिकारियों ने बताया कि पोकलेन के मालिक और अवैध उत्खनन में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।



### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली में विज्ञान सप्ताह आज से प्रारंभ



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में विज्ञान सप्ताह आज दिनांक 25 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार क्रिया आधारित विज्ञान की शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। विद्यालय में पढ़ने वाले भैया - बहन प्रतिदिन विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रयोग करेंगे ' आज से विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय के भैया- बहन विज्ञान से संबंधित नए-नए प्रयोग करेंगे। शुक्रवार को विद्यालय के भैया- बहनों ने भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके वैज्ञानिक चिंतन पर वाचन किया। भारतीय वैज्ञानिक नागार्जुन, चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट आदि पर बच्चों ने प्रकाश डाला। मौके पर विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन एवं आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे।

# स्कूल, कॉलेजों के निकट खुलेआम बिक रहा गुटखा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** एक ओर सरकार ने शिक्षण संस्थानों के निकट तंबाकू, सिगरेट, गुटखा की बिक्री पर रोक लगा दी है वहीं बरही के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के निकट धड़ल्ले से इसकी बिक्री हो रही है। सरकार के आदेश का अनुपालन दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आ रहा है। कॉपी-किताबों की दुकानों पर नशे की यह सामग्रियां भी आराम से मिल जा रही है। बरही में अधिकांश स्कूल सड़क के किनारे स्थित हैं। स्कूलों के गेट के सामने ही ऐसे कितने दुकानें हैं जहां पान मसाला और गुटखा बिकता है। प्रशासन और शिक्षा विभाग धूम्रपान और गुटखा निषेध पर कितना संजीदा है, इसे खुलेआम बिकते देखकर ही लगाया जा सकता है।

शिक्षण संस्थानों के पास गुटखा और तंबाकू का दुकान खोलना निषेध है। शिक्षण संस्थानों से 100 गज के दायरे में तंबाकू पदार्थ बेचना दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। शिक्षण संस्थानों के प्रभारी को मुख्य प्रवेश द्वार पर एक बोर्ड लगाना आवश्यक है, जिसमें लिखा हो कि शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू पदार्थ बेचना दंडनीय अपराध है। उक्त नियमों के उल्लंघन पर दो सौ जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है।

**क्या कहते है अनुमंडल पदाधिकारी :** इस संबंध में पूछे जाने पर बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुड्डू ने कहा कि वास्तव में यह एक चिंता जा विषय है, बहुत जल्द एक कमिटी का गठन कर शिक्षण संस्थान 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### केरेडारी में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

करेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के कृषि फॉर्म के मैदान में जिला स्तरीय जनता जनप्रतिनिधि फूटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ! इस टूर्नामेंट का पहला मैच तूफान युवा क्लब हेवई व आईएफसी ब्रदर क्लब मसूरिया के बिच व दूसरा मैच मां शबरी क्लब गोविंदपुर धनगड्डा व महाकाल टीम टूटकी सिमरिया की टीमों के बिच खेला गया। वहीं तूफान युवा क्लब करेडारी व महाकाल टीम टूटकी ने रोमांचक मुकाबले में सामने वाली टीम को पराजित किया।

### भागीदारी न्याय सम्मेलन में हजारीबाग के कई कांग्रेस नेता हुए शामिल

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व ने किया। इस सम्मेलन में हजारीबाग के कई कांग्रेस ओबीसी नेता शामिल हुए। ओबीसी कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुजीत नागवाला, ओबीसी मोर्चा की प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, ओबीसी के वरीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोप के अलावा कई नेता और कार्यकर्ता इस सम्मेलन में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस के नेता और विपक्ष के आवाज गरीबों सूचित और दलितों की आवाज राहुल गांधी जी ने स्पष्ट कहा है की ओबीसी की जितनी हिस्सेदारी है उसके अनुरूप उनकी भागीदारी देनी होगी और हम लोग यह भागीदारी केंद्र सरकार से छीन कर लेने का काम करेंगे। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिलजय हिंद ने कहा कि यह जो लड़ाई है आज यहां से शुरू हुई है और हम लोग इसको अंजाम तक पहुंच कर ले जाने का काम करेंगे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने कहा कि आज पूरे देश के ओबीसी राहुल गांधी में एक उम्मीद दिखती है और उन्हें लगता है कि राहुल गांधी ओबीसी के लिए कुछ भला कर सकते हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रकाश कुमार, दीपक गुप्ता, मनोज यादव, अरुण साहू, मदन महतो शमशेर आलम, पूनम यादव, ओबीसी प्रदेश प्रवक्ता परवेज आलम, कैसफ राजा, रविंद्र गुप्ता, दिलदार अंसारी समेत कई शामिल थे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



बरही (आजाद सिपाही)। बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बीते दिन एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र - छात्राओं ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी निर्मला पंडित ने कहा कि पेड़ पौधे से हमें ऑक्सीजन मिलता है। उन्होंने छात्र - छात्राओं को अपने घरों में जाकर एक पेड़ मां के नाम कम से कम एक पौधा लगाने को लेकर जागरूक किया। साथ ही उन्होंने छात्रों से पेड़ पौधों की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों की रक्षा करना हम सभी की दायित्व है। पेड़ लगाने के ज्यादा से ज्यादा लोगों की जागरूक करना चाहिए। ताकि पौधरोपण कर पर्यावरण को संतुलित किया जा सके। मौके पर विद्यालय के शिक्षक समेत विद्यालय के सैकड़ों छात्र - छात्राएं मौजूद थे।

# अंकित, रूमकी और राकेश ने जेपीएससी में सफल होकर दिखायी राह, संघर्ष के आगे ही जीत तय है

आजाद सिपाही संवाददाता







**कोडरमा।** जिले में इस बार कई युवाओं ने संघर्ष के दम पर सफलता हासिल कर राह दिखाई है। इनमें कुछ की कहानी निश्चित तौर पर दूसरों के लिए प्रेरणादायी है। विपरीत परिस्थितियों और पारिवारिक संघर्षों के बीच पढ़ाई कर डोमचांच के अंकित राज ने पहली बार में ही जेपीएससी 2023 में 19वीं रैंक हासिल कर मिसाल कायम की है। डोमचांच प्रखंड के भेलवाटांड गांव निवासी अंकित के सिर से पिता का साया वर्ष 2001 में ही उठ गया था। मां सुमित्रा देवी के अलावा बड़ी मां सीता देवी और बड़े पापा त्रिवेणी मोदी ने हमेशा उसका ध्यान रखा। अंकित की दादी फुलवंती देवी हमेशा चाहती थीं कि उनका पोता पढ़-लिखकर कुछ बड़ा बने। इस बीच दादी और बड़े पापा का 2018 में निधन अंकित के लिए अपूरणीय क्षति थी। अंकित ने बचपन जयनगर में फुफा बिनाद बरनवाल के यहां बिताया। वहां से नर्सरी और फिर तिलैया से पांचवीं तक और फिर भेलवाटांड डोमंचाच में रहकर दसवीं तक की पढ़ाई की। साइंस कालेज हजारीबाग से बारहवीं साइंस में राज्य में दसवां स्थान प्राप्त किया। अपने खर्च के लिए उन्होंने होम ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया।कोरोना की वजह से लॉकडाउन के दौरान अंकित घर लौटे और यूट्यूब व ऑनलाइन संसाधनों की मदद से तैयारी की। अंकित के अनुसार, वे हर दिन कम से कम आठ घंटे पढ़ाई करते और परीक्षा के तीन महीने पहले इंटरनेट से पूरी तरह दूरी बना ली थी। अंकित ने बताया कि खुद पर भरोसा रखें और पढ़ाई के प्रति ईमानदार रहेंगे तो सफलता मिलेगी ही। इधर मरकच्चो प्रखण्ड के अम्बाडीह निवासी तुलसी पासवान की बेटी रूमकी कुमारी ने सफलता की नई कहानी लिखी है। गांव की बेटी ने झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र और परिवार का नाम रौशन किया है। रूमकी कुमारी ने 273 रैंक लाकर प्रोबेशन पदाधिकारी के रूप में सफलता प्राप्त की है। साधारण आर्थिक पृष्ठ भूमि से ताल्लुक रखने वाली इस बेटी ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी पढ़ाई जारी रखी और अथक प्रयास से यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता से न सिर्फ परिजन बल्कि पूरे गांव व प्रखण्ड में खुशी का माहौल है। रूमकी कुमारी के पिता एक गृहस्थ व माता गृहणी है। रूमकी पांच बहन व एक भाई है। रूमकी कुमारी के भाई देव कुमार प्रसाद भी जेपीएससी परीक्षा में सफल होकर वर्तमान में जिला नियोजन पदाधिकारी हजारीबाग में अपनी सेवा दे रहे हैं।

### भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को डोमचांच थाना अंतर्गत शहीद चौक के पास एक चाय दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भारी मात्रा में भंडारण कर व्यापार तथा परिवहन करने की सूचना मिली। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार के नेतृत्व मे एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डोमचांच थाना क्षेत्रान्तर्गत शहीद चौक के पास स्थित चाय दुकान एवं मकान मे छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस को दुकान एवं मकान में भारी मात्रा में कार्टुन में रखा विभिन्न कंम्पनियो का अवैध अंग्रेजी शराब कुल 303 पीस बिभिन्न मात्रा का बोतल जो लगभग 137 लीटर एवं विभिन्न कंम्पनियो का बीयर कुल 256 पीस बरामद किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस के द्वारा अवैध शराब का भंडारण कर परिवहन एवं व्यापार करने वाले एक अभियुक्त सुरज साव, पिता- स्व जगदीश साव, ग्राम महथाडीह (सिंगलोडीह), थाना डोमचांच को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में डोमचांच थाना कांड संख्या- 60/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी पुअनि ओम प्रकाश कुमार, सुबोध कुमार पाठक, प्रेम सागर व सशस्त्र बल डोमचांच थाना की भूमिका रही ।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त, मामला दर्ज

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के विश्रामपुर से अवैध बालू लगे एक ट्रैक्टर को बड़कागांव पुलिस में जब्त किया है। इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि गुप्त रूप से सूचना प्राप्त हुआ था कि अवैध बालू लदा ट्रैक्टर का परिचालन हो रहा है उसको लेकर पुलिस में छापामारी किया जिसमें एक अवैध बालू लदा एसर ट्रैक्टर कलर सिल्वर को जप्त कर बड़कागांव थाना लाया गया।

### सदर प्रखंड के शिफ्टेड वीएलइ तीन दिन तक अपना काम करेंगे स्थगित, बीडीओ को दिया आवेदन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सदर प्रखंड अंतर्गत शिफ्टेड वीएलाई ने तीन दिन तक अपने कार्य को स्थगित रखने को लेकर बीडीओ नीतू सिंह को आवेदन दिया है। इनलोगों ने अपने आवेदन में कहा है कि चतरा जिला के शिफ्टेड वीएलाई शैलेन्द्र सिंह के द्वारा आत्महत्या किया गया है। उस दिवंगत आत्मा की शांति व उनके परिवार के लोगों को न्याय दिलाने के लिए राज्य भर के शिफ्टेड वीएलाई तीन दिन तक अपने कार्य को 25 जुलाई से लेकर 29 जुलाई तक कार्य को स्थगित रखेगें। साथ ही इनलोगों ने मांग किया है कि उनके द्वारा की गई आत्महत्या पर न्याय करते हुए उनके परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाय।

### भू-अर्जन कार्यालय पर बिना जांच पड़ताल मुआवजा देने को लेकर उपायुक्त से शिकायत कर सौंपा आवेदन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भू-अर्जन कार्यालय पर बिना जांच पड़ताल किए मुआवजा देने को लेकर रैयत ध्रुव नारायण ओझा ने उपायुक्त से शिकायत कर आवेदन सौंपा है। सौंपे गये आवेदन में कहा गया है कि केरेडारी प्रखंड के तरहेसा गांव के ध्रुव नारायण ओझा को एनटीपीसी के द्वारा मकान का मुआवजा दो लाख 54 हजार 504 रुपया का भुगतान किया गया। भुगतान होने के बाद उनके बड़े भाई अवध किशोर ओझा ने भू-अर्जन कार्यालय में अपनी दावेदारी पेश करते हुए मुआवजा राशि की मांग कर दी। जबकि उक्त मकान ध्रुव नारायण ओझा के हिस्से में था। जिसकी पंचायत उनके पिता जयवीर ओझा और ग्रामीणों की उपस्थिति में हुई थी। इसी आधार पर एनटीपीसी ने उन्हें मुआवजा राशि का भुगतान किया।

## मांडूडीह में चोरों का आतंक, तीन घरों से नगद समेत जेवरात की चोरी



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मांडूडीह में बीते रात अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन घरों पर निशाना बनाया। इस दौरान अज्ञात चोरों ने तीन घरों में सफल और तीन घरों में चोरी करने में असफल रहे। जानकारी के अनुसार गुरुवार की मध्य रात्रि मांडू डीह स्थित लक्ष्मीनगर में टिंकू कुमार, राजेश कुमार और संजीत कुमार के घर धावा बोला। जहां पर चोरों ने टिंकू कुमार के घर का ताला तोड़ कर घुसे और घर में रखे गोदरेज को तोड़ा और उसमे रखे नगदी बीस हजार रुपए और चांदी का पायल ले कर फरार हो गया। वहीं अन्य दो घरों में चोर चोरी करने में असफल रहे। जबकि अति प्राचीन शिव मंदिर (मनोकामना बाबा) स्थित तुलसी साव और सुंडी टोला में राजदेव प्रसाद और चंद्रदेव प्रसाद के घर में चोरों ने धावा बोला। जहां तुलसी साव के घर ताला तोड़ कर घुसे लेकिन उक्त घर में परिवार के सदस्य जग रहे थे। यह देखकर चोर भाग गया, परन्तु राजदेव साव व चंद्रदेव प्रसाद के घर पर गोदरेज को तोड़ा और कुछ नगदी समेत कपड़ा लेकर नौ दो ग्यारह हो गया। इधर चोरी की खबर सुनकर मांडू पुलिस घटना स्थल पहुंचे और पीड़ित लोगों से जानकारी ली। वहीं सभी भुक्त भोगियों ने मांडू पुलिस को आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## सीसीएल परियोजना पदाधिकारी से मिला बीसीकेयू प्रतिनिधिमंडल



पतरातू (आजाद सिपाही)। बीसीकेयू यूनियन के प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को सौंदा डी परियोजना पदाधिकारी कैलाश कुमार से मिले। इस दौरान यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने परियोजना पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया। और यूनियन के सदस्यों ने परियोजना पदाधिकारी से सौंदा डी को उजाड़ने से पहले बसाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर परियोजना पदाधिकारी ने आशवासन दिया कि उजाड़ने से पहले बसाया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रीय सचिव अर्जुन सिंह रविन्द्र पासवान, दशरथ सिंह जयश्री यादव आदि मौजूद थे।

## बिरहोर कॉलोनी में शिविर का आयोजन



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू के डाडीडीह स्थित बिरहोर कालोनी में शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, कोतो पंचायत की मुखिया निधि सिंह, एलडीएम दिलीप महली, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी समित कुमार, शनि कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल थे। इस शिविर में बिरहोर परिवारों के जीवन स्तर के उत्थान के लिए उनके बैंक अकाउंट खोले गये। इसके अतिरिक्त पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ा गया। इसके साथ बिरहोर परिवारों के सभी सदस्यों का स्वास्थ जांच भी करवाये गये। इसके तहत उनका रक्तचाप, शुगर, मलेरिया सहित कई प्रकार की जांच की गयी। और जरूरत के अनुसार दवाइयों का भी निशुल्क वितरण किया गया। पशुपालन पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, एएस पांडे, अखिलेश राय, ऋतिक सिंह, रंजिता कुमारी, अरुण कुमार, आदित्य कुमार, अमरेंद्र कुमार, नितिन कुमारी, रीना देवी, इलामणि देवी सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## 'सब्जी उत्पादन प्रणाली का सशक्तिकरण' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़,भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पूर्वी अनुसंधान परिषद पटना ,जिला प्रशासन गोला एवं भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के तकनीकी सहयोग से सब्जी उत्पादन प्रणाली का सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक सब्जी उत्पादक किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज किस्मों, कीट एवं रोग प्रबंधन, पोषण वाटिका की स्थापना, जैविक खेती, फसल विविधीकरण, मूल्यवर्धन एवं विपणन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अबानी कुमार सिंह प्रधान फार्मिंग सिस्टम्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर हिल एंड प्लेटू रीजन ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि टिकाऊ कृषि प्रणाली में सब्जी उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कृषक हित में चल रही सब्जी मिशन जैसी योजनाओं की जानकारी दी।साथ महिला किसानों की भागीदारी की सराहना की मौके पर गीता देवी, उपप्रमुख विजय ओझा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, इंद्रजीत, अजय यादव आदि थे।

## रघुवर दास से मिले उज्ज्वला फाउंडेशन के अध्यक्ष



कुजू (आजाद सिपाही)। पूर्व सीएम रघुवर दास से शुक्रवार को उज्ज्वला फाउंडेशन अध्यक्ष सह भाजपा ओबीसी मोर्चा का रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने रांची स्थित आवासीय कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रघुवर दास को बुके भेंटकर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर ने फाउंडेशन को आगे बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। जिस पर रघुवर दास ने कहा कि अबतक फाउंडेशन को नि:स्वार्थ भावना से चलाने को लेकर बधाई दी। साथ ही, फाउंडेशन का विस्तार करने पर जोर दिया। वहीं, जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि अगस्त माह में उज्जवला फाउंडेशन का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से रघुवर दास शामिल होंगे। मुलाकात करने वालों में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, मांडू मंडल उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, सुखदेव सोनी, दशरथ प्रसाद केशरी शामिल रहे।

# 15 लाख की अफीम के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



चतरा। पुलिस ने प्रतिबंधित अफीम कारोबारियों पर एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 15 लाख रुपये मूल्य की अफीम की बड़ी खेप जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इस मामले की जानकारी देते हुए अफीम की खरीद-बिक्री की मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघानी टोला के ललकीमाटी रोड पर रणनीति के तहत जाल बिछाया। पुलिस की टीम ने इसी दौरान अफीम की खरीद-बिक्री करते हुए दो तस्करों को रंगे हाथ धर दबोचा तथा उनके पास से 3 किलो 260 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया। जिसका बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार किए गए दोनों तस्कर सोनू कुमार यादव उर्फ प्रमोद यादव 24 वर्षीय तथा तेतरिया गांव निवासी पीयूष कुमार 18 वर्षीय मेराल गांव के रहने वाले हैं।

पुलिस ने दोनों तस्करों के पास से अफीम के अलावा तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एक मोटरसाइकिल, वजन करने वाली एक डिजिटल मशीन, एक स्टील का डब्बा, एक काला बैग, पांच एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड तथा एक आरसी कार्ड भी जब्त किया है।

## झोपड़ीनुमा होटल से युवक का शव बरामद

गोला (आजाद सिपाही)। थाना से महज कुछ दूरी में स्थित डाकबंगला परिसर के बाहर में बने झोपड़ीनुमा होटल से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान चाडी पंचायत के बांसगढ़ा निवासी भोला बेदिया पिता मंशु बेदिया 30 वर्ष के रूप में हुई है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक गोला में ही रहकर मजदूरी का काम करता था। वह कभी कभार ही घर आता था। जबकि रात को वह इधर उधर रहकर ही गुजारा करता था। घटना की सूचना पाकर थाना पहुंचे परिजनों ने पुलिस को इसे अस्वभाविक मौत मानते हुए पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए शव को अपने साथ घर ले गये। इधर इस बात की चर्चा जोरो पर है कि थाना से महज कुछ ही दूरी में शव मिलना कई बिंदुओं को जन्म देता है। जबकि थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी,लूटपाट और कई तस्करी का धंधा की घटनाएं आम हो गयी हैं। इसके बावजूद पुलिस हाथ पर धर के बैठी हुई है।

## प्रखंड प्रमुख ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की बैठक



चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रमुख अनिता यादव के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग कर्मियों की एक बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम मारूफ खान मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में उपस्थित एनएम,सीएचओ, बिटिटी,सहिया साथी को प्रत्येक गांव में जाकर फाइलेरिया का दवा खिलाने का निर्देश दिया। जिसमें गर्भवती महिला, बीमार व्यक्ति,वृद्ध व्यक्ति या फिर जिसका इलाज के कारण दवा चल रहा हो वैसे लोगों को दवा नहीं खिलाने का निर्देश दिया।यह अभियान आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा।मौके पर स्वास्थ्य विभाग कर्मी संगीता कुमारी,नीलू कुमारी,सुचिता देवी,लालमणि देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## सांसद कालीचरण सिंह ने दिवंगत आत्मा को दी श्रद्धांजलि



चतरा (आजाद सिपाही)। सांसद कालीचरण सिंह शुक्रवार को दौरे पर गिद्धौर पहुंचे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार तथा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इसी क्रम में सांसद कालीचरण सिंह ने बारीसाखी गांव निवासी देवकुमार दांगी के दिवंगत पिता के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सांसद कालीचरण सिंह ने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर सतेंद्र दांगी, प्रसादी पासवान, देवकुमार साव समेत अन्य मौजूद थे।

# स्टूडेंट सर्किल कोचिंग संस्थान के तीन छात्र जेपीएससी में सफल

आजाद सिपाही संवाददाता





रजरप्पा। 1997 से संचालित स्टूडेंट सर्किल कोचिंग संस्थान के तीन छात्रों का जेपीएससी में उल्लेखनीय सफलता दिलाने में अहम भूमिका रही छात्र-छात्राओं को दिया गया संस्थान की ओर हार्दिक बधाई। शिक्षकों ने बताया कि कठिन मेहनत और परिश्रम के बल पर छात्र अपनी मेहनत करते हैं पिछले कई दशक से जेपीएससी के अलावे जेएसएससी नीट सहित दर्जनों तरह के प्रतियोगिता परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है जहां से प्रत्येक वर्ष संस्थान का लाभ उठाकर छात्र-छात्राएं भविष्य मंजिल हासिल करते हैं। बताया गया इसमें स्टूडेंट सर्किल, रेडियम रोड, रांची को यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि संस्थान के तीन होनहार छात्रों 114वां रैंक हासिल कर जयंत कुमार को (वित्त सेवा) मिला, 216 वां रैंक लाकर रामजीत हेंब्रम को (प्रशासनिक सेवा) प्राप्त हुआ जबकि 115 वां रैंक में सौरभ कुमार (शिक्षा सेवा) के अधिकारी बने रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड के सोसो उसरा निवासी कृष्ण सिंह के पुत्र सौरभ कुमार ने जेपीएससी की परीक्षा में शिक्षा सेवा पद को हासिल कर पूरे रामगढ़ जिला सहित माता-पिता का नाम रोशन किया है जेपीएससी की 11वीं एवं 13वीं जेपीएससी परीक्षा में अंतिम रूप से चयन प्राप्त किया है। संस्थान इन सभी प्रतिभाशाली युवाओं को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता है। यह उपलब्धि उनकी कठिन मेहनत,समर्पण और निरंतर प्रयास का सजीव प्रमाण है।स्टूडेंट सर्किल वर्ष 1997 से झारखंड के युवाओं को सिविल सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सशक्त मार्गदर्शन प्रदान करता आ रहा है। संस्थान के छात्र आज राज्य व देश के विविध उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

## जेपीएससी की परीक्षा में रामगढ़ के रौशन को मिला 128वां रैंक



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के पारसोतिया निवासी सह व्यवसायी महेंद्र प्रजापति के पुत्र रौशन कुमार दिव्यांशु ने जेपीएससी की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 128वां रैंक हासिल किया है। उसके पिता महेंद्र प्रजापति ने बताया कि दिव्यांशु को पहली बार में ही जेपीएससी की परीक्षा में सफलता मिली है। परीक्षा में उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर परिजनों सहित स्थानीय लोगों ने हर्ष जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। पिता महेंद्र प्रजापति व माता वीणा देवी ने बताया कि रौशन कुमार दिव्यांशु ने दसवीं की शिक्षा डीएवी हजारीबाग व बारहवीं की पढ़ाई डीपीएस रांची से की है। बीआईटी सिंदरी से उसने मैकेनिकल इंजीनियर का भी कोर्स पूरा किया है।

## टंडवा सूर्य मंदिर विकास समिति का विस्तार

टंडवा (आजाद सिपाही)। सूर्य मंदिर विकास समिति चुन्दरू धाम टंडवा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार समिति का किया गया विस्तार। जिसमें उपाध्यक्ष,मंत्री, मीडिया प्रभारी,मुख्य संरक्षक,संरक्षक पद की जिम्मेवारी दी गयी है। आगे बताया गया है कि सूर्य मंदिर विकास समिति में बने 202 आजीवन सदस्यों के अंदर ही चयनित किया गया है। इसमें उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, जगेश्वर दास, रंजित कुमार गुप्ता, प्रकाश पाठक,नंदा थापा, अवध राज, बलराम कुमार गुप्ता, शशि चौरसिया,मनोज मालाकार,बबलू प्रसाद गुप्ता, राजेश साव,मुकेश प्रजापति, कुंदन पासवान, मीनू गुप्ता, मंत्री अशोक ठाकुर, अर्जुन कुमार दास, बाल कृष्ण यादव,प्रदीप प्रजापति,रंजित गुप्ता, मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, संरक्षक मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव, विनय कुमार सिंहा, जयमंगल देव नायक, प्रेम विकास, सुजीत सिंह, राजकुमार नारायण दास,अक्षयवट पांडेय,गणेश गुप्ता,सुभाष चंद्र, जगलाल विश्वकर्मा,राजेश सोनी सहित दर्जनों लोगों का नाम समिति विस्तार में शामिल है बताया गया।

## जेएमएम हजारीबाग जिला के संगठन सचिव बने गणेश गंझू



उरीमारी (आजाद सिपाही)। पोटंगा पंचायत क्षेत्र के पोटंगा निवासी विस्थापित नेता गणेश गंझू को हजारीबाग जिला समिति के मनोनयन पर केंद्रीय समिति के द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला संगठन सचिव मनोनीत किया गया है। गणेश गंझू के मनोनयन पर पूरे उरीमारी क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। मनोनयन पर श्री गंझू ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के तरफ से हमें जो जिम्मेवारी मिली है उसे मैं निष्ठा पूर्वक निभाऊंगा और पार्टी की मजबूती पर पहली प्राथमिकता होगी। इनके मनोनयन पर विस्थापित नेता सह झामुमो के केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, विस्थापित नेता संजय करमाली, मोहन सोरेन, सूरज बेसरा,जीतन मुंडा, बिनोद हेंब्रम, पंकज हेंब्रम, रविन्द्र सोरेन, विजय सोरेन, अजय करमाली, अजय मरांडी, आनंद बेसरा, अजय बेसरा, सुखराम, बिनोद सोरेन, राजेंद्र गंझू सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

# जेएससीए पदाधिकारियों का खेल प्रेमियों ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिला क्रिकेट प्रेमी ने शुक्रवार को शहर के लामीरेंट होटल के सभागार में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों का स्वागत सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। जेएससीए के आजीवन सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के नेतृत्व में आयोजित अभिनंदन समारोह में क्रिकेट प्रेमियों ने जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, सचिव सौरभ तिवारी, उपाध्यक्ष संतोष पांडेय, सदस्य संजय जैन सहित रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन, कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र प्रसाद साहू, सुबोध पांडेय , जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष माणिक चंद जैन सहित एसोसिएशन के कई पदाधिकारियों का गर्मजोशी के साथ बुके, अंगवस्त्र व प्रतिक चिन्ह देकर स्वागत किया। मौके पर जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड प्रदेश में क्रिकेट के खेल को बढ़ावा दिया जायेगा। जिससे क्रिकेटरों को एक मंच मिल सके। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने को कहा। इमानदारी से खेलने पर उन्हें जरूर सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्र में समय-समय पर टूर्नामेंट का आयोजन करें।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया 'रैनी डे'



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 'रैनी डे' कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में नर्सरी एवं एलकेजी कक्षा के नन्हे-मुन्नों बच्चों ने पूरे जोश से भाग लिया। थीम के अनुसार रंग-बिरंगे वर्षा ऋतु के परिधानों में सजे बच्चों ने स्कूल का वातावरण को आनंद और रंगों से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत छतरियों के साथ मनमोहक नृत्य से हुई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने बादल, मछली, कोयल, बारिश की बूंदे, रैंबो इत्यादि का रूप धारण किया। बच्चों को हिंदी और अंग्रेजी में कविता पाठ करवाया गया। बच्चों ने छाता लेकर रैंप वॉक भी किया। इसके साथ ही बादलों से सजा हुआ सेल्फी कॉर्नर भी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अंत में बच्चों ने बारिश के गीतों पर डांस ही किया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा बच्चों को वर्षा ऋतु के बारे में जानकारी दी। साथ ही इसके फायदे और सावधानियों से अवगत कराया गया। मौके पर प्राचार्या हरजाप सिंह ने बताया कि वर्षा से प्रकृति हरी-भरी होती है और वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने सभी को सराहना करते हुए तरह हर गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## जेपीएससी में 179 वां रैंक लाकर चितरपुर सांडी के अमित चौधरी बने श्रम अधिकारी



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। जेपीएससी की अंतिम फाइनल परीक्षाफल आयोग द्वारा जारी किया गया जिसमे रजरप्पा सांडी निवासी अमित कुमार चौधरी ने 179 वां प्राप्त कर झारखण्ड के श्रम अधीक्षक अधिकारी बने। अमित की प्राइमरी से लेकर इंटर साइंस रजरप्पा डीएवी स्कूल से शिक्षा अध्ययन किया तत्पश्चात रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल किया। जेपीएससी की परीक्षा मे पहली बार शामिल हुए और पहले मे ही अपनी मंजिल हासिल कर ली। अधिकारी बनने से पूरा रजरप्पा चितरपुर पैतृक गाँव सांडी मे काफी खुशी का माहौल है। अमित के पिता सांडी निवासी देवनारायण चौधरी उर्फ डीएन माता चंचला चौधरी के दो पुत्र अभिनव चौधरी और अमित चौधरी है। पिता ने बताया की दोनों बेटा काफी लगन शील और मेहनतकस थे जिससे परिणाम बेहतर हुआ। अधिकारी बनने पर ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर बुके देकर और मिठाई खिलाकर ढेर सारे बधाई दिया गया बधाई देने वालों मे चंद्रशेखर चौधरी, मनोज पटेल निर्मल महतो, दुर्गा चौधरी, उमाशंकर चौधरी राजेंद्र महतो, शेखर महतो, सुमन महतो सिकंदर सिंह, बसीर अंसारी, प्रदीप महतो, सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल आरा में स्पोर्ट्स का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



कुजू। डीएवी पब्लिक स्कूल, आरा (कुजू) में शुक्रवार को दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स का भव्य आयोजन किया गया। डीएवी स्पोर्ट्स कलस्टर पांच लेवल टूर्नामेंट के तहत फुटबॉल, कबड्डी और क्रिकेट का विधिवत शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू, जीएम राजीव कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित व खेल ध्वजारोहण कर की। इससे पूर्व, विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने आगत अतिथियों का उपहार स्वरूप पौधा व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। मार्च पास्ट का अवलोकन के बाद जीएम राजीव सिन्हा ने कहा कि खेल में खेल भावना महत्वपूर्ण होता है। प्रत्येक खिलाड़ी को खेल भावना का परिचय देते हुए हर खेल को खेलना चाहिए। डीएवी का विद्यार्थी देश के हर क्षेत्र में एक नई उपलब्धि के साथ पहचान बना रहे हैं। हमें गर्व है कि डीएवी कम खर्च में बेहतर शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध कराकर शिक्षण क्षेत्र में एक नामचीन है। वहीं, डीएवी निदेशक (झारखंड जोन डी) सह डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य सह सुजीत कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को भारत का सूर्य बताया।

**नौ विद्यालयों के 324 खिलाड़ी हुए शामिल :** डीएवी कलस्टर पांच अंतर्गत डीएवी ढोरी, दुगधा, भंडारीदह, कथारा, तेनुघाट, घाटो, चैनपुर, स्वांग व आरा के 324 खिलाड़ियों ने फुटबॉल, कबड्डी एवं क्रिकेट में भाग लिया है। निर्णायक मंडली में रेफरी कालीकांत झा, अमित कुमार, संदीप कुमार, विशाल कुमार, अभय, पवन, शिवम और अरुण शामिल रहे।

**कबड्डी में चैंपियन बना डीएवी आरा और क्रिकेट में दुगधा :** आयोजित स्पोर्ट्स कबड्डी अंडर 19 (बालिका वर्ग) डीएवी आरा (कुजू) ने डीएवी भंडारीदह को फाइनल में हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जबकि अंडर -17 (बालिका वर्ग) में भी आरा ने ढोरी को फाइनल मैच में हराकर विजेता बना। इधर, उद्घाटन फुटबॉल मैच अंडर 14 (बालक वर्ग) में ढोरी ने कथारा को 5-0 से हराया। जबकि क्रिकेट फाइनल मुकाबला अंडर 14 (बालक वर्ग) में डीएवी दुगधा ने ढोरी को 21 रनों से हराकर चैंपियन बना।

## आज पूर्व सैनिक याद करेंगे कारगिल के शहीदों को

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क (रामगढ़ जिला कार्यालय के समीप) कारगिल के शहीदों को शनिवार को श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 से 1 बजे तक रखा गया है। इस अवसर पर जिले के उपायुक्त, एसपी एवं अन्य को कारगिल के शहीदों को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को लेकर संयोजक पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संगठन मंत्री रंजन फौजी ने बताया कि कारगिल युद्ध विश्व के 10 महत्वपूर्ण युद्धों में से एक युद्ध था, जिसने भारतीय सेना ने अपने अदम्य शौर्य एवं वीरता का परिचय देते हुए दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वीर नारियों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित करने, देशभक्ति का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शहिद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम रखा गया है।

# विन विन डील

भारत और ब्रिटेन के बीच आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो ही गया, जिसका फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है।

**व्यापार बढ़ेगा :** भारत और ब्रिटेन के बीच पुराने व्यापारिक रिश्तों के बावजूद 2023-24 में केवल 21.34 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए यह आंकड़ा बहुत कम है। माना जा रहा है कि ट्रेड डील से सालाना व्यापार 34 बिलियन डॉलर तक बढ़ जायेगा। दोनों देश साल 2030 तक इसे 120 बिलियन डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाना चाहते हैं।

**संतुलन लाने में मदद :** इस समझौते को लेकर लंबे समय से बातचीत चल रही थी और हाल में इसमें तेजी आयी। इसके पीछे एक वजह अमेरिका की टैरिफ नीतियां हैं। डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी ने पूरी दुनिया में अनिश्चितता बढ़ा दी है। ऐसे में इस तरह के द्विपक्षीय समझौते से दोनों देशों को इस अनिश्चितता को घटाने और व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**मेड इन इंडिया :** भारत के लिहाज से यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99% निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजों पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेंगी। डील से एक बड़ा फायदा होगा टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को। इनसे मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। अभी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8% है, जबकि चीन की 28.8%। इसी तरह, देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 17% है और सरकार इसे 25% तक बढ़ाना चाहती है। इस तरह की डील से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार होगा।

**इकॉनमी के मोर्चे पर आनेवाली चुनौतियों से निपटने में ऐसी डील सहायक होती हैं। इस बीच अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील होती है, तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर कदम बढ़ेंगे।**

**कृषि सेक्टर को फायदा :** व्यापारिक समझौते के लिए इस समय भारत की बातचीत अमेरिका से भी चल रही है। वहां कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर रस्साकशी है। अमेरिका इन दोनों क्षेत्रों में खुली छूट चाहता है, जबकि अपने लोगों के हितों को देखते हुए भारत ऐसा नहीं कर सकता। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार होने से भारत के कृषि उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

**बात आगे बढ़े :** साल 2014 के बाद से भारत ने मॉरिशस, यूएइ, ऑस्ट्रेलिया और इएफटीए के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है। यूरोप से बातचीत जारी है, जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। इकॉनमी के मोर्चे पर आने वाली चुनौतियों से निपटने में ऐसी डील सहायक होती हैं। इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील होती है, तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर कदम बढ़ेंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**उत्तर भारत के राज्यों में बादल फटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन, चढ़ते पारे सहित अन्य कारणों से बादलों की चाल बदल रही है। पहाड़ी क्षेत्रों में भी जंगलों की लगातार कटान के चलते बादल फटने पर भारी तबाही हो रही है। इसका पहाड़ों के साथ जमीन पर प्रभाव दिख रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार विकास की आड़ में हरियाली की लगातार कटौती और बढ़ते प्रदूषण से भविष्य में मौसम संबंधी चुनौतियां और बढ़ेंगी।**

# जंगल हो रहे पेड़ों से खाली, बढ़ रहा तबाही का मंजर

अमित कुमार

पिछले 13 वर्षों में जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की 168 घटनाएं दर्ज की गयी हैं, जो औसतन हर साल 13 बार सामने आती हैं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान और जंगलों की कटाई इसके प्रमुख कारण हैं, जिससे पहाड़ी इलाकों में तबाही का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

उत्तर भारत के राज्यों में बादल फटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन, चढ़ते पारे सहित अन्य कारणों से बादलों की चाल बदल रही है। पहाड़ी क्षेत्रों में भी जंगलों की लगातार कटान के चलते बादल फटने पर भारी तबाही हो रही है।

इसका पहाड़ों के साथ जमीन पर प्रभाव दिख रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार विकास की आड़ में हरियाली की लगातार कटौती और बढ़ते प्रदूषण से भविष्य में मौसम संबंधी चुनौतियां और बढ़ेंगी। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के पिछले 13 वर्षों (2010 से 2022) के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो जम्मू-कश्मीर में 168 अचानक बाढ़ आने की घटनाएं हुईं, यानी हर साल बादल फटने की औसतन 13 घटनाएं हो रही हैं और ये लगातार बढ़ रही हैं। इसका अधिकांश प्रभाव पहाड़ी क्षेत्रों में मानसून के दौरान नजर आता है।

**पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक ओपी शर्मा का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण से लगातार बादलों की बनावट में परिवर्तन आ रहा है।**

इन वर्षों में किश्तवाड़, अनंतनाग, गांदरबल और डोडा जिला सबसे अधिक अचानक बाढ़ की घटनाओं से प्रभावित हुआ है, जबकि जिला जम्मू, श्रीनगर, अनंतनाग और कठुआ भारी बारिश की श्रेणी में रहा है। इन इलाकों में 100 से 200 मिलीमीटर की श्रेणी बारिश दर्ज की गयी है। पहाड़ी क्षेत्रों में भी जंगलों की लगातार कटान अचानक भारी बारिश के दबाव और रफ्तार को कम नहीं कर पा रही है, जिससे निचले मैदानी इलाकों में तबाही के मंजर बढ़ रहे हैं। इस मानसून में पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि में बादल फटने की घटनाओं से भारी तबाही हो चुकी है। प्रदेश में भी ताजा घटनाओं में कठुआ, चिनैनी, गुरेज, पुंछ आदि क्षेत्रों में बादल फटे हैं। पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक ओपी शर्मा का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण से लगातार बादलों की बनावट में परिवर्तन आ रहा है। पहले जंगलों में खूब पेड़, घास, झाड़ियां आदि होते थे, जिससे बादल फटने के दौरान ऊपर से तेज दबाव से आने वाले पानी की गति कम हो जाती थी, लेकिन अब पहाड़ों पर भी पेड़ों की लगातार कटान से बादल फटने पर पानी अपने साथ मलबा लेकर नीचे आ रहा है, जिससे तबाही का स्तर बढ़ रहा है।



**इन वर्षों में किश्तवाड़, अनंतनाग, गांदरबल और डोडा जिला सबसे अधिक अचानक बाढ़ की घटनाओं से प्रभावित हुआ है, जबकि जिला जम्मू, श्रीनगर, अनंतनाग और कठुआ भारी बारिश की श्रेणी में रहा है। इन इलाकों में 100 से 200 मिलीमीटर की श्रेणी बारिश दर्ज की गयी है। पहाड़ी क्षेत्रों में भी जंगलों की लगातार कटान अचानक भारी बारिश के दबाव और रफ्तार को कम नहीं कर पा रही है, जिससे निचले मैदानी इलाकों में तबाही के मंजर बढ़ रहे हैं।**

## एक घंटे में बरसता है कहर बनकर पानी

एक ही घंटे में आसमान से 100 मिलीमीटर पानी बरस जाताबादल फटने की घटना में एक सीमित जगह पर बादलों से वर्टिकल रूप से एक घंटे के भीतर 100 मिलीमीटर तक बारिश हो जाती है। यह बारिश अचानक बाढ़ का रूप ले लेती है। पानी का दबाव इतना होता है कि उसके आगे आने वाली हर चीज बहकर चली जाती है और अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को तबाह कर देती है। इस स्थिति में एक सीमित जगह पर हवा में भारी नमी रहती है, जिससे उसी जगह पर बादलों का सारा पानी गिर जाता है।

## पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ रहा खतरा

मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के निदेशक डॉ. मुख्तियार अहमद के अनुसार बादलों के फटने की घटनाओं से पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक खतरा बढ़ रहा है। इसके लिए हरियाली को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण संतुलन बनाये रखना जरूरी है।

## युवक ने सुनायी आपबीती

धर्मशाला के मनूनी खड्ड में पिछले दिनों आयी बाढ़ के बाद कई दिनों तक राहत और बचाव कार्य किया गया। एक शख्स बाढ़ आने के दौरान जंगल में भाग गया था, उसे राहत और बचाव टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू किया। बचाये गये शख्स का नाम लवली है और वो चंबा जिले का रहने वाला है।

लवली ने कहा कि दोपहर बारिश के बाद बहुत सारा पानी आ गया था। इसके बाद हम जंगल की तरफ भागे थे और मैं उसके बाद किसी को नहीं मिला। हम 5 लोग भागे कुल 13 लोग थे, जो रह गये, वो बह गये। मैंने रात जंगल में ही बिताई और वहीं सो गया। भूख लगी थी, लेकिन कुछ खाने को नहीं था। सुबह 8 बजे के करीब उठा और नीचे आने लगा। मैं रेस्क्यू टीम को नाले में मिला हूं। अभी खाना नहीं खाया है। बिस्किट खाये हैं और चाय पी हैं।

मनूनी खड्ड के पास राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ की टीमें भी लगी हुई थीं। एनडीआरएफ के कमांडेंट बलविंदर सिंह ने बताया कि एनडीआरएफ की एक टीम इस काम में लगी हुई थी, जिसमें 30 से 35 जवान शामिल थे। इसके अलावा एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय लोग भी इस ऑपरेशन में जुटे हुए थे। ये इलाका बहुत ही दुर्गम है और ग्राउंड जीरो पर पहुंचना सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसे बारिश और भी मुश्किल बना रही थी।

## कोल्हान की खबरें

### टाटा पावर 4,000 ग्रामीण छात्रों को दे रही स्टेम और हरित ऊर्जा की शिक्षा



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टाटा पावर का जोजोबेरा थर्मल पावर प्लांट अपने क्लब एनर्जी-स्टेम कार्यक्रम के माध्यम से जोजोबेरा और आसपास के गांवों के 20 स्कूलों के 4,000 से अधिक छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की शिक्षा से जोड़ रहा है।इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को ऊर्जा संरक्षण, वहनीयता और रोबोटिक्स जैसे विषयों की व्यावहारिक और अनुभव आधारित शिक्षा दी जा रही है। जल्द ही विद्यार्थियों को संयंत्र भ्रमण का अवसर भी मिलेगा, जिससे वे कक्षा की पढ़ाई को प्रत्यक्ष अनुभव से जोड़ सकें।कार्यक्रम के प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। हाल ही में छात्रों ने बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय स्टेम प्रतियोगिता में जीत दर्ज की है। छोटे शहरों और वंचित समुदायों से आने वाले ये छात्र अब वैज्ञानिक, इंजीनियर और शोधकर्ता बनने का सपना देख रहे हैं।भविष्य में कार्यक्रम का विस्तार कर रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और हरित ऊर्जा पर बूटकैंप्स, शैक्षणिक भ्रमण और एनर्जी मित्रों की टीम के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। टाटा पावर की यह पहल ग्रामीण युवाओं को विज्ञान और तकनीक से जोड़कर उनके उज्जवल भविष्य की राह खोल रही है।

### तीसरी सोमवारी पर जलाभिषेक यात्रा को ऐतिहासिक बनाने सूर्य मंदिर समिति की तैयारियां हुई पूरी



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा द्वारा 28 जुलाई को आयोजित तृतीय सोमवारी की सामूहिक जलाभिषेक यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति ने इस भव्य आयोजन में 21 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई है। यात्रा हरि मंदिर मैदान से शुरू होकर सूर्य मंदिर शिवालय तक जाएगी।यात्रा में भक्तिमय संगीत, आकर्षक झांकियां, पुष्पवर्षा और भजन मंडली विशेष आकर्षण होंगे। सुलतानगंज की उत्तरवाहिनी गंगा का जल शिवलिंग पर अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो एम्बुलेंस, मेडिकल टीम, 200 सूर्यधाम सेवक, जल छिड़काव, अरघा की व्यवस्था और 20 प्रसाद व 15 पानी काउंटर लगाए जाएंगे।संध्या 6:30 बजे बनारस से आई मंडली के द्वारा काशी घाट की तर्ज पर भव्य महाआरती होगी। इस दौरान शंखध्वनि, दीपमालाएं और आतिशबाजी से वातावरण भक्तिमय बनेगा। आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और विधायक पूर्णिमा साहू शामिल होंगे।

### झारखंड इकाई की बैठक में बैंक पेंशनर्स की मांगों पर बनी रणनीति

# भूख हड़ताल और संघर्ष के अगले चरण पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज कन्फेडरेशन झारखंड राज्य इकाई की बैठक कदमा स्थित ग्रीन एनक्लेव परिसर में संपन्न हुई। शुक्रवार को बैठक में 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए राज्य सचिव कॉमरेड देवाशीष सेनगुप्ता ने बैंक पेंशनर्स की लंबित मांगों में पेंशन नवीनीकरण, विशेष भत्ता को पेंशन में शामिल करने, स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी समाप्त करने, और पेंशन से वंचित कर्मचारियों को पुनः अवसर देने की मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी।




कॉमरेड श्री सेनगुप्ता बताया एआइबीपीएआरसी और सीबीपीआरओ के बैनर तले देशभर में प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर वित्त मंत्रालय तक छह लाख से अधिक पत्र और ईमेल भेजे गये हैं। इसी क्रम में 18 जुलाई को रांची में राज्य इकाई ने एक दिवसीय भूख हड़ताल भी की। इसके बावजूद केंद्र सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है।

बैठक में कॉमरेड एसके मजुमदार, आलोक मित्रा और नीलेश गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सर्वसम्मति से प्रणव कृष्ण दे को अध्यक्ष और सचिव चुना गया।

इस मौके पर राज्यभर के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया।

# धमकी मिलने के मामले में विधायक सरयू राय और संजीव सरदार से मिले आरटीआइ कार्यकर्ता

- विधानसभा में मामला उठाने का मिला आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जिले में आरटीआई कार्यकर्ताओं को मिल रही धमकी के मामले में एक प्रतिनिधि मंडल जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरजू राय और पोटका के विधायक संजीव सरदार से आरटीआई कार्यकर्ता संघ के एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मुलाकात कर मांग पत्र सौपा।प्रतिनिधिमंडल ने बताया संघ के महासचिव कृतिवास मंडल को 18 मई को जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसकी सूचना एसएसपी को देने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।वही जादूगोड़ा के आरटीआई कार्यकर्ता सुनील मुर्मू को भी एक मुखिया ने धमकी दी थी, लेकिन पुलिस ने हल्की धाराओं में कार्रवाई कर मामला रफा-दफा कर दिया।



प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई और निष्क्रिय पुलिस पदाधिकारियों की जांच की मांग की।

विधायक सरयू राय ने आश्वस्त किया वे मामला विधानसभा में उठाएंगे।वही पोटका विधायक संजीव सरदार से मुलाकात कर इस गंभीर विषय को आगामी विधानसभा सत्र में उठाने की मांग की। मौके पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दिल बहादुर, उपाध्यक्ष सदन कुमार ठाकुर, मानवाधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार किनू, सचिव दिनेश कर्मकार, सुलोचना मुंडा, चंद्रशेखर रजक सहित अन्य शामिल रहे।

### मुख्तेश्वर धाम हरिणा में स्वच्छता अभियान विधायक संजीव सरदार ने खुद उठाया झाड़ू



जमशेदपुर/पोटका (आजाद सिपाही)। कोल्हान के प्रसिद्ध मुक्तेश्वर धाम हरिणा में शुक्रवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व में ग्रामीणों और वन विभाग कर्मियों ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की।मौके पर विधायक ने खुद झाड़ू लगाकर श्रमदान किया और कार्यों की निगरानी की।इस अवसर पर विधायक ने कहा श्रावण मास में झारखंड, ओडिशा, बंगाल और छत्तीसगढ़ से लाखों कांवरिए यहां पहुंचते हैं। हाल ही में हुए हरिणा मेला के बाद फैली गंदगी को देखते हुए यह सफाई अभियान जरूरी था।श्री सरदार ने दुकानदारों से प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और सफाई में सहयोग की अपील की।विधायक ने कहा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अभियान में मुखिया सरस्वती मुर्मू, ग्रामप्रधान बज्रांकन दंडपात, चंका सरदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

### सीडीपीओ ने दिव्यांग महिलाओं को ट्राइ साइकिल और श्रवण यंत्र कराया उपलब्ध



गम्हरिया (आजाद सिपाही)। गम्हरिया प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने दिव्यांग महिलाओं के बीच ट्राई साइकिल और सुनने वाले यंत्र वितरण किया। डुमरा निवासी लक्खी मनी सरदार को ट्राई साइकिल दी गई, जिससे वे अपने क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से आ-जा सकें। वहीं आदित्यपुर की शशि देवी और शशि सिन्हा को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए।सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने बताया विभाग दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील है और यह प्रयास उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में है। उन्होंने कहा भविष्य में भी इस तरह की पहल जारी रहेंगी।लक्खी मनी सरदार ने ट्राई साइकिल मिलने पर खुशी जताई और विभाग का आभार प्रकट किया।

# गढ़वा के सुधांशु, कांडी के राहुल और मेराल के पंकज का जेपीएससी में चयन

## परीक्षा में पास होकर गढ़वा का नाम रोशन किया, परिवार के साथ गांव के लोगों में खुशी का माहौल


सुधांशु रंजन का फाइल फोटो।


मेराल : पंकज कुमार यादव को बधाई देते नेतागण, प्रतिनिधि और अन्य।


राहुल कुमार सिंह का फाइल फोटो।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** समाजसेवी दीपक तिवारी के बड़े भाई अरुण कुमार तिवारी के पुत्र सुधांशु रंजन का प्रारंभिक शिक्षा शहर के आर के पब्लिक स्कूल में हुआ। जिसमें दसवीं वर्ग में 9.6 सीजीपीए के साथ सफलता ग्रहण किया। उसके उपरांत कॉमर्स लेकर ग्रेजुएशन के साथ पोस्टग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद कंपटीशन की तैयारी में लग गया। इसी कड़ी में अभी वर्तमान में नगर विकास एवं आवास विभाग में राजस्व निरीक्षक के पद पर नगर परिषद बिश्रामपुर में कार्यरत है।

सुधांशु रंजन की जेपीएससी की यह दूसरी प्रयास है जिसमें सुधांशु रंजन को झारखंड एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस मिला है, जिसमें पूरे झारखंड में सुधांशु रंजन का 162वां रैंक है। बगैर किसी संस्थान में कोचिंग और ट्यूशन के खुद से मेहनत के बल परऔर परिवार जनों और बड़ों के आशीर्वाद से विशेष रूप से बाबा स्मृतिशेष ओंकार नाथ तिवार हमेशा एक प्रेरणा के रूप में खड़े होकर प्रेरित करते रहे। साथ हीं गुरुजनों, मित्रो के साथ पिता अरुण कुमार तिवारी ने अपने सीमित संसाधन में शिक्षा के गुर सिखाकर हमेशा हौसला बढ़ाया। जिसके परिणाम स्वरूप यह मुकाम हासिल करना सरल हो गया।

वहीं मेराल के रेजो गांव में साधारण परिवार में जन्मे पंचायत सचिव विजय कुमार यादव का छोटा भतीजा पंकज कुमार यादव ने साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। जेपीएससी के माध्यम से पंकज का चयन झारखंड वाणिज्य कर पदाधिकारी (एसटीओ) के तौर पर हुआ है। पंकज की इस शानदार सफलता को लेकर पूरे मेराल और रेजो गांव में हर्ष का माहौल है। पंकज की इस सफलता पर उसके दादा नागेश्वर यादव, दादी सरस्वती देवी, मां सुगंधा देवी, चाचा विजय कुमार यादव, चाची सुशीला देवी, बड़े भाई डॉ दीपक कुमार यादव, भाभी संध्या कुमारी, डॉ अनुज कुमार यादव आदि ने मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। वहीं भाजपा नेताओं ने उनके घर जाकर पंकज के इस सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी, जिनमें डॉ लालमोहन, मनोज कुमार जायसवाल, धनंजय चौधरी, रोहित कुमार, मदन यादव आदि शामिल थे।

कांडी प्रंखड क्षेत्र के सुंडीपुर निवासी एवं पोस्टमास्टर उदय कुमार सिंह के 26 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार सिंह ने झारखंड प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में 133वाँ रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राहुल की इस सफलता पर पूरे गांव, प्रखंड एवं गढ़वा जिला में खुशी की लहर दौड़ गयी है। राहुल चार भाई-बहनों में अकेले पुत्र हैं। उनकी तीन बहनों में बड़ी बहन प्रियंका कुमारी की शादी औरंगाबाद, दूसरी बहन प्रीति कुमारी की शादी पटना में हुई है। जबकि सबसे छोटी बहन प्रियम कुमारी गढ़वा के इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज से डीएलएड कर रही हैं। राहुल की प्रारंभिक पढ़ाई स्थानीय स्तर पर हुई। उन्होंने 2013 में किशुन राज पब्लिक हाई स्कूल, बलियारी से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद वाराणसी के आदर्श इंटर कॉलेज से आईएससी तथा इलाहाबाद स्टेट यूनिवर्सिटी से 2020 में बीएससी (कृषि) की पढ़ाई पूरी की। बाद में उन्होंने इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से पीजी किया।राहुल को इससे पहले नवंबर 2022 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उद्यान विभाग में चयनित किया गया था। वर्तमान में वे चमोली में उद्यान विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता उदय कुमार सिंह ने बताया कि राहुल बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं और वर्तमान में वे आईएफएस (भारतीय वन सेवा) की भी तैयारी कर रहे हैं। राहुल की इस सफलता पर सुंडीपुर गांव में हर्ष का माहौल है। किशुन राज पब्लिक स्कूल में भी हर्ष का माहौल है। पंचायत प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, विनय कुमार सिंह समेत कई लोगों ने राहुल को बधाई दी है।

# सदर एसडीएम ने तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों को एहतियातन कराया बंद

**झारखंड अल्ट्रासाउंड सेंटर, चंद्रिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के अल्ट्रासाउंड सेंटर तथा एमजीएम अस्पताल के अल्ट्रासाउंड सेंटर को करवाया गया बंद**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** बीते दिनों उपायुक्त गढ़वा के स्तर से सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच का निर्देश दिया गया था, उसी निर्देश के आलोक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शहर के तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर औचक जांच की। इस औचक जांच के क्रम में सभी में प्रथम द्दष्टया विसंगति मिली। इसलिए विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने इन सभी केंद्रों को एहतियात के तौर पर अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने इन सभी केंद्रों में ताला डलवाते हुए केंद्र के संचालकों से यह अंडरटेकन लिया कि वह सिविल सर्जन या उनके द्वारा गठित टीम के स्तर से जांच हो जाने के बाद और क्लीन चिट मिलने के बाद ही इन केंद्रों को खोलेंगे।

टाउन हॉल मैदान के पास अवस्थित झारखंड अल्ट्रासाउंड सेंटर में जांच के क्रम में पता चला कि यहां कोई डॉक्टर अभिषेक कुमार अल्ट्रासाउंड सेवाओं के लिए संबद्ध हैं, किंतु जानकारी लगी कि वे पिछले 6-7 महीने से यहां नहीं आए हैं, इसके बावजूद भी वहां अल्ट्रासाउंड का काम बदस्तूर जारी था, जब वहां रजिस्टर चेक किये गये तो अद्यतन तिथि तक अपडेट मिला। रजिस्टर भी दो किस्म के पाये गये। मौके पर 12वीं पास युवक व युवती मिले।

चंद्रिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कचहरी रोड के अल्ट्रासाउंड केंद्र के औचक निरीक्षण के क्रम में प्रबंधक अयूब अंसारी ने बताया कि वे सिर्फ मरीजों का ही अल्ट्रासाउंड करते हैं, बाहरी लोग उनके यहां नहीं आते हैं, उन्होंने बताया कि डॉक्टर कादिर परवेज उनके यहां अल्ट्रासाउंड करते हैं, जबकि डॉक्टर कादिर से बात करने पर पता चला कि वे 8-10 लोगों का अल्ट्रासाउंड ही इस महीने में किये हैं। इन आठ लोगों की विवरणी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र देने में असफल रहा।

नवादा मोड़ के पास स्थित एमजीएम अस्पताल के अल्ट्रासाउंड केंद्र की भी जांच की गयी। जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि यहां भी डॉक्टर परवेज ही अल्ट्रासाउंड करते हैं किंतु डॉक्टर परवेज ने फोन पर एसडीएम को बताया कि वे हफ्ता 15 दिन में ही यहां आते हैं। हालांकि रजिस्टर में एसडीएम को 25 जुलाई तक लगातार अल्ट्रासाउंड होने का विवरण पाया गया, पूछताछ के क्रम में अस्पताल संचालक ने सीधे-सीधे बता दिया कि वे डॉक्टर की बजाय अपने किसी टेक्नीशियन से ही अल्ट्रासाउंड करवाते हैं जिसे अस्वीकार्य और संदिग्ध मानते हुए एसडीएम में उक्त केंद्र को भी जांच होने तक अंतिम रूप से बंद करवा दिया।

संजयकुमार ने अनुमंडल क्षेत्र के अन्य अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों से भी अपील की है कि लोगों का स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण विषय है, इसलिए बिना प्रशिक्षित चिकित्सक और मानकों को पूरा किये अल्ट्रासाउंड सेवाएं संचालित नहीं करें, अगर मानक नहीं पूरा करते हैं तो ऐसे केंद्र स्वयं बंद कर लें या फिर योग्य चिकित्सकों को अपने यहां प्रतिनियुक्त कर लें। अन्यथा जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले दोषियों पर जिला प्रशासन विधिक कार्रवाई करने में जरा भी नहीं हिचकेगा।

## व्यावसायिक वाहनों के परमिट के लिए कैंप का आयोजन 30 को



गढ़वा (आजाद सिपाही)। 30 जुलाई दिन बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय में व्यावसायिक वाहनों के परमिट निर्गमन हेतु आरटीए पलामू की अध्यक्षता में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि ऐसे सभी वाहन जो अपनी गाड़ियों का व्यवसायिक उपयोग करते हैं वह लोग अनिवार्य रूप से परमिट लेना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा पकड़े जाने पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंड अधिरोपण के साथ-साथ वाहन जब्त करते हुए न्यायालय को दंडात्मक कार्रवाई किया जायेगा।

## जिप सदस्य मोहन पासवान ने जिला परिषद की बैठक में डंडई प्रखंड की समस्याएं रखीं



डंडई (आजाद सिपाही)। जिला परिषद की बैठक में जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान ने डंडई प्रखंड की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कई अहम मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि डंडई प्रखंड को अब तक न तो मार्केटिंग ऑफिसर (एम.ओ.) मिला है और न ही चावल गोदाम की सुविधा उपलब्ध है, जिससे खाद्यान्न का उठाव आज भी मेराल से किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि डंडई को अपना चावल गोदाम एवं एम.ओ. दिया जाए, साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि डंडई प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन मेराल की जगह डंडई से किया जाए और यहां सीडीपीओ की प्रतिनियोजन की जाए। इसके अलावा, उन्होंने बरसात के दौरान आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए सभी विद्यालयों में तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) लगाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## राष्ट्रीय जनता दल का संगठन विस्तार, सुनील साहू बने अति पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष



केतार (आजाद सिपाही)। झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल में संगठन विस्तार करते हुए सुनील साहू को अति पिछड़ा जाति मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। सुनील साहू की नियुक्ति पर गढ़वा जिला के लोगों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में राजद के जिला क्रियाशिल सदस्य प्रदीप कुमार गुप्ता, राम भजन गुप्ता, अनिल पासवान, नंदु साह, लालु प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रेमलाल गुप्ता, अशोक पासवान, सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता, दुधेश्वर साह आदि का नाम शामिल है।

## फरार चल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना पुलिस ने शुक्रवार को कांड संख्या 69/25 के तहत बड़ी कार्यवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में इकलेश गुप्ता एवं कमलेश गुप्ता दोनों के पिता निर्मल साव जिनपर बालू के अवैध खनन करने का आरोप है और पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी। इसी क्रम में वन विभाग के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे ग्राम - खपरो निवासी अभियुक्त अख्तर अंसारी पिता नियामत अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके संबंध में रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि तीनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# न्यू जीवन ज्योति कोचिंग सेंटर का शुभारंभ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के ऊंचरी वार्ड नंबर 2 में न्यू जीवन ज्योति कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। कोचिंग सेंटर का उद्घाटन युवा आजसू के प्रदेश संयोजक रविंद्र नाथ ठाकुर एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य डॉ इश्तियाक रजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि न्यू जीवन ज्योति कोचिंग सेंटर के संस्थापक विजय सर ने एक सोच के साथ इस कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया है। इस स्थान में सातवीं से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं को हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कम शुल्क में देने का निर्णय लिया है। जो काफी सराहनीय है। डॉ इश्तियाक रजा ने कहा कि विजय सर का शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों का अनुभव रहा है जिसका लाभ यहां के विद्यार्थियों को मिलेगा। हम छात्र-छात्राओं एवं कोचिंग संस्थान दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। न्यू जीवन ज्योति कोचिंग सेंटर के संस्थापक शिक्षक विजय ने कहा कि इस कोचिंग सेंटर में अनुभवी शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य को संवारा जायेगा।

वैसे असहाय बच्चे जो पैसे के अभाव में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। वैसे बच्चों को भी इस संस्थान में निशुल्क शिक्षा दिया जाएगा। हमारा उद्देश्य गढ़वा जिला में शिक्षा का अलख जगाना है। विशिष्ट तिथि के रूप में भारतीय शिक्षा निकेतन के संस्थापक दामोदर राम, इं. संजय कुमार, इं. मुबारक अंसारी, रणवीर, जावेद अंसारी उपस्थित थे। साथ ही कोचिंग सेंटर के सभी सहयोगी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आरकेपीएस में पौधरोपण शपथ और वन महोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में पिछले दो सप्ताह से वन महोत्सव पर जन जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग, निबंध व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के साथ-साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना एवं पौधरोपण के माध्यम से प्रकृति से जुड़ाव बढ़ाना है। आज पूरे देश में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी बन चुकी है। प्राचार्य संतोष पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका पालन-पोषण भी करना चाहिए। इस अवसर पर अनुप कुमार पांडेय ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं गीता पाण्डेय, अनिता सिन्हा, अभिलाषा तिवारी, पूनम राय, श्वेता पांडेय, नंदलाल गुप्ता, इंतियाज खान, जागृति चौबे, रश्मि व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त कर्मी पेंशन से संबंधी शिकायत 31 तक दर्ज करायें

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के के यादव, अध्यक्ष ने कहा है कि गढ़वा जिला अंतर्गत किसी भी विभाग या कार्यालय से संबंधित सेवानिवृत कर्मियों को यदि किसी प्रकार का पेंशन संबंधी मामले, अर्थात समय पर पेंशन नहीं भेजना, देय पवनों का भुगतान नहीं होना आदि विषय लंबित हो, तो वे अपनी शिकायत झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के कार्यालय में दिनांक 31 जुलाई 2025 तक निश्चित रूप से जमा कर दें। ताकि उनकी समस्याओं का शीघ्र निष्पादन संबंधित विभागों से कराया जा सके। गौरतलब हो कि झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज के सौजन्य से इस जिले में पेंशन अदालत्ते लगाई जाती रही है। जिले में वर्तमान नये उपयुक्त महोदय का पदस्थापन हुआ है यदि किसी भी पेंशनर की कोई भी समस्याएं हो तो तत्काल अपनी समस्याओं से संगठन के कार्यालय में अवगत करावे यह भी जानकारी देनी है।

# मजदूरी करने गये मजदूर का आया शव परिजनों ने शव लेने से किया इनकार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रमना।** रमना राज्य से बाहर में मजदूरी करने गये मजदूर का शव आना बदस्तूर जारी है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के सपही बजना टोला निवासी स्वर्गीय विश्वनाथ उरांव के 25 वर्षीय पुत्र रविंद्र उरांव के हो गयी। रविंद्र पिछले एक महीना पूर्व हैदराबाद में मजदूरी करने गया था। जिसके तबियत खराब होने के बाद अचानक मौत हो गयी, जिसका शव बीती रात लाया गया। रविंद्र उरांव के पिता नहीं होने के कारण एक मात्र कमाऊ घर का सदस्य था। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने शव लेने से साफ इनकार कर दिए। परिजनों ने ठेकेदार के बुलाने की मांग को लेकर अड़े रहे। लगभग बारह घंटे के बाद सुबह दस बजे के टेलीफोन पर ठेकेदार द्वारा आश्वासन के बाद शव को परिजनों ने लेकर स्थानीय नदी में अंतिम संस्कार किया। मालूम हो कि मृतक के पिता विश्वनाथ उरांव 2018ई में तथा बड़े भाई विनय उरांव भी दो वर्ष पूर्व 2023 ई में बाहर में मजदूरी करने के दरम्यान बीमारी के हालत में मौत हो गयी थी। इस घटना के बाद एक मात्र नाबालिक घर का सदस्य है। इधर मृतक के परिजनों के चीत्कार से पूरा गांव मातम के माहौल बना हुआ है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र उरांव, संगीता लकड़ा, संजीत टॉपो, रघुनंदन मिंज, सुरेश उरांव, उदय उरांव, बीरेंद्र, जगेश्वर, महेंद्र, बिमला देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# किसानों को बीमा करवाने को लेकर किया जागरूक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केतार।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ओम प्रकाश आर्या ने किसानों को जागरूक किया। उन्होंने कहा 31जुलाई तक सभी किसान अगहनी एवं भदई फसल का बीमा करवाए। फसल बीमा 1रू में होगा। जिसमें किसान का आधार कार्ड,बैंक पासबुक का छायाप्रति, वंशावली, जमीन का रसीद एवं मोबाइल नंबर आवश्यक है। उन्होंने इससे जुड़ी जानकारी के लिए कृषि रक्षक टोल फ्री नंबर 14447 पर संपर्क करने को कहा। इस मौके पर दीपक वर्मा, सोनू चंद्रवंशी, अरुण वियार, महेशी वियार, परीखा सिंह, मुन्ना विश्वकर्मा सहित अन्य किसान उपस्थित थे।1

## दिव्यांगता स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के द्वारा विशेष दिव्यांगता स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें रंका प्रखंड पीएलवी कृष्णानंद दुबे, पीएलवी राजेश कुमार चौधरी, पीएलवी अमरेन्द्र कुमार एवं महेंद्र ठाकुर के अथक प्रयास से 29 असहाय दिव्यांगों का चिकित्सकों के द्वारा जांचोपरांत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। अब इन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र मिलते ही स्पॉनसरशीप, पेंशन, ट्राई साइकिल आदि सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। यह जांच प्रक्रिया तीन सदस्यीय डॉक्टरों की टीम जिसमें डॉ पियूष प्रमोद, डॉ कौशल सहगल आदि की भूमिका रही।

## 'अटल मोहल्ला क्लिनिक' का नाम बदलने के निर्णय पर अलखनाथ पांडेय ने जताया कड़ा विरोध, कहा

# 'यह झारखंड की भावना का अपमान है'



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार ने राज्य में संचालित 'अटल मोहल्ला क्लिनिक' का नाम बदलकर अब 'मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक' रखने का निर्णय लिया है। कैबिनेट के इस फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने गहरा असंतोष व्यक्त किया है। पार्टी नेताओं ने इस निर्णय को झारखंड के इतिहास, जनता की भावनाओं और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के योगदान के प्रति घोर असंवेदनशीलता बताया है।

वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं गढ़वा जिला के प्रसिद्ध शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण अनेक आंदोलनकारियों के बलिदान और अटल जी की दूरदर्शिता का परिणाम है। उन्होंने झारखंडवासियों के दर्द को समझा और राज्य निर्माण कर अपने चुनावी वादों को निभाया। अटल जी को झारखंड का जनक माना जाता है और उनके नाम पर संचालित 'अटल मोहल्ला क्लिनिक' झारखंडवासियों की कृतज्ञता का प्रतीक है।

श्री पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह झारखंड के जननिमार्ता के प्रति भेदभावपूर्ण व्यवहार है। उन्होंने कहा कि राजनीति में सुचिता की मिसाल बने अटल जी अपने कार्य, सिद्धांत और मूल्यों के कारण अमर हैं। किसी योजना या संस्था का नाम उनके नाम पर रखने या न रखने से उनके विराट व्यक्तित्व पर कोई असर नहीं पड़ता, परंतु यह फैसला उनकी स्मृति और योगदान को तिरोहित करने जैसा है।

उन्होंने सरकार से अपील की कि वह अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करे और अटल जी के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का भाव पुनः स्थापित करे। साथ ही जनता की मूलभूत स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए नाम बदलने के बजाय सुविधाओं को सुदृढ़ करे।


**Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
OFFICE OF THE PROJECT MANAGER
SUBERNAREKHA HYDEL PROJECT, AT & P.O. –SIKIDIRI -835219
DIST. RANCHI ( JHARKHAND)

**NOTICE INVITING E -TENDER**

Online bids are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Ltd. under Two Bid System i.e. Technical Bid and Financial Bid from reputed, experienced and financially sound **trader/agencies/manufacturer/authorized dealer** for ***Procurement of Numerical Relay with retrofitting, testing*** and ***commissioning at SRHP, Sikidiri*** on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:

| Particulars | Details |
|---|---|
| e-Tender No. | **20/PR/JUUNL/202526** |
| **Name of Work** | Procurement of Numerical Relay with retrofitting, testing and commissioning at SRHP, Sikidiri. |
| **Earnest Money Deposit (EMD)** | Rs. 13,100/-(Rupees Thirteen Thousand One Hundred) only **(Refundable)(To be paid in online mode only)** |
| **Cost of Tender** | Rs. 1,476.00 (Rs. One Thousand Four Hundred Seventy Six) only inclusive of GST **(Non-Refundable) (To be paid in online mode only)** |
| Delivery Period | 45 Days |
| Start date & time of download the tender document | 26/07/2025 at 03:00 PM |
| Start date & time of upload of BID | 26/07/2025 at 03:30 PM |
| End date & time of upload of BID | 19/08/2025 at 11:00 AM |
| Submission of cost of Tender and Earnest Money | Both of them to be paid via **online mode** only |
| Date and time of Pre Bid meeting | 05/08/2025 at 02:00 PM |
| Date & Time of opening of Technical Bid | 20/08/2025upto 12:30 PM |
| Date & Time of opening of Financial Bid | Will be communicated later |
| Work officer & Address for communication | Project Manager, SubernarekhaHydel Project, Sikidiri, Ranchi - 835219 |
| Contact Number | 9431707312 |

- e-Tender document and BOQ can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in The downloaded document shall be treated as a valid document for participation in the tender only if payment has been made towards *price of BOQ* and *earnest money*
- The earnest money should be deposited in **online mode** on e-tender portal i.e. www.jharkhandtenders.gov.in only.
- Cheque/DD/Fixed Deposit receipt/Money Order or saving certificate etc. are not acceptable towards deposit of earnest money and tenders with above will not be considered without earnest money.
- The earnest money of unsuccessful bidders will be refunded to them after award of the contract.
- Tender without Earnest Money shall not be considered.-
- The tenders shall not be entertained after the deadline under any circumstances whatsoever.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of publishing / submission / opening tender / distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
- Corrigendum/addendum if any will be uploaded on above website only.
- Prospective bidders are requested to visit website regularly.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 358196 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(25-26)D

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

# लोहरदगा के दो युवकों ने जेपीएससी में पायी सफलता

**मुस्लिम बहुल गांव गाराडीह से पहली बार किसी ने पायी सरकारी नौकरी**

**सेवानिवृत्त अंचल अमीन का बेटा कृष्णा कुमार शुक्ला ने भी चमकाया कुडू टाटी गांव का नाम**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के दो ग्रामीण युवाओं ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा-2023 में सफलता अर्जित कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। इनमें कैरो गाराडीह गांव के गुलाम रजा और कुडू टाटी गांव के कृष्णा कुमार शुक्ला शामिल हैं, जिनका चयन झारखंड प्रशासनिक सेवा के लिए हुआ है। कैरो प्रखंड के मुस्लिम बहुल गांव गाराडीह से आने वाले गुलाम रजा ने इस परीक्षा में 17वां स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक है, क्योंकि गाराडीह गांव में मुस्लिम समुदाय से यह पहली सरकारी नियुक्ति है। कुडू के टाटी गांव निवासी कृष्णा कुमार शुक्ला ने 96वां रैंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया है। वे सेवानिवृत्त अंचल अमीन प्रदीप शुक्ला के पुत्र हैं। सामाजिक बदलाव की मिसाल बने दोनों अभ्यर्थी गुलाम रजा और कृष्णा कुमार शुक्ला की यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र, सीमित संसाधन और सामाजिक पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के लिए प्रेरणा है। गुलाम रजा ने प्रारंभिक शिक्षा लोहरदगा के डिवाइन स्पार्क विद्यालय से प्राप्त की, इंटर की पढ़ाई रांची के मारवाड़ी कॉलेज से वाणिज्य विषय में की और स्नातक की पढ़ाई संत जेवियर कॉलेज, रांची से आर्ट्स विषय में पूरी की। यह उनका दूसरा प्रयास था। वही कृष्णा ने वर्ष 2013 में रांची स्थित कैंब्रिज स्कूल से मैट्रिक, 2015 में डीएवी कपिलदेव, रांची से इंटर और स्नातक की पढ़ाई गोस्सनर कॉलेज से आर्ट्स विषय में की। यह उनका भी दूसरा प्रयास था। उनके चाचा अशोक कुमार शुक्ला, टाटी गांव के स्कूल में पारा शिक्षक हैं। कृष्णा की इस सफलता से पूरे गांव, प्रखंड व जिले में हर्ष का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## उपायुक्त दो अभ्यर्थियों को किया सम्मानित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा-2023 में लिखित एवं साक्षात्कार के बाद अंतिम रूप से चयनित होनेवाले दो अभ्यर्थियों गौतम गौरव और कृष्णा कुमार शुक्ला को शुक्रवार को उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सम्मानित किया। उपायुक्त ने दोनों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विदित हो कि गौतम गौरव को इस परीक्षा में चौथा रैंक हासिल हुआ है और वर्तमान में वे लोहरदगा जिला में मोटर वाहन निरीक्षक के पद पर सेवारत हैं। गौतम डाल्टेनगंज, पलामू के रहनेवाले हैं। वहीं कृष्ण कुमार शुक्ला को 96वां रैंक हासिल हुआ है और वे जिला के विज्ञान भवन स्थित जिला प्रशासन के पुस्तकालय में नियमित रूप से तैयारी कर रहे थे। यह उनका दूसरा प्रयास था। कृष्णा कुमार शुक्ला लोहरदगा जिला में महात्मा गांधी पथ, कृष्णापुरी के रहनेवाले हैं। उपायुक्त ने दोनों के उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## छिपादोहार में बस और कार में टक्कर कोई हताहत नहीं

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के छिपादोहर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक बड़ी सड़क दुर्घटना होते-होते बच गयी। घटना थाना क्षेत्र के छिपादोहार-महुआडांड मुख्य मार्ग के हरातु पंचायत के गेंठा गांव के पास हुई, जहां सिंह बस और एक कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिंह बस डाल्टनगंज से महुआडांड़ की ओर जा रही थी, जबकि कार गुमला से उत्तर प्रदेश जा रही थी। वही गेंठा के समीप अचानक दोनों वाहन आमने-सामने आ गये और जोरदार भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही छिपादोहार थाना प्रभारी धीरज कुमार ने कहा कि दुर्घटना मे सभी लोग सुरक्षित है सड़क दुर्घटना को लेकर एक घंटा सड़क पर आवागमन बाधित रही लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता से ट्रैफिक सामान्य किया गया।

## कैरो प्रखंड में पंचायत कमिटी का गठन





**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कैरो प्रखंड के पंचायत सढ़ाबे, कैरो, गजनी एवं नरौली में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद के नेतृत्व में संगठन सृजन वर्ष 2025, ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा जिला प्रशिक्षिका अनामिका सरकार, प्रखंड पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी,मंडल अध्यक्ष महताब अंसारी उपस्थित थे। सभी पंचायत में बूथ अस्तर एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों के उपस्थिति में समीक्षा कर पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। जिला प्रशिक्षिका अनामिका सरकार के द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया की पंचायत कमेटी का नए सिरे से गठन कर सक्रिय कार्यकताओं को पार्टी से जोड़कर जिम्मेवारी दी जा रही है जिससे पार्टी और सशक्त होगी। प्रखंड पर्यवेक्षक एनुल अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए पंचायत एवं बूथ तक पहुंच कर पार्टी को संगठित किया जा रहा है। इससे पार्टी पंचायत एवं बूथ स्तर पर मजबूत होगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महताब अंसारी, संजू तुरी, सढ़ाबे पंचायत अध्यक्ष विजय उरांव ,नरौली पंचायत अध्यक्ष नारायण उरांव ,परवेज अंसारी, विजय कुमार एक्का, मंगरा उरांव, बैजू मुंडा ,किशोर उरांव, मंगल देव टाना भगत, जलील अहमद खान, जमील अंसारी, नईम अंसारी, मोहम्मद खान आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## आवास निर्माण शुरू नहीं करने वालों को नोटिस



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा में कई लाभुकों ने अबुआ आवास का प्रथम किस्त लेकर आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुकों पर प्रशासन सख्त रुख अपना रही है। आवास शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को शुक्रवार को बीडीओ ने नोटिस तामिला कराया। साथ ही जल्द आवास निर्माण कार्य जल्द शुरू करने को लेकर शपथ पत्र भरवाया। इसके अलावे एक लाभुक को आवास कार्य नहीं शुरू करने पर राशि वापस कराया गया। शपथ पत्र भरने वाले लाभुकों को निर्देश का अनुपालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के भीठा पंचायत के बुदो उरांव, मशमानो पंचायत के बसंती भगताइन व भंडरा पंचायत के बिश्राम उरांव को अबुआ आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि लाभुक के खाते में भेजी गयी है। इसके बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। बीडीओ के निर्देशानुसार शुक्रवार को जनसेवक ने लाभुकों को प्रखंड मुख्यालय बुलाकर आवास निर्माण कार्य जल्द शुरू करने को लेकर शपथ पत्र भरवाया गया। एक सप्ताह के अंदर लाभुकों को आवास कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावे भंडरा पंचायत के गुणवान्ति देवी पति श्याम नारायण साहू अबुवा आवास की राशि मिलने के बाद भी आवास निर्माण शुरू नहीं करने पर राशि वापस लिया गया। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि शुक्रवार को चार लाभुकों को प्रखंड मुख्यालय तामिला कराया था। जिसमे एक लाभुक से राशि वापस ली गयी और अन्य को सख्त निर्देश दिया गया है। लाभुकों को एक सप्ताह का अल्टिमेटम दिया गया। यदि दिये गये समय पर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो संबंधित लाभुकों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। मौके पर आवास समन्वयक नितलेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# भूमि अधिग्रहण मामले में मुआवजा भुगतान में तेजी लायें : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में भू-अर्जन संबंधित मामलों समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने भू-अर्जन पदाधिकारी को जिला के एनएच-143 ए अंतर्गत लोहरदगा बाइपास पथ निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के आलोक में नियमानुकूल मुआवजा की राशि जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा बाईपास पथ के लिए भूमि-अधिग्रहण का कार्य हो चुका है परंतु अब तक 100 फीसदी रैयतों को मुआवजा भुगतान नहीं होना स्वीकार्य नहीं है। अभी भी काफी संख्या में रैयतों के भुगतान का मामला लंबित है जिसमें भुगतान की गति को तीव्र करने की नितांत आवश्यकता है। लोहरदगा बाईपास व उसके आसपास सरकार की कई महत्वकांक्षी योजनाओं को पूर्ण किया जाना है। लोहरदगा जिला के विकास के लिए सभी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में भूमि-अधिग्रहण के उपरांत रैयतों का ससमय भुगतान अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि एनएच 143ए पर लोहरदगा बाईपास परियोजना सरकार की महत्वकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। इस परियोजना में विलंब के लिए जिला में किसी भी स्तर से लापरवाही क्षमा योग्य नहीं है। इसलिए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जल्द सम्पन्न कराएं ताकि परियोजना समय पर पूर्ण हो सके। जिन रैयतों का अभिलेख सत्यापित हो चुका है उनका भुगतान करें। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा उक्त परियोजना में रैयतों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए मौजावार आयोजित किये जा रहे शिविर की जानकारी दी। उपायुक्त ने एनएच 75 अंतर्गत कुडू-उदयपुरा पथ परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण व भुगतान के वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की।

बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर और सभी अंचल के कर्मचारी उपस्थित थे।

## छिपादोहर पुलिस ने नक्सली मृत्युंजय के घर चिपकाया इश्तेहार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** छिपादोहर पुलिस ने गुरुवार को छिपादोहार कांड संख्या 24/ 2022 दिनांक 15 जुलाई 2022 के अभियुक्त नक्सली मृत्यंज भुईया उर्फ मृत्युंज जी उर्फ फ्रेश भुईया ग्राम नवाडीह, थाना छिपादोहार, जिला लातेहार के घर पर अभियुक्त के विरुद्ध लातेहार न्यायालय अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी के द्वारा निर्गत इश्तेहार उसके घर और गांव के चौक चौराहे पर चिपकाया है। वही छिपादोहार थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह और केस के अनुसंधानकर्ता एसआइ रितेश कुमार राव ने अभियुक्त के स्वजन के सदस्यों को समझाया कि मृत्युंजय कोर्ट में आत्म समर्पण करे नहीं तो पुलिसिया कार्यवाई की जायेगी।

# पिछड़ी जाति के लिए उचित आरक्षण हमारी प्राथमिकता : धीरज प्रसाद साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नयी दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व द्वारा आयोजित भागीदारी न्याय महासम्मेलन में कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ झारखंड कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सहभागिता की। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह सम्मेलन सामाजिक न्याय, समावेशिता और ओबीसी वर्ग की समान भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ओबीसी समाज की एकता और उचित आरक्षण हमारी पहली प्राथमिकता है, पिछड़ी जाति के विकास के लिए हम सदैव तत्पर है। देश में जातीय जनगणना करानी चाहिए, जिसके तहत 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को समाप्त करना चाहिए, पिछड़ी जाति के महिलाओं को विशेष लाभ मिलना चाहिए, जिसके द्वारा पिछड़ा वर्ग का सामाजिक और आर्थिक विकास संभव होगा, लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में सिर्फ पिछड़े वर्ग को दबाने का कार्य किया है। मौके पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, अधिवक्ता सच्चिदानंद चौधरी सहित कांग्रेस ओबीसी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मोजम्मिल अंसारी ने उर्दू शिक्षकों की बहाली के निर्णय पर खुशी जतायी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा उर्दू शिक्षकों की बहाली को मंजूरी दिये जाने पर लोहरदगा जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी के अध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी ने खुशी जतायी है। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, झारखंड प्रभारी जीनल एन गाला और प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी को बधाई और आभार प्रकट किया। मोजम्मिल अंसारी ने कहा कि यह बहाली केवल एक नियुक्ति प्रक्रिया नहीं, बल्कि झारखंड के उर्दू भाषी समाज के आत्मसम्मान, भाषा और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। वर्षों से मांग की जा रही थी कि उर्दू को उसका वाजिब हक मिले और शिक्षकों की नियुक्ति हो, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी भाषा से जुड़ी रहें। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने गंभीर पहल की। प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष के साथ मिलकर उन्होंने मुख्यमंत्री से संवाद किया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। अंसारी ने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार और कांग्रेस नेतृत्व की अल्पसंख्यकों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह कदम शिक्षा, रोजगार और संस्कृति के क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने समस्त उर्दू प्रेमी जनता की ओर से इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया।

# डीसी ने कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्य पूरा करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नीति आयोग,भारत सरकार द्वारा हर माह आकांक्षी जिलों के संबंध में जारी किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर विभागवार चल रहे कार्यों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए जिले के सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि-जल संसाधन, कौशल विकास के तहत जिला एवं प्रखंड में हुए कार्य प्रगति की बिदुवार समीक्षा की गयी।उपायुक्त ने प्रथम एएनसी चेक अप शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। वहीं गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में कुपोषित बच्चों का सही से डाटा एंट्री करने, कुपोषण को दूर करने के लिए मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, संबंधित पदाधिकारी, पीरामल की टीम उपस्थित थे।

# कल्याणपुर मिडिल स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के पंचायत मंगरा के कल्याणपुर गांव मे अपग्रेडेड मिडिल स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक हृषीकेश सिंह को जिला शिक्षा अधीक्षक ने अपने कार्यालय से निर्गत ज्ञापांक-1054 दिनांक 18 जुलाई 2025 के द्वारा निलंबित कर दिया है। निर्गत ज्ञापांक में हेडमास्टर हृषीकेश सिंह पर मध्यान भोजन (पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना) के संचालन में अनियमितता बरते जाने के गंभीर आरोप हैं।

बता दें कि उक्त स्कूल के बच्चों द्वारा तीन दिन से मध्याह्न भोजन की बिस्किट दी गयी थी। मिली शिकायत को गंभीरता लेते हुए बरवाडीह के सीओ मनोज कुमार ने 24 जून 25 को खुद से स्कूल जाकर जांच की थी और आरोपों को सत्य पाया था। वहीं सीओ द्वारा भेजे गये जांच प्रतिवेदन के आलोक में 8 जुलाई को संपन्न जिला स्थापना समिति की बैठक में समिति ने आरोपी हेडमास्टर को निलंबित करने और उनके खिलाफ प्रपत्र क गठन करने की अनुशंसा की थी। जिसपर जिला शिक्षा अधीक्षक ने हेडमास्टर हृषीकेश सिंह को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी।

वहीं डीएसइ ने निलंबन अवधि के दौरान हेडमास्टर हृषीकेश सिंह का मुख्यालय बीइइओ कार्यालय चंदवा होने की जानकारी देते उन्हें उक्त कार्यालय में ही बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया है। इधर शिक्षा विभाग के इस कार्रवाई से बरवाडीह प्रखंड के अन्य लापरवाह शिक्षकों में हड़कंप देखने को मिल रहा है।

# पूर्ववर्ती योजनाओं का नाम बदलकर जनता को संतुष्ट करना चाहती है सरकार : मनीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड में सरकार की ओर से संचालित किये जा रहे सभी अटल मोहल्ला क्लिनिक नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक किये जाने जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री सारी सुविधाओं से वंचित कर स्वास्थ्य व्यवस्था को खटिया पर ला दिया है। केंद्र की सभी स्वास्थ्य सही से संचालित करने के बजाय स्वास्थ्य की योजनाओं पूरी तरह से भ्रष्टाचार भेंट चढ़ा दिया। स्वास्थ्य उपकेंद्रों में डॉक्टर तो छोड़िए नर्स की व्यवस्था नहीं कर पाए ।उसे दुरुस्त करने के बजाय केंद्र सरकार एवं पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा चलायी जा रही अच्छी योजनाओं को निरस्त या फिर उस संस्थाओं का नाम बदलकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने एवं जन भावनाओं के साथ के साथ खिलवाड़ कर रही है। हेमंत सोरेन का निर्णय केवल और केवल जनता के मुद्दे से भटकने का है ताकि लगातार जो स्वास्थ्य विभाग की कमियां नजर आ रही है वह दूर हो जाये परंतु यह मुख्यमंत्री की गलतफहमी है इनका हर बार निर्णय एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए होता है। मुख्यमंत्री यदि चाहता है की देश के लिए योगदान दिये महान व्यक्तित्व का सम्मान करना तो उनके नाम से नयी योजनाओं का शुभारंभ करना चाहिए ना कि दूसरे महान व्यक्तित्व का जो पहले से स्थापित किया गया है उसका अपमान।

## जलापूर्ति योजना के संचालन के लिए समिति का गठन, अध्यक्ष फुलझरी देवी बनी



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निदेर्शानुसार एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी ने की, जिसमें बुटी पंचायत में निर्मित ग्रामीण जलापूर्ति योजना के संचालन हेतु समिति का गठन किया गया। गठित समिति में प्रमुख फुलझरी देवी को अध्यक्ष, उपप्रमुख पॉल पन्ना को उपाध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू को सचिव के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में विभाग द्वारा जलापूर्ति सेवा के लिए नाममात्र शुल्क तय किए जाने की जानकारी दी गयी। यह शुल्क जल सहियाओं के माध्यम से संग्रह कर विभागीय कोष में जमा किया जाएगा। इसके लिए सभी जल सहियाओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय रूप से शुल्क संग्रह करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विशेष रूप से यह निर्देश दिया गया कि मुखिया, वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, सरकारी कर्मचारी जैसे प्रभावशाली लोगों से पहले शुल्क वसूल किया जाये, ताकि आमजन में जागरूकता और अनुकरण का संदेश जाये। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता मनीष कुमार वर्मा, संबंधित पंचायतों के मुखिया, जल सहिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आज से शुरू होगा अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा वासियों के लिए एक बेहद सुखद और ऐतिहासिक पल जल्द दस्तक देने वाला है। वर्षों से प्रतीक्षित अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल अब पूरी तरह तैयार है और बहुत जल्द आम जनता के लिए खोल दिया जायेगा। इस बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य केंद्र की शुरूआत रूहानियत और दुआओं के साए में हुई, जब शुक्रवार को हॉस्पिटल परिसर में कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी ने जानकारी दी कि हॉस्पिटल संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं और समाज के जरूरतमंदों को बेहतर इलाज मुहैया कराना इसका मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने बताया कि औपचारिक रूप से हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज की शुरूआत 26 जुलाई शनिवार से शुरू कर दिया जायेगा। लेकिन विधिवत उद्घाटन भी जल्द की जायेगी। कुरआन ख्वानी कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया के नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, जफर इमाम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मदरसा हजरत बाबा दुखन शाह के मोहतमिम कारी शफीक साहब के नेतृत्व में सैकड़ों बच्चे भी इस अवसर पर शरीक हुए।

# शहीद सुकरा उरांव फुटबॉल प्रतियोगिता में टोप्पो ब्रदर्स की जीत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा के लुकुइआ ग्राम में 2019 में हुए नक्सली हमले में अपनी जान गंवाने वाले शहीद सुकरा उराव की स्मृति में एक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 24 जुलाई को इस प्रतियोगिता का फाइनल चीता एलेवन खलारी और टोप्पो ब्रदर्स के बीच खेला गया जिसे टोप्पो ब्रदर्स ने दो गोल से जीत लिया। लातेहार के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत और अन्य सामाजिक लोगों ने भी इस प्रतियोगिता के आयोजन को अपना सहयोग दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने इस पूरी प्रतियोगिता के दौरान नवयुवक कमिटी को विभिन्न प्रकार के सहयोग दिए और यह प्रतियोगिता आयोजित करवायी। समापन कार्यक्रम में सबसे पहले सभी उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक तरीके से लोक नृत्य और मांदर के थाप के साथ स्वागत किया गया फिर राष्ट्रीय गान की धुनों के साथ फाइनल का भव्य शुभारंभ हुआ। कमिटी की ओर से सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में टोप्पो ब्रदर्स ने पहले मिनटों में ही गोल कर के विपक्षी टीम चीता एलेवन पर दबाव बनाया जिसे अंत तक जारी रखा और मैच जीत लिया। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरस्कार राशि का चेक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बाकी की टॉप आठ टीमों को भी पुरस्कार देकर समानित किया गया। कमिटी के सौरभ श्रीवास्तव ने कहा की शहीद की याद में आयोजित यह प्रतियोगिता उन सभी पुलिस के वीर जवानों को समर्पित है जिन्होंने झारखंड की माटी पर इस प्रदेश की सेवा करते हुए अपनी जान गवायी है, उन्होंने बताया की झामूमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के संरक्षण में संपन्न हुआ पूरी प्रतियोगिता का आयोजन जिसके लिए आयोजन समिति पूरी झामुमो टीम को धन्यवाद देती है। कमिटी के अध्यक्ष रोशन कुमार ने कहा कि कमिटी लातेहार के पुलिस कप्तान कुमार गौरव सर और झामूमो ज़िलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के प्रति कृतज्ञ है जिन्होंने हर कदम पर उन्हें अपना सहयोग और मार्गदर्शन दिया।

# पलामू चेंबर ने दी डॉ रघुवर दास को बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की शुक्रवार को बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने की। इसमें सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को पर बधाई दी है। कहा कि यह केवल एक उपाधि नहीं, बल्कि लोगों के अटूट विश्वास,आत्मीय स्नेह और प्रेम का प्रकटीकरण हैं। क्योंकि अपने लंबे राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में रघुवर दास जी हमेशा नैतिकता, सूचिता के साथ मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर सजग और सक्रिय रहते हैं। बड़े पद पर रहने के बाद भी कभी भी अपने व्यक्तिगत हित की बात नहीं सोची। राज्य और जन विकास उनकी राजनीतिक का केंद्रबिंदू रहा हैं। ईमानदारी और सादगी के साथ रह कर राज्य के समेकित विकास के लिए कार्य किया। ऐसे व्यक्तित्व को मानद उपाधि मिलना प्रसन्नता का विषय हैं। इससे नैतिकता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने वालों का मनोबल बढ़ेगा। चेंबर अध्यक्ष ने इसे लेकर रघुवर दास को बधाई भी दी। इस मौके पर इंद्रजीत सिंह डिंपल, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद थे।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष ने फसल बीमा को लेकर किसानों को किया जागरूक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा एवं बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रखंड कोऑर्डिनेटर गौतम कुमार ने क्षेत्र के डंडिला में खेत में कार्य कर रहे किसानों से मिलकर फसल बीमा के लिए जागरूक किया। व्यापारमंडल अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के लिए अति महत्वकांक्षी बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना है। यह फसल का सुरक्षा कवच है। झारखंड सरकार की ओर से किसानों को निःशुल्क बीमा किया जा रहा है। इसके लिए केवल एक रुपए का टोकन लग रहा है। इसलिए सभी किसान अपने-अपने रकबा के अनुसार 31 अगस्त तक फसल बीमा अवश्य करा लें। फसल बीमा योजना के प्रखंड कोऑर्डिनेटर गौतम कुमार ने कहा कि यह योजना किसानों के लिए काफी लाभकारी है। इसलिए प्रखंड क्षेत्र के सभी किसान अपने-अपने भदई एवं अगहनी फसल का बीमा आवश्य करा लें। इस मौके पर किसान पारीख प्रजापति, कामेश्वर पासवान, भुंडुल यादव, बनता यादव, कर्ण कुमार, ऊदल यादव, पंकाली कुंवर, केशरी देवी, साधना देवी, देवती देवी और धर्मेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## शिवलोक परिसर में नि:शुल्क परामर्श शिविर का शुभारंभ



**देवघर (आजाद सिपाही)।** राजकीय श्रावणी मेला के अवसर पर शुक्रवार को शिवलोक परिसर में राष्ट्रीय महिला आयोग (नई दिल्ली) की ओर ९स निःशुल्क परामर्श शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता और देवघर अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने संयुक्त रूप से किया। ममता ने अपने संबोधन में बताया कि श्रावणी मेले में प्रतिवर्ष लाखों महिलाएं बाबा नगरी देवघर आती हैं। ऐसे में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित यह विशेष शिविर महिलाओं को उनके कानूनी और सामाजिक अधिकारों की जानकारी देने, उन्हें सशक्त बनाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। शिविर में महिलाओं को कानूनी सलाह, परामर्श और सहायता निःशुल्क प्रदान की जा रही है। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और उनके सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना है। इस मौके पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय ने महूदंड में आयोजित किया शिविर, 28 मामलों का मौके पर ही निष्पादन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुडंड पंचायत के लपसेरा में अंचल कार्यालय की ओर से जमीन संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार ने बताया कि पलामू अपर समाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी, हुसैनाबाद से प्राप्त आदेश के आलोक में आयोजित शिविर में 500 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। कैंप में ऑनलाइन रसीद से संबंधित 11, उत्तराधिकार नामांतरण वाद से संबंधित 27, सीएसआर एस से संबंधित पांच और भूमि विवाद से संबंधित 15 आवेदन प्राप्त हुए। इस तरह प्राप्त कुल 58 आवेदनों में से 28 का निबटारा मौके पर ही कर दिया गया। शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादित का आश्वासन दिया गया। कहा कि जमीन संबंधित कार्यों का त्वरित निष्पादित करने के लिए अंचल कार्यालय सक्रिय है।

## समता स्कूल में आग से बचाव के लिए किया जागरूक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल में अग्निशमन विभाग की ओर से अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर अग्निशमन के पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आमजन को आग से बचाव की जानकारी होना बेहद जरूरी है, क्योंकि आग की घटनाएं कहीं भी और कभी भी घट सकती हैं। प्रशिक्षण सत्र में बच्चों को न केवल सैद्धांतिक जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें आग बुझाने के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए गए। बच्चों ने खुद आग बुझाने का अभ्यास किया। छात्रों ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और समाज को भी सुरक्षित रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# पलामू की दो लंबित रेल परियोजनाओं को लेकर सांसद ने की रेल मंत्री से मुलाकात



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर अपने संसदीय क्षेत्र के दो लंबित रेल परियोजनाओं क्रमशः गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज एवं बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर नई रेल लाइन निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की। सांसद ने कहा कि वे वर्ष 2014 से ही दोनों महत्वपूर्ण लंबित रेल परियोजनाओं को पूर्ण कराने के लिए संसद में एवं पत्राचार के साथ ही रेलवे मंडल संसदीय समिति की बैठकों के माध्यम से लगातार उठा रहे हैं। पलामू संसदीय क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन परियोजना का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय। यह परियोजना स्वीकृत है, लेकिन कम प्राथमिकता के कारण रुकी हुई है। बरवाडीह चिरमिरी अंबिकापुर नई रेलवे लाइन का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय। यह महत्वपूर्ण परियोजना झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी। इन दोनों रेल परियोजनाओं के पूर्ण होने से न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी। सांसद ने बताया कि रेल मंत्री ने नवीन गुलाटी सदस्य रेलवे बोर्ड इंफ्रास्ट्रक्चर एवं संबंधित पदाधिकारियों से दोनों परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उक्त पदाधिकारियों ने बताया कि गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन का परियोजना रिपोर्ट इस माह के अंत तक समर्पित कर दिया जाएगा। बरवाडीह चिरमिरी अंबिकापुर नई रेलवे लाइन का भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। मंत्री ने दोनों परियोजनाओं के निर्माण कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि उपरोक्त दोनों परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण होने से जनता की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी एवं आवागमन सुगम होगा।

# पिता की दूसरी शादी से नाराज बेटे ने सौतेली मां का गला काटा, मौत

## जानलेवा हमले में बहन भी गंभीर, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/पलामू।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बेड़मा बभंडी इलाके में पिता की दूसरी शादी से नाराज एक युवक द्वारा अपनी सौतेली मां की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसी हमले में सौतेली बहन भी गंभीर रूप से घायल हो गई है। उधर, घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। उसका नाम नौशाद है। रामगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह ने बताया कि जसीमुद्दीन अंसारी नामक व्यक्ति ने दिल्ली में मजदूरी के दौरान तेजू नाम की एक महिला से शादी कर ली थी। इसके बाद वह नयी पत्नी के साथ अपने पैतृक घर पहुंचा था। जहां उसकी पहले से ही पत्नी और बच्चे थे। जसीमुद्दीन ने दोनों पत्नियों को अलग-अलग घरों में रखा था। जसीमुद्दीन का बेटा नौशाद अपने पिता की दूसरी शादी से नाराज चल रहा था। इसी नाराजगी के बीच दोनों पत्नियों और परिवार के बीच विवाद भी चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि इसी नाराजगी के कारण नौशाद तेजू के घर गया, जहां दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े में नौशाद ने अपनी सौतेली मां तेजू की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। अपनी मांग को बचाने के चक्कर में उसकी सौतेली बहन भी घायल हो गई। उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली थी और कुछ साल पहले उसकी शादी जसमुद्दीन से हुई थी।



घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भारी भीड़।

## केंद्रीय खोया-पाया केंद्र के माध्यम से 217 कांवरियों को सकुशल भेजा गया घर

**देवघर (आजाद सिपाही)।** राजकीय श्रावणी मेला के दौरान लाखों श्रद्धालु बाबा नगरी देवघर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए जिला प्रशासन की ओर से आरएल सर्राफ स्कूल परिसर में केंद्रीय खोया-पाया केंद्र सह अंतरराज्यीय सूचना सहायता केंद्र की स्थापना की गई है। जिसका उद्देश्य श्रावणी मेला में भूले-भटके, जरूरतमंद कांवरियों को सहायता प्रदान करना है। इस केंद्र में कांवरियों को फूडिंग, ट्रेवलिंग और आवश्यक मदद प्रदान की जाती है। अब तक इस केंद्र के माध्यम से कुल 217 कांवरियों को रेलवे पास उपलब्ध कराकर उनके गंतव्य स्थान के लिए रवाना किया जा चुका है। अब तक सहायता शिविर के माध्यम से कुल 10,115 रुपये की सहायता राशि वितरित की गई है। यह केंद्र कांवरियों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बनकर सामने आया है।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शुरू

# अंतिम क्षण में भी उम्मीद बनाये रखना अच्छे खिलाड़ी की पहचानः सौरभ प्रकाश




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025 की दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शुरू हो गई है। डालटेनगंज एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में तृतीय संभाग के कुल 10 विद्यालयों के छात्र भाग ले रहे हैं। इसमें कुल 265 छात्र (135 बालक एवं 130 बालिकाएं) भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के बीच होगी। रांची से डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, सिल्ली, खलारी, गढ़वा से डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर, गढ़वा, डीएवी लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा एवं डाल्टनगंज के छात्र शामिल हैं। इस विद्यालय में कराटे, ताइक्वांडो, कुश्ती, बॉक्सिंग एवं भारोत्तोलन के प्रतियोगिता होगी। जिसका उद्घाटन शुक्रवार की सुबह एमकेडीएवी प्रांगण में शुरू हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं आगंतुक अतिथियों को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू ने आगंतुक अतिथियों के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलन किया। वहीं, सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मेजबान विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी प्रतिभागी अपने खेल प्रदर्शन में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी का परिचय देंगे। मेरा मानना है कि खेल केवल आनंद के लिए नहीं, बल्कि जीवन निर्माण, व्यक्तित्व विकास एवं भविष्य निर्माण का साधन भी है। वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने बताया कि आज मुझे मेरा बचपन याद आ गया। कहा कि हार में भी मनोबल बनाए रखना, अनुशासन का पालन करना, टीम भावना, मित्रता का भाव बनाए रखना हम खेल के माध्यम से ही सीख सकते हैं। इससे हमारा शारीरिक, मानसिक विकास होता है और हम सर्वांगीण विकास कर पाते हैं। अंत में अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाचार लिखे जाने तक कराटे 14 वर्ष आयु वर्ग बालक में आदित्य कांत हेहल को स्वर्ण, अमन ओराव लोहरदगा को रजत और नवनीत भगत एवं प्रशांत कुमार महतो लोहरदगा ने कांस्य पदक जीता है।

बॉक्सिंग 14 वर्ष आयु वर्ग में फायमा तहजीब बीपी डीएवी गढ़वा को स्वर्ण। 17 वर्ष आयु वर्ग में रिद्धिमा ओरांव को स्वर्ण, 70 किलो वर्ग में नित्या रागनी हेहल को स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राएं अंशु, गीत शर्मा, सिमरन एवं प्राजंलि ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। नम्रता दुबे ने सभी को खेल शपथ दिलाई। इस मौके पर विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजा, सदस्य डॉ जयकुमार, गुरवीर सिंह, संजीव श्रीवास्तव प्राचार्य डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज डाल्टनगंज, सुजय कुमार मिश्रा प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा मुख्य रूप से उपस्थित थे। निर्णायक मंडली में सुमित बर्मन, विजय कुमार, अमरनाथ, विकास यादव, दीपक कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# तीन क्विंटल से अधिक डोडा के साथ आठ तस्कर गिरफ्तार



-पलामू पुलिस की बड़ी कार्रवाई
: करीब 33 लाख कैश बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पिपराटॉड थाना क्षेत्र में अवैध डोडा तस्करी के विरुद्ध की गई बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा बरामद किया है। लगे हाथ आठ तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिपराटॉड के तितलंगी निवासी डब्ल्यू यादव के सहयोग से राज्य से बाहर के डोडा कारोबारी एक बड़ी खेप पिपराटॉड थाना क्षेत्र होकर ले जाने वाले हैं। इस सूचना के आलोक में पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज (पांकी) के नेतृत्व में छापामारी दल गठित की गयी। जिसने डेसातु-पांकी-लावालौंग मुख्य सड़क पर जंगल के किनारे घात लगाकर अवैध कारोबारियों की गतिविधियों पर नजर रखी। इसी बीत चार पहिया वाहनों में ले जाए जा रहे करीब तीन क्विंटल 14 किलोग्राम डोडा के साथ चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर डब्ल्यू यादव, उसके दो पुत्रों एवं एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये सभी आरोपितों की पहचान पंजाब के लुधियाना के जमालपुर थाना क्षेत्र के गुरुपामगास नगर निवासी हरमीत सिंह (35), लुधियाना के ही वस्ती जोधेवाला थाना क्षेत्र निवाली पारस चौहान (29), टिब्या थाना क्षेत्र के सतबीर सिंह (38), ओम प्रकाश तिवारी (36), पलामू के पिपराटॉड निवासी डब्ल्यू यादव (60), पिन्टू कुमार यादव (30), रिंकू कुमार (25) और निरज कुमार पासवान (26) के रूप में हुई है। उनके पास से तीन क्विंटल 14 किलोग्राम अवैध डोडा के साथ ही नगद 32 लाख 90 हजार 400, चार कार, डोडा व्यापार से संबंधित लाल रंग की डायरी, 12 मोबाइल फोन बरामद हुआ है। वहीं, छापामारी दल में मनोज कुमार झा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज (पांकी), पुअनि राजेश रंजन, थाना प्रभारी पांकी, सअनि रामचन्द्र सिंह, पिपराटॉड थाना, सअनि ओम प्रकाश बैठा आदि शामिल थे।

## मुर्गा काटने वाले दुकानदार मुख्य सड़क पर ही बहा रहे खून, लोगों में आक्रोश

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर-गढ़वा रोड में एक ऐप्स जोन मॉल में चलाए जा रहे मुर्गा दुकान से बाजार मोहल्ला रोड़ में दुकानदार द्वारा रास्ते पर ही खून बहाए जा रहे हैं। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। रास्ते से गुजरते राहगीर काफी मात्रा में खून बहते देखकर हस्प्रद रह गए। लोगों का कहना है कि सावन के इस पवित्र महीना में खून फेंक कर धर्म एवं श्रद्धा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पूर्व में भी रास्ते पर खून एवं गंदगी फेंका गया था।

# चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिले के मधुपुर क्षेत्र में राहगीरों से चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले एक गिरोह का भंडापोड़ करते हुए पुलिस ने चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई बेलपाड़ा रोड पर हुई हालिया लूट की घटना के बाद की गई, जिसमें मेराज अंसारी नामक युवक से दिनदहाड़े मोबाइल और दो हजार रुपये नकद लूट लिए गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर कुंदन दास और भोला सिंह नामक आरोपितों को नावाडीह से, जबकि मनोज दास को पोखरी यातरी और चंदन दास को लेड़वा के महुआडाबर मोड़ से गिरफ्तार किया। इनके पास से एक चाकू, एक पंच, दो बाइक और 700 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार अपराधी लूटे गये मोबाइल और सिम का इस्तेमाल साइबर अपराध में भी करते थे। पुलिस अधीक्षक ने टीम को सफल कार्रवाई के लिए सराहना दी है।

## कांवरियों के बीच फल वितरण

**देवघर (आजाद सिपाही)।** कांवरिया पथ दर्शनियां मोड़ के पास अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा के बाबा गणिनाथ नि:शुल्क सेवा शिविर में समाज के लोगों ने श्रद्धालुओं की सेवा की। संस्था के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह के नेतृत्व में गोड्डा से आए समाज के लोगों ने कांवरियों के बीच फल, शीतल जल, शर्बत, चाय आदि वितरित किया। ध्रुव प्रसाद साह ने बताया कि समाज के लोगों द्वारा पिछले 10 सालों से गणिनाथ नि:शुल्क सेवा शिविर लगाया जा रहा है।

## खाद्य सुरक्षा टीम का मेला क्षेत्र में छापामारी अभियान, 12 किलो पनीर किया गया नष्ट

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देस पर श्रावणी मेला के दौरान खाद्य सुरक्षा टीम की ओर से मेला क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मेला क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और अस्वच्छ खाद्य सामग्री की बिक्री पर रोक लगाना है। इसी क्रम में एसबी रॉय रोड, बड़ा बाजार, बाजला चौक, शिक्षा सभा चौक, बाघमारा बस स्टैंड और कोठिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित भोजनालयों और खाद्य दुकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान 12 किलो पनीर जब्त कर उसे नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त चार दुकानों से पनीर, खोवा और शॉस के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है। टीम ने दुकानदारों को साफ-सफाई रखने, अस्वच्छ खाद्य पदार्थों का उपयोग न करने और खाद्य सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने की सख्त चेतावनी दी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

# किसानों को दी गयी उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर सुक्रवार को जिला कृषि कार्यालय सभागार में कृषि विभाग की ओर से जिला स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला कृषि पदाधिकारी यश राज, कृषि विज्ञान केंद्र सुजानी के वरीय वैज्ञानिक राजन ओझा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी और जिला मत्स्य पदाधिकारी ने भाग लिया। कार्यशाला में किसानों को खरीफ मौसम में धान, दलहन और तेलहन की बेहतर पैदावार से जुड़ी तकनीकी जानकारी दी गई। बताया गया कि इस वर्ष किसानों को समय पर धान का बीज उपलब्ध कराया गया है, जिसका वितरण ब्लॉक चेन पद्यति से किया जा रहा है। साथ ही पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को समेकित कृषि प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि हो सके। जिला कृषि पदाधिकारी ने कार्यशाला में क्रियान्वित योजनाओं और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने खरीफ सत्र के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध बीजों और कृषि यंत्रों की जानकारी साझा की। इस मौके पर जिले के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक, प्रगतिशील कृषक एवं कृषक मित्र उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण दुकान और विद्यालय का औचक निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनेश कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण दुकान एवं विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दरमियान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गम्हरिया स्थित शिशिर शर्मा और हापामुनी स्थित मोहम्मद नजबून का जन वितरण दुकानदार का निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने लाभुकों को समय से अनाज वितरण करने के साथ-साथ इ-केवाइसी 100 प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र सरनाटोली नवडीहा का निरीक्षण कर बच्चों को पोषाहार समय से देने का निर्देश दिया गया। जिसके बाद राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चुंदरी का निरीक्षण किया गया, जहां पर बच्चों का पढ़ाई लिखाई के अलावे बच्चों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी हासिल किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में सरकार के द्वारा ग्रामीण व छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाएं समय के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण तरीके से मिले यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसी निमित्त औचक निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी जन वितरण दुकानदार हो या फिर स्कूल या फिर आंगनबाड़ी केंद्र लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार से मिलने वाली योजनाएं सत प्रतिशत लोगों के बीच मिले यह सरकार की प्राथमिकता है।

## शिविर में 13 लोगों ने किया रक्तदान




**गुमला (आजाद सिपाही)।** अनीता सेवा सदन और मां दूधेश्वरी धाम जन कल्याण सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन लोहरदगा रोड दूंदुरिया स्थित अनीता सेवा सदन में किया गया। जिसमे कुल 13 लोगो ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले में अस्पताल के संचालक डॉ राजकुमार सिंह,राजकिशोर सिंह, उदय महतो, मन कुमार मल्लाह, सुखदेव महतो, सरजीत एक्का, मृत्युंजय कुमार, सौरव गुप्ता, सनी ठाकुर, तिमिर खलखो, सुभाष कुमार, छोटू बड़ाइक, गौरव कुमार ने रक्तदान किया। अस्पताल के संचालक डॉक्टर राजकुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है क्योंकि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं साथ ही रक्त दान मानवता का सबसे बड़ा कार्य है।प्रत्येक संस्थान को समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाना चाहिए ताकि ब्लड की आपूर्ति को पूरा किया जा सके। ब्लड की कमी की वजह से कभी किसी मरीज की मृत्यु ना हों यह हम सभी का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। सभी रक्तदाताओं को अंग वस्त्र और कप देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित मंदिर समिति के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि हम सभी को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए क्योंकि रक्तदान सेवा का सबसे बड़ा कार्य है और रक्तदान करने से व्यक्ति कई बीमारियों से भी दूर रहता है। रक्तदान शिविर के साथ आपातकालीन स्थिति में सेवा समिति के लोग ब्लड बैंक जाकर भी रक्तदान करते हैं। मौके पर सदर अस्पताल ब्लड सेंटर प्रभारी सुनील राम, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, अंजू किंडो , अनीता देवी, यशराज सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राशन डीलरों को केवाइसी पूरा करने का मिला निर्देश



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी में प्रखंड अंचल पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक आपूर्ति संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी राशन डीलरों को निर्देश दिया गया कि वे 31 जुलाई तक घर-घर जाकर सभी लाभुकों का सत प्रतिशत केवाइसी कार्य पूरा करें। इसके साथ ही अधिकारियों ने यह भी आदेश दिया कि विलोपन योग्य, अपात्र एवं अयोग्य लाभुकों की सूची कल तक कार्यालय में जमा की जाये। राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने तथा वास्तविक लाभुकों तक खाद्यान्न पहुंचाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। बैठक में संबंधित आपूर्ति पदाधिकारी,प्रखंड कर्मी, एवं सभी पंचायतों के राशन डीलर उपस्थित थे। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि समय सीमा के अंदर कार्य नहीं करने पर संबंधित डीलरों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## सीकरी पंचायत के स्कूल में वन महोत्सव का आयोजन



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के सीकरी पंचायत स्थित सीकरी स्कूल में वन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य एवं वन विभाग के रेंजर जगदीश राम उपस्थित रहे। इस अवसर पर वन विभाग की ओर से सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलायी गयी। स्कूल के परिसर में फलदार पौधों का रोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ-साथ कुरूमगढ़ रेंज के सभी वनरक्षी, सीकरी स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। उपस्थित लोगों के बीच डेग (थाली) एवं दरी का वितरण भी किया गया। रेंजर जगदीश राम ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और हरित वातावरण देना चाहिए।

## वज्रपात की चपेट में आने से झुलसे दंपति

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बृंदा पंचायत के कोयनारा टोंगरी टोली गांव मे आसमानी बिजली की चपेट में आने से 18 वर्षीय आजाद लोहरा और उसकी पत्नी श्वेता कच्छप गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात दोनों घर के आंगन में बैठे थे तभी हल्की-हल्की बारिश होने लगी दोनों घर के अंदर घुसने ही वाले थे कि तभी जोरदार आवाज के साथ बिजली चमकी और आसमान को चीरते हुए जमीन पर गिरी बज्रपात की चपेट में आने से दोनों पति-पत्नी आंगन में ही गिरकर अचेत हो गये। युवक की मां और भाई घर से निकले और दोनों को अंदर ले गये। इसके बाद दोनों को कोलगेट का लेप लगाया गया। जमीन पर गिरने से दोनों के सिर में गंभीर चोट लगी। वही गांव की सहिया फोन कर एंबुलेंस बुलायी और दोनों को गुरुवार की रात 10 :30 बजे सदर अस्पताल लाया गया। वहीं घटना में श्वेता कच्छप का दांत टूट गया है। साथ ही से सर और चेहरा में भी उसे चोट लगी है।

# हिचकी नहीं रुकने पर वृद्ध ने काटा अपना गला, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के टेंसेरा गांव निवासी 66 वर्षीय वृद्ध इंदर साहु ने चाकू से अपना गला काट लिया। दो-तीन दिनों से वृद्ध को हिचकी आ रहा था। परिजन गांव के ही डॉक्टर से इलाज कराए थे लेकिन हिचकी रुकने का नाम नहीं ले रहा था। जिससे तंग आकर शुक्रवार की दोपहर 12 बजे वृद्ध ने चाकू से अपना गला काट लिया। उस समय घर पर कोई नहीं था वृद्ध की पत्नी घास काटने खेत गई थी जबकि अन्य लोग खेती बाड़ी के काम से बाहर थे। दोपहर एक बजे जब परिजन घर लौटे तो खून से लथपथ वृद्ध को जमीन पर पड़े देखा इसके बाद तत्काल उसे सदर अस्पताल लाया गया। घर वालों ने बताया वृद्ध को अन्य बीमारी भी है। लेकिन दो-तीन दिनों से लगातार हिचकी हो रहा था। ठीक नहीं होने पर उसने चाकू से अपना गला काट लिया। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया।

# बुनियादी सुविधाओं के अभाव का दंश झेल रहे हैं सिसई संत तुलसीदास +2 उच्च और मध्य विद्यालय के विद्यार्थी

मदन साहु




**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड का प्रसिद्ध राजकीयकृत संत तुलसीदास +2 उच्च विद्यालय इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। करीब 1500 से अधिक नामांकित छात्र-छात्राओं वाले इस विद्यालय में महज दो शौचालय हैं। जिनका उपयोग छात्राएं करती हैं। इस कारण छात्राओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि छात्रों के लिए एक भी वॉशरूम उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उन्हें खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ता है। विद्यालय के कई कक्ष जर्जर अवस्था में हैं, जबकि कई भवनों का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। सीमित कक्षों के कारण एक ही कमरे में 150 से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है, जिससे छात्रों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है।

छात्र-छात्राओं ने जिला प्रशासन व सरकार से मांग की है कि विद्यालय में कम से कम 10-10 शौचालय छात्र एवं छात्राओं के लिए बनाए जाएं तथा अधूरे भवनों का शीघ्र निर्माण कराया जाये।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आस्तिक कुमार उरांव ने बताया कि विद्यालय के परिसर में शाम के समय असामाजिक तत्वों द्वारा जुआ खेलना, शराब पीना और अन्य अनैतिक गतिविधियां आम बात हो गयी हैं। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, अधूरे भवनों को पूरा कराने, वॉशरूमों की संख्या बढ़ाने और जर्जर भवनों की मरम्मत की मांग की है।

इसी कड़ी में तुलसीदास विद्यालय के बगल में स्थित राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय भी संकटपूर्ण स्थिति में है। प्रधानाध्यापक विनय गुप्ता ने बताया कि विद्यालय का सीढ़ी रूम पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जहां कक्षा चार और पांच संचालित होती है। भवन के गिरने की आशंका के कारण इन कमरों को बंद कर दिया गया है और छात्रों को अन्य कक्षाओं में समायोजित किया गया है।

इसके अलावा विद्यालय का बाउंड्री वॉल भी बहुत नीचा है, जिसके चलते मवेशी परिसर में प्रवेश कर पौधों और फूलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रधानाध्यापक ने प्रशासन से भवन की मरम्मत व बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की है ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में यह स्थिति एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन की अपील है कि सरकार व प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान दे।

# आलोक पन्ना ने जेपीएससी परीक्षा में बिशुनपुर का नाम किया रोशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड के संमदरी गांव निवासी आलोक पन्ना ने जेपीएससी (झारखंड लोक सेवा आयोग) के परिणामों में शानदार सफलता हासिल कर पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव और प्रखंड में खुशी का माहौल है और हर कोई उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दे रहा है। आलोक की इस सफलता पर जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने अपनी कामयाबी का पूरा श्रेय अपने बड़े भाई अरुण पन्ना और अपनी मां तारामुनी देवी को दिया। उन्होंने बताया कि इन दोनों के अटूट समर्थन और प्रेरणा के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। आलोक ने यह भी बताया कि वे वर्तमान में झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में सेवारत हैं। अपनी नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई के लिए समय निकालना एक चुनौती थी, लेकिन जब भी उन्हें मौका मिलता, वे अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता देते थे। यह आलोक की पहली कोशिश नहीं थी जेपीएससी की पहली परीक्षा में उन्हें असफलता का सामना करना पड़ा था। हालांकि, उन्होंने हार नहीं मानी और दूसरी बार जीतोड़ मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ तैयारी की, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। आलोक के जीवन में चुनौतियां कम नहीं थीं। उनके पिता का देहांत 2016 में हो गया था। जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ गयी थीं। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद, आलोक ने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया और अपनी मेहनत के दम पर यह सफलता हासिल की।

## जागरूकता अभियान चलाकर श्रमिकों से सीधा संवाद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार 11 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक गुमला जिले में विशेष श्रम निबंधन एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गये। अभियान का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों एवं अन्य श्रेणी के श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना एवं उनका निबंधन सुनिश्चित कराना है। अभियान के क्रम में श्रम विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं कार्यस्थलों पर प्रतिदिन भ्रमण कर श्रमिकों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। उन्हें उनके अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, और निबंधन की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मौके पर ही ऑन स्पॉट निबंधन भी किया जा रहा है। शुक्रवार को अभियान के अंतर्गत 80 श्रमिकों को जागरूक किया गया तथा 12 श्रमिकों का ऑन स्पॉट निबंधन किया गया।

# सांसद प्रतिनिधि ने जारी में स्थायी पदाधिकारियों की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता




**जारी।** लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि आलोक साहू ने शुक्रवार को जारी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया।

सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के नाम से स्थापित इस प्रखंड मुख्यालय में न तो स्थाई प्रखंड विकास पदाधिकारी हैं और न ही स्थायी अंचलाधिकारी। इसके कारण ग्रामीणों को सरकारी कार्यों में लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड परिसर में कई महत्वपूर्ण पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, जिससे क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में आलोक साहू ने ग्रामीण विकास मंत्री से संपर्क कर स्थाई बीडीओ और सीओ की नियुक्ति की मांग की। मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि जल्द ही जारी प्रखंड में स्थायी पदाधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी। इसके साथ ही सांसद प्रतिनिधि ने प्रखंड में निमार्णाधीन एकलव्य मॉडल विद्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय तक पहुंचने के लिए फिलहाल कोई उचित रास्ता नहीं है, जिससे निर्माण कार्य और भविष्य में संचालन में कठिनाई हो सकती है। इस मुद्दे पर संबंधित विभाग से बातचीत की गयी, जिसमें बताया गया कि रास्ते के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर निकाला जायेगा।

## बिशुनपुर में हाथी का उत्पात जारी

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** अपने झुंड से बिछड़ कर बिशुनपुर प्रखंड पहुंचे एक जंगली हाथी का विचरन लगातार एक के बाद एक गांव में जारी है। गुरुवार की शाम हाथी बलातु एवं नामुदाग गांव पहुंचा जहां रात भर लोग भय के कारण जगे रहे जिसके बाद शुक्रवार सुबह नरमा के रास्ते अंकरी, समदरी, बेंदी होते हुए अरंगलोया गांव पहुंचा जहां डैम में काफी समय बिताने के बाद वह पुणः ओरेया गांव पहुंचा जहां छोटू असुर नामक व्यक्ति के भर को तोड़ कर अनाज खा गया और लोगां सखुआ टोली गांव पहुंचा जहां विश्राम उरांव के खेत में फूटे टेवा गर्मा धान का फसल को चट कर गया। साथी ही बारी में लगा केला एवं अन्य सब्जियों को नुकसान पहुंचाया। हालांकि वन विभाग आदर रेंज के फॉरेस्टर शेखर सिंह अपने टीम के साथ लगातार हाथी पर नजर बनाये हुए हैं और उसे सुरक्षित दिशा में ले जाने का प्रयास प्रयास कर रहे हैं।

## 450 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो पुलिस ने थाना क्षेत्र के खरवा गढ़ा नहर नीचे से गांजा बेचने वाले सोनू अंसारी उर्फ गुरु को 450ग्राम गांजा बेचते हुए पकड़ा। शुक्रवार को गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने मामले को लेकर थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उसके बाद पुलिस ने गांजा विक्रेता गुरु को गुमला जेल भेज दिया। 2022 मे भी गांजा बेचते हुए पकड़ा जा चुका है और जेल जा चूका है 'इसके पकड़ने में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार,भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी,अभिनंदन कुमार सहित भरनो थाना का सशस्त्र बल शामिल थे।

## सांप के काटने से किसान घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला प्रखंड के किता गांव निवासी 45 वर्षीय चुईठा उरांव को गुरुवार की देर शाम रसल वाइपर सांप ने पैर में काट लिया। गुरुवार की रात 10 :30 बजे परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आये। जानकारी के मुताबिक किसान खेत की ओर से धान रोपकर अपने घर लौट रहा था तभी रास्ता में एक सांप उसके पैर में लिपट गया पैर में ठंड का एहसास होने पर किसान पैर को झटका दिया। जिसके बाद सांप उसके चप्पल में जाकर फंस गया। साथ ही सांप किसान के पैर के नीचे आ गया इसके बाद सांप ने उसके पैर में काट लिया। किसान के साथ गांव के लोग भी घर लौट रहे थे। लोगों ने सांप को पकड़ लिया जिसके बाद एक डिब्बे में बंद कर दिया। साथी सांप को लेकर अस्पताल पहुंचे। वही घर वालों ने सांप के काटे हुए स्थान पर सेम का ताजा बीज लगाया था जिससे लहर कम होने की बात बतायी गयी।

## कुगांव में युवक ने लगायी फांसी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुगांव ग्राम निवासी लगभग 24 वर्षीय अमन उरांव ने गुरुवार की देर शाम फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता सीताराम उरांव ने बताया कि घर के सभी सदस्य खेत में काम करने के लिए गए थे देर शाम घर लौटे तो देखा घर का दरवाजा बंद था। जिसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा और देखा तो पता चला कि अमन फंदे के सहारे झूल रहा है। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को गुमला भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अमन नशे की हालत में था और पीछे कुछ दिनों से लगातार नशे की हालत में रहता था। अचानक ही गुरुवार की देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या की।

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला**

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला-7209721521

Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

**मत्स्य कृषकों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा गुमला जिले के सभी तालाब लाभुकों/केज मत्स्य पालकों/ रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों/बॉयोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बॉयोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजनान्तर्गत राज्यादेश संख्या 10 रा0(वि0) दिनांक 04.07.2025 द्वारा अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु लक्ष्य प्राप्त है । इच्छुक मत्स्य पालक इस योजना का लाभ लेने हेतु कार्यालय में **04-08-2025** तक आवेदन जमा करें । आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला में कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है । नियम एवं शर्तें निम्न है :-

1. विस्तृत शीर्ष-03-प्रशासनिक व्यय-23-आपूर्ति एवं सामग्री मद में स्वीकृत राशि से मत्स्य कृशकों/केज मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत् अथवा मो 25.00 (पच्चीस रू0) मात्र प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम् अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत् प्रोटीन गुणवत्तायुक्त 2mm से बड़े 4mm तक का फिश फीड उपलब्ध कराया जाएगा । विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृशकों को फीड के रूप में ही दिया जाएगा ।
2. कंडिका 01 के अतिरिक्त मत्स्य पालकों को 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत् अथवा अधिकतम् मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 मात्र प्रति किलोग्राम फीड की दर से ही अनुदान देय होगा । एक लाभुक को अधिकतम् कुल 700 किलोग्राम 2mm अथवा इससे इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 मात्र प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अधिकतम् मो0 17500.00 (सतरह हजार पाँच सौ) रू0 अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी ।
3. कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त केज मत्स्य पालकों को दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए 2mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत् अथवा अधिकतम् मो 25.00 (पच्चीस) रू0 प्रति किलोग्राम फीड की दर से अनुदान देय होगा। एक लाभुक को अधिकतम् कुल 1500 किलोग्राम 2mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अधिकतम् मो0 37500.00 (सैंतीस हजार पाँच सौ) रू0 अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी । इसके अतिरिक्त रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, बॉयोफ्लॉक टैंक तथा बॉयोफ्लॉक तालाब के लिए भी अनुदान पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा जो निम्न है :-

   (क) रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (**RAS**) :- रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 90 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिकतम् 08 टैंक) के लिए अधिकतम् 650 किलोग्राम प्रति टैंक की दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोंटिंग फीड के क्रय पर मो 25.00 (पच्चीस) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी ।

   (ख) बॉयोफ्लॉक टैंक (**Biofloc Tank**) :- इसी प्रकार बॉयोफ्लॉक टैंक में दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 10 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिकतम् 50 टैंक) के लिए अधिकतम् 50 किलोग्राम प्रति टैंक की दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोंटिंग फीड के क्रय पर मो 25.00 (पच्चीस) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी ।

   (ग) बॉयोफ्लॉक तालाब (**Biofloc Pond**):- बॉयोफ्लॉक तालाब (0.1ha) में दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को अधिकतम् 1500 किलोग्राम प्रति तालाब (0.1ha) की दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोंटिंग फीड के क्रय पर मो 25.00 (पच्चीस) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी ।
4. केज मत्स्य पालकों/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों/बॉयोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बॉयोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु इनके चयन में यह ध्यान रखा जाएगा कि लाभुक सकिय केज मत्स्य पालक/सकिय रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम संचालक/सकिय बॉयोफ्लॉक टैंक संचालक/सकिय बॉयोफ्लॉक तालाब संचालक हो तथा उसके द्वारा केज में /रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में/बॉयोफ्लॉक टैंक में/बॉयोफ्लॉक तालाबों में वर्त्तमान में मछली पालन किया जा रहा हो । उसके पास कम से कम पिछले एक crop का रिकॉर्ड हो। मात्स्यिकी गतिविधियों (मत्स्य बीज संचयन की विवरणी, संचित मत्स्य बीज की संख्या तथा उपलब्ध मछली, मछलियों के ग्रोथ, उत्तरजीविता तथा बिकी की गई मछलियों का data) से नियमित रूप से जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला का अवगत कराने के लिए सहमत हो ।
5. लाभुक द्वारा 2mm अथवा इससे छोटे साईज/2mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) का वास्तविक रूप में क्रय किया गया है एवं इसकी GST Billing हुई है । GST Billing के बिना लाभुक के खाते में राशि डी0बी0टी0 नहीं की जाएगी । लाभुक को देय अनुदान की राशि उसके द्वारा व्यय की गई राशि से 50 प्रतिशत् अथवा मो0 25.00 (पच्चीस) रू0 मात्र प्रति किलोग्राम अधिकतम् अनुदान से ज्यादा नहीं हो ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला

PR 358242 Fish (25-26)_D

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने साल 2014-15 से अब तक जामाडोबा-सिजुआ में 96 तालाबों का किया नवीनीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/जोड़ापोखर।** टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से ग्रामीण विकास और सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे प्रयासों के तहत वित्तीय वर्ष 2014-15 से अब तक जामाडोबा और सिजुआ क्षेत्रों में कुल 96 तालाबों का निर्माण या नवीनीकरण किया गया है। इन जल स्त्रोतों का उपयोग रणनीतिक रूप से मछली पालन, सब्जी उत्पादन और एकीकृत कृषि मॉडल के माध्यम से स्थानीय आजीविका को मजबूत करने के लिए किया गया। इसके तहत किसानों को बीज, सिंचाई पंप, सोलर फेंसिंग, जैविक खाद, फिंगरलिंग्स और बतख-मुर्गी जैसे छोटे पशुधन उपलब्ध कराए गए। इन जल स्त्रोतों के एकीकृत उपयोग का उद्देश्य कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और बाजार से जुड़ाव को मजबूत करना। धनबाद के कोल बेल्ट क्षेत्र जामाडोबा गांव में एक छोटे से किसान समूह ने वर्ष 2019 से अपनी ज़िंदगी बदलने की दिशा में लगातार मेहनत की है। खनन प्रभावित इस इलाके के बीचोंबीच, उमेश कुमार सिंह, दिनेश सिंह, राज कुमार राजवार, नीरज कुमार, नरेश कुमार, कृति महाला, विशाल कुमार, देवा विश्कर्मा और अंकुश कुमार जैसे किसान यह दिखा रहे हैं कि दृढ़ संकल्प और टीमवर्क से क्या कुछ संभव हो सकता है। इन सभी ने मिलकर मत्स्य पालन समिति, कालीमेला डुंगरी नामक समूह बनाया है, जिसकी लगन और मेहनत ने एक ठहरे हुए तालाब को विकास और समृद्धि का प्रतीक बना दिया है। इनमें से उमेश सिंह ने पारंपरिक कृषि की सीमाओं से आगे सोचने का साहस दिखाया। एक छोटे तालाब, सीखने की प्रबल इच्छा और परिवार की आजीविका सुधारने के सपने के साथ उन्होंने नई राह चुनी। यह सफर तब शुरू हुआ जब उमेश ने अपने 200-200 फीट के महज तीन फीट गहरे तालाब की ओर देखा और उसमें सिर्फ पानी नहीं, बल्कि संभावनाओं का एक समुंदर देखा। अपने क्षेत्र में फाउंडेशन की बढ़ती पहल से प्रेरित होकर उमेश ने मछली पालन की दिशा में कदम बढ़ाने का फैसला किया। सबसे पहला कदम धनबाद पशुपालन विभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय बुनियादी मत्स्य पालन प्रशिक्षण में नामांकन करके उठाया। जहां उन्होंने मछली पालन की बुनियादी जानकारी हासिल की। अपनी ज्ञान यात्रा को आगे बढ़ाते हुए उमेश ने झारखंड मत्स्य विभाग द्वारा रांची में आयोजित तीन दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया। यहां आधुनिक मछली पालन तकनीक, रोग प्रबंधन के उपाय, और बाजार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। इसके बाद उमेश जामाडोबा लौटे और फाउंडेशन के मार्गदर्शन में मछली पालन शुरू की। प्रशिक्षण के बाद, धनबाद मत्स्य विभाग ने उनकी मदद के लिए रोहू, कतला और मृगल प्रजाति के मछली का चारा (स्पॉन) के 10 पैकेट और मछली पकड़ने के जाल उपलब्ध कराए, जिससे वे अपने प्रयासों की ठोस शुरूआत कर सकें। उमेश के अनुरोध पर फाउंडेशन ने उनके तालाब की गहराई बढ़ाकर छह फीट करने में भी सहायता की, जिससे उन्हें थ्री-लेयर फिश फार्मिंग शुरू करने का अवसर मिला। एक ऐसी पद्धति जिसमें तालाब की अलग-अलग गहराई में विभिन्न प्रजातियों की मछलियों को पालकर उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की जाती है। नियमित फील्ड विज़िट और तकनीकी सहायता के साथ उमेश को अब अपने प्रयासों के ठोस परिणाम दिखने लगे हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में, टाटा स्टील के सहयोग से उनके लिए एक तालाब का निर्माण किया गया। जिसका उपयोग करते हुए उन्होंने फिंगरलिंग पालन शुरू किया। वर्तमान में वे फिंगरलिंग और मछली पालन, दोनों गतिविधियां जारी रखे हुए हैं, जिससे उन्हें तीन से 3.50 लाख रुपये तक की वार्षिक आय हो रही है।

# यूजर चार्ज नहीं देने वाले अपार्टमेंट प्रतिष्ठानों-घरों से नहीं उठेगा कचरा

## जहां-तहां कचरा फेंकने पर कड़ी कार्रवाई और आर्थिक दंड लगाने की भी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** यूजर चार्ज नहीं देनेवाले घरों से कचरा नहीं उठेगा। अगर वह घर के बाहर कचरा फेंकते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जायेगी। गुरुवार को नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने एसबीएम की समीक्षा बैठक के बाद यह आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवा के बदले यूजर चार्ज अनिवार्य है। बैठक में यह तथ्य



सामने आया कि नगर निगम क्षेत्र के कई अपार्टमेंट, प्रतिष्ठान एवं घर यूजर चार्ज का भुगतान नहीं कर रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की जा रही है। नगर आयुक्त ने बताया कि जो प्रतिष्ठान, अपार्टमेंट या आवासीय घर निर्धारित यूजर चार्ज नहीं दे रहे हैं, उनके यहां से कूड़ा उठाव की सेवा तत्काल प्रभाव से बंद कर दी जायेगी। यदि कचरा सार्वजनिक स्थानों या सड़कों पर अव्यवस्थित पाया गया, तो उस क्षेत्र के सामने स्थित संपत्ति को जिम्मेदार माना जायेगा।

### केबल संचालकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

बैठक में शहर की सौंदर्यता और नागरिक सुरक्षा पर चर्चा के दौरान सड़कों, गलियों और भवनों पर लटकते एवं अव्यवस्थित केबल तारों को लेकर चिंता जतायी गयी। नगर आयुक्त ने बताया कि कई केबल ऑपरेटरों द्वारा तारों को बेतरतीब तरीके से लगाया गया है। इससे स्वच्छता अभियान पर असर पड़ रहा है। यह सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है। सभी केबल ऑपरेटरों को दो दिनों की मोहलत देते हुए निर्देश दिया गया है कि वे अपने तारों को समेटें, हटाएं या सुरक्षित तरीके से व्यवस्थित करें। निर्धारित समय में तार लटके या अव्यवस्थित पाये जाने पर नगर निगम की ओर से उन्हें काट कर हटा दिया जायेगा। लगे हाथ संबंधित ऑपरेटरों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई भी की जायेगी।

## बोकारो के चास में 18 जुलाई को हुई लूट का उद्भेदन, 34 लाख बरामद, दो गिरफ्तार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अलकुशा मोड़ के पास अभय आनंद नामक व्यक्ति से हुई 60 लाख रुपए की लूट का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उसने पास से लूट का 34 लाख रुपए भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने शुक्रवार को प्रेस-वार्ता कर बताया कि गत 18 जुलाई को सूचना मिली थी कि अभय आनंद से 60 लख रुपए अपराधियों ने लूट ली है। इस बाबत जांच कमेटी का गठन किया गया और तकनीकी सेल की मदद से उक्त कांड का उद्भेदन किया गया। इस मामले में पुलिस ने जामताड़ा जिले के महिजाम थाना के घासी पहाड़ी निवासी नरेश मंडल (48) और अमित साव (37) को जामताड़ा से ही गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ झारखंड के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमा दर्ज है। इस कांड में प्रयुक्त एक बुलेट, एक कार और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उक्त अपराधियों ने जालसाजी कर लोगों को प्रलोभन देकर फंसाया और पुनः अपनी गिरफ्त में लेकर लूट कांड को अंजाम दिया। पुलिस इस लूट कांड में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

## सीइडी विभाग में सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के सिविल इंजीनियरिंग विभाग (सीइडी) में सुक्रवार को एक दिवसीय सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक (सीइडी) शालिग्राम सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ महाप्रबंधक (सीइडी) एके अविनाश, महाप्रबंधक (सीइडी) मो शाहबुद्दीन, महाप्रबंधक (सीइडी) मो तसनीम सलाम आदि भी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरक्षा शपथ के साथ हुआ। सहायक महाप्रबंधक (सीइडी) ज्योति ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, शालिग्राम सिंह ने अपने संबोधन में सभी को निरंतर सुरक्षा उपायों का पालन करने एवं सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने औद्योगिक विस्तार की आवश्यकताओं को देखते हुए उन्नत सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एडवांस्ड सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम) की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने सीइडी विभाग की क्वालिटी सर्किल टीम 'फ्रंटलाइन सेफ्टी वॉरियर्स' एवं 'सेफ्टी वॉरियर्स' को भिलाई में आयोजित सीसीक्यूसी चैप्टर में प्राप्त पुरस्कारों के लिए बधाई दी एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में सहायक महाप्रबंधक (सीइडी) गणेश कुमार ने प्रतिभागियों को पीएसएसआर (प्री-स्टार्टअप सेफ्टी रिव्यू) और पीटीआर (परमिट टू वर्क) पर प्रशिक्षण देते हुए आधुनिक सुरक्षा प्रबंधन तकनीकों और नए वर्क परमिट फॉर्म की प्रक्रिया से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में आदित्य स्वरूप ने 'वर्क एट हाइट' एवं उसकी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर प्रस्तुति दी और ऊंचाई पर कार्य के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में सीईडी एवं एसआईजीएस विभाग के कुल 35 कर्मचारियों ने भाग लिया और सुरक्षा उपायों, जोखिम प्रबंधन एवं सुरक्षित कार्य प्रणाली के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ज्ञान अर्जित किया।

## ग्रामीण एसपी ने किया महुदा थाना का वार्षिक निरीक्षण

**महुदा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) कपिल चौधरी ने शुक्रवार को महुदा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना दैनिकी, अपराध रजिस्टर, मालखाना और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि जांच के दौरान कुछ प्रक्रियागत त्रुटियां सामने आई हैं, जिन्हें दुरुस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने थाना प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया। पत्रकारों से बातचीत में एसपी ने कहा कि पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने और आम जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए सभी स्तरों पर सुधार किए जा रहे हैं। इस मौके पर महुदा अंचल निरिक्षक, महुदा थाना प्रभारी, भाटडीह ओपी प्रभारी, खरखरी ओपी प्रभारी सहीत दर्जनो अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। इधर, हाल ही में एक फर्जी गौ-चोरी मामले में पुलिस द्वारा बिना जांच के एक निर्दोष को जेल भेजे जाने के मामले पर पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाने पर ग्रामीण एसपी बकवास बताकर टाल दिया। जबकि यह मामला क्षेत्र में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। कई प्रमुख समाचार पत्रों में इसे स्थान मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसपी द्वारा मामले को खारिज करना पुलिस की लापरवाही को ढंकने की कोशिश है। इससे पहले भी महुदा थाना कई विवादों में घिर चुका है।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

76वीं औपबंधिक सुची जिला—लातेहार (पार्ट—1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या—1938, दिनांक—20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :—चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर , अर्जुन राम एवं विश्वनाथ प्रसाद द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0—242/25 2. आवेदक—लाल सुधाकर नाथ शाहदेव, पिता—स्व0 अछयबर नाथ शाहदेव<br>3. ग्राम—एटे, पोस्ट—बारी, थाना—चन्दवा, प्रखण्ड—चन्दवा<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—77 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही है। | कंडिका—2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0—243/25 2. आवेदक—अरूण कुमार दुबे, पिता—स्व0 दुखन दुबे<br>3. ग्राम—डूड़ंगि, पोस्ट—लातेहार, थाना—लातेहार, प्रखण्ड—लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—58 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही है। | कंडिका—2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0—244/25 2. आवेदक—मो0 इनायत करिम, पिता—असरफ मिया<br>3. ग्राम—केना, पोस्ट—कुरा लातेहार, थाना—लातेहार, प्रखण्ड—लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—63 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही है। | कंडिका—2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0—245/25 2. आवेदक—महेन्द्र तुरी, पिता—महराय तुरी<br>3. ग्राम—तुवेद, पोस्ट—कैमा लातेहार, थाना—लातेहार, प्रखण्ड—लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—47 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना हाथ के चौथी उंगली के नीचे तिल। | कंडिका—2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0—246/25 2. आवेदक—अशोक कुमार पाण्डेय, पिता—मधुसुदन पाण्डेय<br>3. ग्राम—विशुनपुर, पोस्ट—लातेहार, थाना—लातेहार, प्रखण्ड—लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—60 वर्ष, पहचान चिन्ह—ललाट के तिलक स्थान पर मस्सा। | कंडिका—2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0—247/25 2. आवेदक—राजू रंजन प्रसाद, पिता—शम्भु शरण प्रसाद<br>3. ग्राम—शहिद चौक लातेहार, पोस्ट—लातेहार, थाना—लातेहार, प्रखण्ड—लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—60 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायीं कांख पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0—248/25 2. आवेदक—लाल मोती नाथ शाहदेव, पिता — लाल सुधाकर नाथ शाहदेव<br>3. ग्राम—एरे , पोस्ट—वारी , थाना—चन्दवा , प्रखण्ड— चन्दवा<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—47 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाया पैर के घुटना में चोट का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0—249/25 2. आवेदक—राम लाल उराँव(आश्रित पुत्र) , पिता — स्व0 चैता उराँव<br>3. ग्राम—तुवेद , पोस्ट—कैमा , थाना—लातेहार , प्रखण्ड— लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—47 वर्ष, पहचान चिन्ह—बाया आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0—250/25 2. आवेदक—तजवा भगत , पिता —सोमा उराँव<br>3. ग्राम—तुवेद , पोस्ट—कैमा , थाना—लातेहार , प्रखण्ड— लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—65 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाया हाथ में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0—251/25 2. आवेदक—सुदामा प्रसाद साहु , पिता —जग्रनाथ साहु<br>3. ग्राम—स्टेशन रोड चटनाही , पोस्ट— लातेहार , थाना—लातेहार , प्रखण्ड— लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—61 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना हाथ के कलाई पर जला का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0—252/25 2. आवेदक—फुलकुमारी देवी , पति —श्यामबिहारी यादव<br>3. ग्राम—होटवाग , पोस्ट—पोचरा , थाना—लातेहार , प्रखण्ड— लातेहार<br>4. लिंग— महिला , आयु—58 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | कंडिका—2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0—253/25 2. आवेदक—रिमोला तिग्गा , पति —मरायानुस तिग्गा<br>3. ग्राम—पाण्डेयपुरा , पोस्ट—पाण्डेयपुरा, लातेहार , थाना—लातेहार , प्रखण्ड— लातेहार<br>4. लिंग— महिला , आयु—68 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | कंडिका—2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0—254/25 2. आवेदक—मनोज चौधरी , पिता —शत्रुधन चौधरी<br>3. ग्राम—कंचन नगर चन्दवा , पोस्ट— चन्दवा , थाना— चन्दवा , प्रखण्ड— चन्दवा<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—52 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायां आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0—255/25 2. आवेदक—राजमुनि देवी , पति—तजवा भगत<br>3. ग्राम—तुवेद , पोस्ट—कैमा, लातेहार , थाना—लातेहार , प्रखण्ड— लातेहार<br>4. लिंग— महिला , आयु—52 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें हाथ के तलहथी में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0—256/25 2. आवेदक—सीला देवी , पति—जुगेश्वर लोहरा<br>3. ग्राम—आरागुण्डी , पोस्ट—टेमकी (लातेहार) , थाना—लातेहार , प्रखण्ड— लातेहार<br>4. लिंग— महिला , आयु—46 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0—257/25 2. आवेदक—सनिया देवी , पति—मंगलदेव उरांव<br>3. ग्राम—आरागुण्डी , पोस्ट—टेमकी (लातेहार) , थाना—लातेहार , प्रखण्ड— लातेहार<br>4. लिंग— महिला , आयु—64 वर्ष, पहचान चिन्ह—चेहरा में लहसन। | कंडिका—2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0—258/25 2. आवेदक—मोहर यादव , पिता—महावीर यादव<br>3. ग्राम—होटबाग , पोस्ट—पोचरा, थाना—लातेहार, प्रखण्ड—लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—63 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | कंडिका—2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0—259/25 2. आवेदक—विजय कुमार दूबे , पिता—स्व0 वशिष्ठ नारायण दूबे<br>3. ग्राम—डुडंगीखुर्द , पोस्ट—लातेहार, थाना—लातेहार, प्रखण्ड—लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—46 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिने आंख के उपर लहसन। | कंडिका—2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0—260/25 2. आवेदक—अशोक प्रसाद , पिता—स्व0 अयोध्या प्रसाद<br>3. ग्राम—जालिमखुर्द , पोस्ट—लातेहार, थाना—लातेहार, प्रखण्ड—लातेहार<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—53 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें ठेहुना में कट का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0—261/25 2. आवेदक—बिरेन्द्र कुमार भारती , पिता—स्व0 देवनाथ भारती<br>3. ग्राम—बरवाटोली , पोस्ट—चंदवा, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—65 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना तरफ ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0—434/25 2. आवेदक—राजकेश्वर सिंह , पिता—स्व0 जगदेव सिंह<br>3. ग्राम—चुनगा, बांसडीह, पोस्ट—चांदो, थाना—रामगढ़, प्रखण्ड—रामगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—67 वर्ष, पहचान चिन्ह—आंख पर मासा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0—435/25 2. आवेदक—विनय ठाकुर , पिता—स्व0 बैजनाथ ठाकुर<br>3. ग्राम—चेचरिया, पोस्ट—मुरपा, थाना—पाण्डू , प्रखण्ड—पाण्डू<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—52 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | कंडिका—2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0—436/25 2. आवेदक—हाबिल सुरिन , पिता—सिलास सुरिन<br>3. ग्राम—आरागड़ा , पोस्ट—मायापुर , थाना—रामगढ़ , प्रखण्ड—रामगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—54 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें पैर के ढेहुना पर जख्म का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0—437/25 2. आवेदक—सुनील प्रसाद , पिता—द्वारिका प्रसाद साहू<br>3. ग्राम—चोरहा , पोस्ट—सरजू , थाना—सरजू , प्रखण्ड—रामगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—47 वर्ष, पहचान चिन्ह—सीना पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| | विवरण :—चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर एवं नन्दलाल प्रसाद मेहता द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 25. | 1. आवेदन क्र0—95/25 2. आवेदक—अर्जुन यादव, पिता—स्व0 राजदेव यादव<br>3. ग्राम—ढोटी , पोस्ट—कल्याणपुर, थाना—गढ़वा, प्रखण्ड—गढ़वा<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—54 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें गाल पर मासा। | कंडिका—2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0—96/25 2. आवेदक—नन्द किशोर राम , पिता—स्व0 रटल राम<br>3. ग्राम—जाटा , पोस्ट—कल्याणपुर, थाना—गढ़वा, प्रखण्ड—गढ़वा<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—67 वर्ष, पहचान चिन्ह—ढाड़ी पर मासा। | कंडिका—2(ix) |
| | विवरण :—चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सिकन्दर उरांव , पुष्कर महतो एवं रोजलिन तिर्की द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 27. | 1. आवेदन क्र0—438/25 2. आवेदक—मेनोन टोप्पो, पिता—स्व0 नैमन टोप्पो<br>3. ग्राम—तिगावल , पोस्ट—चैनपुर, थाना—चैनपुर, प्रखण्ड—चैनपुर<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—59 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायें गाल पर घाव का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0—262/25 2. आवेदक—बिनोद कुजूर , पिता—पंखरासियुस कुजूर<br>3. ग्राम—कुरो कला , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—42 वर्ष, पहचान चिन्ह—छाती के बायें में तिल का दाग। | कंडिका—2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0—439/25 2. आवेदक—बेर्नादेत टोप्पो, पति—मेनोन टोप्पो<br>3. ग्राम—तिगावल , पोस्ट—चैनपुर, थाना—चैनपुर, प्रखण्ड—चैनपुर<br>4. लिंग—महिला , आयु—55 वर्ष, पहचान चिन्ह—गले में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0—263/25 2. आवेदक—शान्ता सुमिता खलखो, पति—रंजीत खलखो<br>3. ग्राम—कुरो कला , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—42 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0—264/25 2. आवेदक—थोमस कुजूर , पिता—जोसेफ उरांव<br>3. ग्राम—कुरो कला , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—45 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिने आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| | विवरण :—चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालकिशुन उरांव, पुष्कर महतो एवं रोजलिन तिर्की द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 32. | 1. आवेदन क्र0—265/25 2. आवेदक—अन्तोनियां तिर्की, पति—रंजीत टोप्पो<br>3. ग्राम—अम्बाटोली , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—49 वर्ष, पहचान चिन्ह—गर्दन में मासा। | कंडिका—2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0—266/25 2. आवेदक—ज्याति ब्रिजित टोप्पो, पति—फुलजेन्स टोप्पो<br>3. ग्राम—अम्बाटोली , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—50 वर्ष, पहचान चिन्ह—नाक के पास तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0—267/25 2. आवेदक—अजित कुमार केरकेट्टा , पिता—मतियस केरकेट्टा<br>3. ग्राम—अम्बाटोली , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—54 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | कंडिका—2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0—268/25 2. आवेदक—फुलजेन्स मिंज , पिता—क्लेमेंट मिंज<br>3. ग्राम—अम्बाटोली , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—50 वर्ष, पहचान चिन्ह—नाक के उपर मासा। | कंडिका—2(ix) |
| | विवरणः— चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आरडीयन खाखा एवं अनिल मनोहर केरकेट्टा के द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान पर आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 36. | 1. आवेदन क्र0—269/25 2. आवेदक—जितेन्द्र उराँव , पिता—साघो उराँव<br>3. ग्राम—पुरनी अरमु , पोस्ट—गारू , थाना—गारू, प्रखण्ड—गारू<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—77 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें हाथ के अंगुली में कट का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0—270/25 2. आवेदक—इसहाक खलीफा , पिता—सहेब्जन खलीफा<br>3. ग्राम—धनगारटोला , पोस्ट—गारू , थाना—गारू, प्रखण्ड—गारू<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—64 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें कपाल पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0—271/25 2. आवेदक—रविन्द्र प्रसाद , पिता—स्व0 गणेश साह<br>3. ग्राम—गारू , पोस्ट—गारू , थाना—गारू, प्रखण्ड—गारू<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—53 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0—272/25 2. आवेदक—किशुन दयाल उराँव , पिता—कलया उराँव<br>3. ग्राम—लुहरटाँड , पोस्ट—गारू , थाना—गारू, प्रखण्ड—गारू<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—53 वर्ष, पहचान चिन्ह—कपाल पर छोटा जूमड़ का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0—273/25 2. आवेदक—योगेन्द्र ओरो , पिता—स्व0 बिन्देसवर ओरो<br>3. ग्राम—धनगारतोल्ला , पोस्ट—गारू , थाना—गारू, प्रखण्ड—गारू<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—50 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें हथेली पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0—274/25 2. आवेदक—असरीता कूजूर , पति—स्व0 ओलसन किंडो<br>3. ग्राम—सरनाडीह , पोस्ट—अक्सी , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—51 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें कान पास मासा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0—275/25 2. आवेदक—सिम्फोजा बेग, पति—स्व0 दीपक आईद<br>3. ग्राम—चोरमंडा , पोस्ट—आराहंस , थाना—नेतरहाट, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—61 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायें गाल पर मासा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0—276/25 2. आवेदक—मनजीत मिंज , पिता —स्व0 निकॉलश मिंज<br>3. ग्राम—अवरटोली , पोस्ट—बराही , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—48 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0—277/25 2. आवेदक—जितेन्द्र मिंज , पिता —स्व0 अलकसियुस मिंज<br>3. ग्राम—हूरमुंडा टोली , पोस्ट—आराहंस , थाना—नेतरहाट, प्रखण्ड—नेतरहाट<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—45 वर्ष, पहचान चिन्ह—नाक के पास कट का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0—278/25 2. आवेदक—संजय लकडा , पिता—बेनेदिक लकडा<br>3. ग्राम—हुसम्बु , पोस्ट—नेतरहाट, थाना—नेतरहाट, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—47 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायाँ पैर में कट का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0—279/25 2. आवेदक—रंजीता तिर्की , पति—सुशील लकडा<br>3. ग्राम—हुसम्बु , पोस्ट—नेतरहाट, थाना—नेतरहाट, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला, आयु—45 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायाँ हाथ में कट का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0—280/25 2. आवेदक—आना बड़ा , पति—स्व0 जुलियम मिंज<br>3. ग्राम—नवाटोली , पोस्ट—आराहंस , थाना—नेतरहाट, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—58 वर्ष, पहचान चिन्ह—कपाल पर गोदना का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0—281/25 2. आवेदक—अतुल मिंज , पिता—आलबर्ट मिंज<br>3. ग्राम—उस्म्बी , पोस्ट—चटकपुर , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—45 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायें गाल पर मासा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0—282/25 2. आवेदक—समूवेल तिग्गा , पिता—स्व0 बौधा तिग्गा<br>3. ग्राम—बेलटोली , पोस्ट—बेलटोली , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—73 वर्ष, पहचान चिन्ह—माथे पर घाव का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0—283/25 2. आवेदक—करलुस तिर्की , पिता—स्व0 सोमा पौलुस तिर्की<br>3. ग्राम—चैनपुर , पोस्ट—चटकपुर , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—75 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0—284/25 2. आवेदक—रोजिलिया एक्का , पति—गोलेमान तिर्की<br>3. ग्राम—चैनपुर , पोस्ट—चटकपुर , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—67 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायें आँख के पास काला तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0—285/25 2. आवेदक—मोनिका कुजुर , पति—स्व0 जुस्टीन टोप्पो<br>3. ग्राम—खजूरतला , पोस्ट—अक्सी , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—61 वर्ष, पहचान चिन्ह—माथे पर गोदना का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0—286/25 2. आवेदक—केल्मेसिया एक्का , पति—गौदेस केरकेट्टा<br>3. ग्राम—रेगाई , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—55 वर्ष, पहचान चिन्ह—ठोढी पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0—287/25 2. आवेदक—निलम टोप्पो , पति—संजय टोप्पो<br>3. ग्राम—खजूरतला , पोस्ट—अक्सी , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—49वर्ष, पहचान चिन्ह—बायाँ पैर में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0—288/25 2. आवेदक—जोहनी तोपनो , पति—रंजित तिग्गा<br>3. ग्राम—सिद्रा , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—44 वर्ष, पहचान चिन्ह—ओठ पर कट का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0—289/25 2. आवेदक—किस्टीना बाड़ा , पति—स्व0 बेलसेन मिंज<br>3. ग्राम—रेगाई शिवनगर , पोस्ट—महुआडांड , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—69 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0—290/25 2. आवेदक—अनिता लकड़ा , पति—ईसदोर मिंज<br>3. ग्राम—गोतागाँव, पोस्ट—चटकपुर , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—48 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0—291/25 2. आवेदक—सुखदेव उराँव , पिता—स्व0 रामवृक्ष उराँव<br>3. ग्राम—रूद , पोस्ट—कोटाम , थाना—गारू, प्रखण्ड—गारू<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—55 र्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना हाथ में कट का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0—292/25 2. आवेदक—ग्रेस तिग्गा , पति—पीटर तिर्की<br>3. ग्राम—परेवा , पोस्ट—चटकपुर , थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—51 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायाँ हथेली में काला तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0—293/25 2. आवेदक—हिल्दा मिंज , पति—जेरोम मिंज<br>3. ग्राम—धवाईटोली , पोस्ट—महुआडांड, थाना—महुआडांड, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—65वर्ष, पहचान चिन्ह—बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0—294/25 2. आवेदक—शान्ती क्लारा बेंग , पति—सिलास चोरांठ<br>3. ग्राम—माईल , पोस्ट—आराहंस , थाना—नेतरहाट, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—महिला , आयु—48 वर्ष, पहचान चिन्ह—नाक के पास तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0—295/25 2. आवेदक—रोमानुस लकडा , पिता—थोमस लकडा<br>3. ग्राम—हुसम्बू , पोस्ट—आराहंस, थाना—नेतरहाट, प्रखण्ड—महुआडांड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—51 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायाँ गाल पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |

नोट :—
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 358148 Home(25-26)#D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# रक्सौल से पश्चिम बंगाल के हल्दिया तक बनेगा सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रक्सौल (पूच)।** सीमावर्ती शहर रक्सौल से हल्दिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का डीपीआर तैयार करने के निर्देश से स्थानीय लोगों में हर्ष है। सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नितिन गडकरी को पत्र देकर आभार व्यक्त किया है। इसकी जानकारी विधायक प्रमोद सिन्हा ने दी। बताया कि अंतरराष्ट्रीय महत्व के शहर के चौमुखी विकास के लिए सांसद डॉ जायसवाल चिंतित रहते हैं। उनके प्रयास से रक्सौल को बड़ी सौगात मिली है। बिहार के रक्सौल से पश्चिम बंगाल के हल्दिया तक सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बनेगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसका डीपीआर तैयार करने का आदेश जारी कर दिया है। उक्त पथ समय सीमा के अंदर अंतरराष्ट्रीय



मानक के अनुसार बनकर तैयार हो जायेगा।

बता दें कि दो वर्ष पूर्व बक्सर में सभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा मंत्री नितिन गडकरी ने की थी। जिसमें बताया था कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बनने से नेपाल बॉर्डर पर स्थित पूर्वी-पश्चिमी चंपारण जिले के लोगों को लाभ मिलेगा।

बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. जायसवाल और विधायक सिन्हा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र की जनता को इस नये एक्सप्रेस-वे का लाभ मिलेगा। बीजेपी नेताओं ने दावा किया कि सभी रोड बनने के बाद बिहार का हाईवे नेटवर्क अमेरिका के जैसा हो जायेगा।

### 40000 करोड़ रुपये होंगे खर्च

देश में केंद्र सरकार 10 नये ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बनाने जा रही है। इसमें रक्सौल से हल्दिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे भी शामिल है। इसकी लंबाई करीब 692 किलोमीटर होगी। इसके निर्माण में 40 हजार करोड़ रुपये की लागत आयेगी।

### एक्सप्रेस-वे के प्रोजेक्ट

इसके अलावा गोरखपुर से सिलीगुड़ी, वाराणसी से कोलकाता, पटना-आरा-सासाराम, पटना से बेतिया, बकरपुर से डुमरिया, पटना रिंग रोड, मुंगेर से मिर्जा चौकी, आमस से दरभंगा और पटना-आरा-बक्सर के बीच भी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं।

# लखनऊ में रोबोट से हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी



**केजीएमयू में 2 मरीजों का जटिल ऑपरेशन**

**आयुष्मान योजना से निःशुल्क इलाज हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ में अब रोबोट से हिप जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी का आगाज हो गया है। प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा विश्वविद्यालय, केजीएमयू में बैक टू बैक 2 सफल सर्जरी करने में डॉक्टर कामयाब रहे हैं। प्रो आशीष कुमार ने बताया कि वर्ल्ड की बेस्ट रोबोट से इस सर्जरी को परफॉर्म किया गया। सर्जरी के बाद दोनों मरीज स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। रोबोटिक तकनीक से किये गये इस प्रत्यारोपण के बाद वह तीसरे दिन से चलने में सक्षम हो जाएंगे।

**सरकारी संस्थानों में भी शुरू होगी ऑर्थोपेडिक सर्जरी :** कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि अब सरकारी संस्थानों में भी उन्नत और कम दर्द वाली सर्जरी की दिशा में अहम कदम है। इस पहल से सरकारी अस्पतालों में भी हाई-एंड रोबोटिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी की राह खुली है। हड्डी रोग विभाग के अध्यक्ष प्रो आशीष कुमार, प्रो नरेंद्र कुशवाहा, प्रो कुमार शांतनु, डॉ संजीव, डॉ देवर्षि, डॉ मधुसूदन, डॉ बृजमोहन, प्रो दिनेश कौशल और डॉ नीलकमल शामिल थे।

# ओड़िशा में सगे भाइयों ने नाबालिग से गैंगरेप किया



**पीड़िता को जिंदा दफनाने की कोशिश की**

**5 महीने की प्रेग्नेंट थी**

**आरोपियों की उम्र 60 से 55 वर्ष के बीच है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के जगतसिंहपुर जिले में दो सगे भाइयों ने एक 15 साल की नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप किया। नाबालिग जब 5 महीने की प्रेग्नेंट हो गयी, तो आरोपियों ने उसे जिंदा दफनाने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों की पहचान भाग्यधर दास और पंचानन दास के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 60 और 55 साल है। वे पिछले एक साल से नाबालिग के साथ रेप कर रहे थे। मामले में तुलु नाम का तीसरा संदिग्ध भी है, जो अभी लापता है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा : मुख्य न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में अपने पैतृक गांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने बड़ी बात कह दी। सीजेआइ बीआर गवई ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैंने निर्णय लिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद मैं कोई भी सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा। सेवानिवृत्ति के बाद मुझे और समय मिलेगा। इसलिए मैं दारापुर, अमरावती और नागपुर में अधिक समय बिताने का प्रयास करूंगा। सीजेआइ गवई इस साल नवंबर में सेवानिवृत्त होंगे।

उन्होंने अपने पिता, केरल और बिहार के पूर्व राज्यपाल आरएस गवई की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और कुछ पारिवारिक सदस्यों के साथ उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। सीजेआइ गवई ने दारापुर जाने वाले रास्ते में आरएस गवई के नाम पर बनने वाले एक भव्य द्वार की आधारशिला भी रखी। उन्होंने अमरावती जिले के दरियापुर कस्बे में एक न्यायालय भवन का उद्घाटन करेंगे। अब शनिवार को वह अमरावती जिला एवं सत्र न्यायालय में स्वर्गीय टीआर गिल्डा स्मारक ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे।

# एलओसी के पास लैंडमाइन ब्लास्ट अग्निवीर शहीद

**जम्मू (आजाद सिपाही)।** हादसे में सेना के अग्निवीर ललित कुमार शहीद हो गये, जबकि दो अन्य जवान घायल हो गए। यह घटना कृष्णा घाटी इलाके में एरिया डॉमिनेशन पेट्रोलिंग के दौरान हुई। सेना ने बताया कि घायलों में एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर भी शामिल हैं। दोनों को मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है।

सेना की व्हाइट नाइट कोर ने शहीद को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा : 7 जाट रेजिमेंट के अग्निवीर लालित कुमार को सलाम, जिन्होंने देश की सेवा करते हुए कृष्णा घाटी इलाके में जान की कुर्बानी दी। हम उनके परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में खड़े हैं।

**क्रॉस फायरिंग में युवक की मौत :** जम्मू के निक्की टवी इलाके के 21 साल के युवक मोहम्मद परवेज की शुक्रवार को गोली लगने से मौत हो गयी। यह घटना उस वक्त हुई जब पुलिस की एक टीम कथित ड्रग तस्करों का पीछा कर रही थी और इसी दौरान फायरिंग शुरू हो गयी।







































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**